

कांग्रेस ने घुसपैठियों को सौंप दिया था काजीरंगा राजग ने बचाया : अमित शाह - 12




पेट्रोरसायन उत्पादों पर आयात शुल्क में छूट, 1800 करोड़ का पड़ेगा बोझ - 12



यशोदा और कृष्ण... राजा रवि वर्मा की पेंटिंग 167.20 करोड़ रुपये में बिकी - 13




पंजाब किंग्स के खिलाफ लय हासिल करना चाहेगी सीएसके - 14

आज का मौसम
35.0° अधिकतम तापमान
22.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.00
सूर्यास्त 06.31


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ · बरेली · कानपुर · मुरादाबाद · अयोध्या · हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष प्रतिपदा 08:42 उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2083

शुक्रवार, 3 अप्रैल 2026, वर्ष 7, अंक 128, पृष्ठ 14 · मूल्य 6 रुपये


# बंगाल में न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाना राज्य की विफलता : सुप्रीम कोर्ट

## निष्क्रियता के लिए बंगाल सरकार को फटकारा, एनआईए करेगी मामले की जांच

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मालदा में सात न्यायिक अधिकारियों का घेराव कर उन्हें बंधक बनाने की गुरुवार को निंदा करते हुए निष्क्रियता को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार को कड़ी फटकार लगाई। साथ ही एनआईए से मामले की स्वतंत्र जांच कराने के आदेश दिए। कोर्ट ने तीखी आलोचना करते हुए कहा कि यह घटना राज्य प्रशासन की पूर्ण विफलता को भी उजागर करती है। उसने टिप्पणी की कि बंगाल सबसे अधिक ध्रुवीकरण वाला राज्य है।

कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया कि वह राज्य में पर्याप्त केंद्रीय बलों की मांग करे और उन्हें उन सभी स्थानों पर तैनात करे जहां मतदाता सूचियों की एसआईआर प्रक्रिया के तहत न्यायिक अधिकारी आपत्तियों का निपटारा कर रहे हैं। उन्होंने यह भी निर्देश दिया जाता है कि वह घटना की जांच/पड़ताल किसी स्वतंत्र एजेंसी यानी सीबीआई या एनआईए को सौंपे। अनुपालन रिपोर्ट दाखिल की जाए। जिस एजेंसी को जांच सौंपी जाएगी, वह सीधे इस न्यायालय में प्रारंभिक रिपोर्ट दाखिल करने के लिए बाध्य होगी। सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची एवं



- गृह सचिव, डीजीपी और अन्य अधिकारियों से मांगा जवाब
- शीर्ष अधिकारियों को 6 अप्रैल तक ऑनलाइन पेश होने के निर्देश
- सीजेआई ने कहा- बुधवार रात 2 बजे तक उन्होंने खुद स्थिति पर नजर रखी
- मालदा के डीएम-एसपी मौके पर क्यों नहीं गए, ये अदालत को चुनौती जैसा

न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने राज्य के मुख्य सचिव डीजीपी तथा मालदा के जिलाधिकारी और एसएसपी को कारण बताओ नोटिस जारी कर यह बताने को कहा कि कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से प्राप्त पत्र की सामग्री के आलोक में उनके खिलाफ उपयुक्त कार्रवाई क्यों न की जाए।

सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के उस पत्र का भी संज्ञान लिया जिसमें उस भयावह रात का ब्योरा दिया गया है जब तीन महिलाओं और पांच साल के एक बच्चे समेत न्यायिक अधिकारियों को नौ घंटे से अधिक समय तक लोगों की भीड़ ने बंधक बनाकर रखा तथा इस दौरान उन्हें भोजन एवं पानी तक नहीं मिला।

बंगाल के महाधिवक्ता ने दलील दी कि मामले में निर्वाचन आयोग को विरोधी पक्ष की तरह काम नहीं करना चाहिए। सीजेआई ने कहा, दुर्भाग्य से आपके राज्य में हर व्यक्ति राजनीतिक भाषा बोलता है। आप हमें टिप्पणियां करने के लिए मजबूर कर रहे हैं। क्या आपको लगता है कि हमें यह नहीं पता कि उपद्रवी कौन हैं? मैं रात दो बजे तक हर चीज पर नजर रख रहा था। बहुत, बहुत दुर्भाग्यपूर्ण।

सीजेआई ने सभी शीर्ष अधिकारियों को उस समय छह अप्रैल को ऑनलाइन पेश होने का निर्देश दिया जब पीठ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की ओर से दायर याचिका समेत विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई करेगी।

### सीजेआई ने कई चौकाने वाले खुलासे किए

मामले की सुनवाई के दौरान प्रधान न्यायाधीश ने चौंकाने वाले घटनाक्रम का जिक्र करते हुए कहा कि अपराह्न साढ़े तीन बजे घेराव शुरू हुआ और उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल ने तत्काल राज्य प्राधिकारियों को इसकी जानकारी दे दी। उन्होंने कहा कि इसके बाद बार-बार गुहार लगाए जाने के बावजूद रात साढ़े आठ बजे तक राज्य के अधिकारियों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। आदेश में कहा गया, बाद में रजिस्ट्रार जनरल ने गृह सचिव और डीजीपी से संपर्क किया, शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया गया लेकिन अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की। न्यायिक अधिकारियों को भोजन और पानी तक उपलब्ध नहीं कराया गया। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को खुद हस्तक्षेप करना पड़ा और उन्होंने गृह सचिव एवं डीजीपी के साथ ग्रुप कॉल के जरिए बात की। गृह सचिव और डीजीपी मुख्य न्यायाधीश के आवास पर पहुंचे और बंधक बनाए गए न्यायिक अधिकारियों को आधी रात के बाद छुड़ाया गया।

### कोर्ट के प्राधिकार को भी चुनौती देने वाला कदम

कोर्ट ने कहा- बुधवार की घटना न केवल न्यायिक अधिकारियों को डराने-धमकाने की सरेआम की गई कोशिश है, बल्कि यह इस न्यायालय के प्राधिकार को भी चुनौती देने के बराबर है। यह कोई सामान्य घटना नहीं है। प्रथम दृष्टया यह न्यायिक अधिकारियों का मनोबल तोड़ने के लिए सुनियोजित तरीके से उठाया गया सोचा-समझा कदम है। पीठ ने यह सुनिश्चित करने के लिए भी कई निर्देश जारी किए कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान न्यायिक अधिकारियों के काम में कोई बाधा न आए और उन्हें यह भरोसा दिलाया जा सके कि उनके जीवन, स्वतंत्रता, संपत्ति और परिवार के सदस्यों की सुरक्षा की जाएगी।

### वाहनों पर पथराव व लाठियों-ईंटों से हुआ हमला

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि न्यायिक अधिकारियों को बचाए जाने के बाद भी उनके वाहनों पर पथराव किया गया और उन पर लाठियों तथा ईंटों से हमला किया गया। यह देखकर हमें बेहद निराशा हुई कि मुख्य सचिव से संपर्क नहीं हो सका उन्हें कोई संदेश नहीं पहुंचाया जा सका। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, रात 11 बजे तक आपका जिलाधिकारी वहां नहीं था। मुझे रात में बहुत कड़े मौखिक निर्देश देने पड़े। कुछ वकीलों ने जब इस घटना को सामान्य विरोध प्रदर्शन करार देने की कोशिश की तो प्रधान न्यायाधीश ने कड़ी नाराजगी जताई।

# जल्द काम खत्म करेगी अमेरिकी सेना : ट्रंप
# जमीनी हमला हुआ तो जिंदा नहीं छोड़ेंगे : ईरान

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सेना ईरान में जल्द ही काम खत्म कर देगी क्योंकि मुख्य रणनीतिक उद्देश्य पूरे होने वाले हैं। ट्रंप ने इजराइल के साथ मिलकर ईरान पर हमले करने के करीब एक महीने बाद राष्ट्र के नाम अपने पहले संबोधन में अपने इस कदम का बचाव किया। अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर 28 फरवरी, 2026 को पहली बार हमला किया था जिसके बाद ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई की और पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू हो गया।

वहीं, ईरान ने संभावित जमीनी अभियान को लेकर कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि अमेरिकी सेना ने जमीनी हमला करने की कोशिश की तो कोई भी जीवित नहीं बचेगा। ईरान की सेना ने अमेरिकी जमीनी हमले की आशंका के मद्देनजर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। ट्रंप ने ईरान के खिलाफ हमलों के संदर्भ में कहा, अगले दो से तीन सप्ताह में हम उन पर बेहद कड़ा प्रहार करेंगे। हम उन्हें पाषाण युग में भेज देंगे, जहां उन्हें वास्तव में होना चाहिए। ट्रंप ने लगभग 20 मिनट के इस संबोधन में हाल के हफ्तों में कही गई अपनी कई बातों को दोहराया। ईरान पर अमेरिका के कड़े हमले जारी रखने संबंधी ट्रंप की टिप्पणियों के बाद तेल की कीमतों में चार प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई और एशियाई शेयर बाजार गिर गए। ट्रंप ने कहा, प्रथम विश्व युद्ध एक साल, सात महीने और पांच दिन चला था। द्वितीय विश्व युद्ध तीन साल, आठ महीने और 25 दिन तक जारी रहा था। उन्होंने कहा कि तुलनात्मक रूप से ईरान में कार्रवाई 32 दिन तक चली है, और यह इतनी शक्तिशाली, इतनी शानदार रही है कि सबसे शक्तिशाली देशों में शामिल देश अब वास्तव में कोई खतरा नहीं है। ट्रंप ने कहा, पिछले सप्ताह सशस्त्र सैन्य बलों ने युद्धक्षेत्र में कई तेज, निर्णायक और जबरदस्त जीत हासिल की हैं। बी-2 बमवर्षक विमानों से जिन परमाणु ठिकानों को हमने ध्वस्त किया है।



- युद्ध के बीच अपने पहले संबोधन में बोले- मुख्य रणनीतिक लक्ष्य पूरे होने के करीब
- कहा- समझौता नहीं हुआ तो दो से तीन सप्ताह में बेहद कड़ा प्रहार करेंगे, पाषाण युग में भेज देंगे

### ईरान बोला- इजराइल अमेरिका पर हमारी नजर

**तेहरान।** ईरान के सशस्त्र बलों के प्रमुख आमिर हतामी ने सैन्य मुख्यालयों को अमेरिका और इजराइल की गतिविधियों पर पल-पल नजर रखने के निर्देश दिए हैं। हतामी ने कहा कि यदि दुश्मन जमीनी कार्रवाई करता है तो एक भी व्यक्ति को जीवित नहीं बचेगा। यह बयान उस समय आया है जब अमेरिका के राष्ट्रपति ने ईरान के खिलाफ तीन सप्ताह तक चलने वाले तीव्र सैन्य अभियान की घोषणा की है। वहीं विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका से संदेश मिलने के बावजूद बातचीत को लेकर भरोसा शून्य बना हुआ है।

### ईरान ने इजराइल व खाड़ी देशों पर किए मिसाइल हमले



**दुबई।** ईरान ने गुरवार को इजराइल और खाड़ी के अरब देशों पर और मिसाइलें दागकर यह संकेत दिया कि वह फिलहाल हमले नहीं रोकेगा जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया था कि ईरान से खतरा लगभग खत्म हो चुका है और युद्ध जल्द खत्म हो जाएगा। पड़ोसी देशों पर ईरान के हमलों और होर्मुज पर उसके नियंत्रण से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति बाधित हुई है, जिसका असर पश्चिम एशिया के साथ-साथ दुनियाभर में देखा जा रहा है।

## ब्रीफ न्यूज

### रुपया 152 पैसे की तेजी के साथ 93.18 रुपये प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में गुरुवार को रुपया 152 पैसे की जबरदस्त तेजी के साथ 93.18 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। मुद्रा बाजार में दो दिन के अवकाश के बाद गुरुवार को कारोबार शुरू हुआ। इसकी शुरुआत की सात पैसे की बढ़त में 94.63 रुपये प्रति डॉलर पर हुई, और खुलते ही यह 93.50 रुपये प्रति डॉलर के करीब पहुंच गया। एक समय यह 92.82 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुआ था। अंत में 93.18 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी दिवस पर रुपया 94.70 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

### केदारनाथ के लिए 10 से हेली सेवा ऑनलाइन बुकिंग

**देहरादून।** केदारनाथ धाम के दर्शनों के लिए आगामी 10 अप्रैल से हेली सेवा की ऑनलाइन बुकिंग आरंभ की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि, इस साल यात्रा सीजन में सरकार ने 8 हेली कंपनियों को इसके संचालन की अनुमति दी है। इच्छुक यात्री सिर्फ आधिकारिक पोर्टल heliyatra.irctc.co.in पर ही अपना टिकट बुक करें। बता दें कि चारधाम यात्रा 19 अप्रैल से शुरू हो रही है। गंगोत्री-यमुनोत्री के कपाट 19 अप्रैल, केदारनाथ के 22 अप्रैल और बद्रीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को खुलेंगे।

# लोकसेवकों को नागरिक प्रथम मंत्र अपनाने की जरूरत : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को नागरिकों के जीवन को सुगम बनाने के लिए तेजी से बदलते समय के साथ शासन व्यवस्था को लगातार अद्यतन करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज देश के प्रशासन का मूल मंत्र 'नागरिक देवो भवः' है और सार्वजनिक सेवा को नागरिकों की जरूरतों के प्रति अधिक सक्षम और संवेदनशील बनाने के लिए पुनर्गठित किया जा रहा है। मोदी ने 'साधना सप्ताह' कार्यक्रम की शुरुआत पर एक वीडियो संदेश में कहा, शासन को अब सही मायने में नागरिक-केंद्रित बनाकर एक नई पहचान दी जा रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नागरिकों के जीवन की सुगमता और गुणवत्ता में सुधार के लिए शासन व्यवस्था ही मानदंड होनी चाहिए और उन्होंने लोक सेवकों से प्रतिदिन कुछ नया सीखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, हमारी शासन व्यवस्था यह सुनिश्चित करे कि नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में दिन-प्रतिदिन सुधार हो। यही हमारा सच्चा मानदंड है। प्रशासनिक संस्कृति में बुनियादी बदलाव की आवश्यकता पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पुरानी व्यवस्था में अधिकारी होने पर अत्यधिक जोर दिया जाता था, जबकि आज देश का ध्यान पूरी तरह कर्तव्य भावना पर केंद्रित है।

उन्होंने लोकसेवकों को संबोधित करते हुए कहा, हर निर्णय से पहले यदि आप यह सोचें कि आपका कर्तव्य क्या मांगता है, तो आपके निर्णयों का प्रभाव खुद कई गुना बढ़ जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि तेजी से बदलती वैश्विक व्यवस्थाओं के बीच भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है और उसे अपनी शासन प्रणाली को लगातार अद्यतन करते रहना होगा।



- कहा-तेजी से बदलते समय के साथ शासन व्यवस्था को लगातार विचार करने की जरूरत
- 'साधना सप्ताह' कार्यक्रम की शुरुआत पर एक वीडियो संदेश में दी जानकारी

### बेहतर प्रशासक और लोकसेवक वही होगा जो तकनीक और डेटा की गहरी समझ रखता हो

मोदी ने कहा, एक बेहतर प्रशासक और बेहतर लोकसेवक वही होगा, जो तकनीक और डेटा की गहरी समझ रखता हो, यही निर्णय लेने की प्रक्रिया का आधार बनेगा। साधना (राष्ट्रीय उन्नति के लिए अनुकूल विकास और मानवीय योग्यता को मजबूत करना) सप्ताह का आयोजन क्षमता विकास आयोग (सीबीसी) द्वारा दो से आठ अप्रैल तक किया जा रहा है। यह सप्ताह भारत के सिविल सेवा तंत्र में सबसे बड़े सहयोगी क्षमता निर्माण प्रयासों में से एक है। आयोग की स्थापना की पृष्ठभूमि पर विचार करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद से कई संस्थान अलग-अलग क्षेत्रों में काम कर रहे थे, लेकिन प्रत्येक सरकारी कर्मचारी की क्षमता बढ़ाने के लिए एक समर्पित संस्था की स्पष्ट आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इसी सोच ने क्षमता विकास आयोग को जन्म दिया, जो व्यवस्था में प्रत्येक 'कर्मयोगी' को सशक्त बनाने पर केंद्रित है।

# होर्मुज संकट पर भारत बोला- हम अकेले जिसने नाविक खोए

- 35 देशों की बैठक में विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने स्पष्ट किया रुख

नई दिल्ली/ लंदन, एजेंसी

होर्मुज संकट को लेकर ब्रिटेन में गुरुवार को हुए 35 देशों के शिखर सम्मेलन में भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने भाग लिया। सम्मेलन में मिसरी ने कहा कि भारत इकलौता ऐसा देश है जिसने होर्मुज में अपने नाविक खोए हैं। उन्होंने डिजिटल माध्यम से चर्चा में भाग लेते हुए क्षेत्र में समुद्री मार्गों की सुरक्षा पर नई दिल्ली का रुख स्पष्ट किया।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि जहां तक भारत का सवाल है, आप भली-भांति जानते हैं कि हम स्वतंत्र और खुले वाणिज्यिक परिवहन एवं अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुरूप समुद्री सुरक्षा के पक्षधर हैं। हम होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित और निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करने की अपनी प्राथमिकता पर कायम हैं। जायसवाल ने कहा कि ब्रिटेन ने होर्मुज पर वार्ता के लिए भारत सहित कई देशों को आमंत्रित किया था और मिसरी ने इसमें भाग लिया था। उन्होंने कहा, हम ईरान व अन्य देशों के संपर्क में हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि एलपीजी और एलएनजी सहित उत्पादों को ले जाने वाले हमारे जहाजों के लिए निर्बाध व सुरक्षित पारगमन कैसे सुनिश्चित किया जा सकता है। जायसवाल ने कहा, पिछले कुछ दिनों में हुई बातचीत के बाद भारतीय ध्वज वाले छह जहाज होर्मुज को सुरक्षित रूप से पार करने में सक्षम हुए हैं। हम इस मामले पर संबंधित पक्षों के साथ लगातार संपर्क में हैं।



जानकारी देते विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर।

### होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने का सैन्य विकल्प अवास्तविक : मैक्रों

**सियोल।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि उनका मानना है कि सैन्य अभियान के जरिए होर्मुज को फिर से खोलना अवास्तविक है। मैक्रों ने दक्षिण कोरिया में पत्रकारों से कहा, कुछ लोग सैन्य अभियान के जरिए बलपूर्वक होर्मुज को फिर से खोलने की वकालत करते हैं। अमेरिका ने कई बार यह रुख जाहिर किया है। सैन्य अभियान में बहुत समय लगेगा और हर एक को ईरानी खतरों का सामना करना पड़ेगा, जिनके पास बैलिस्टिक मिसाइलें और कई अन्य हथियार मौजूद हैं। बता दें कि ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, कनाडा, जापान और यूएई समेत कुल 35 देशों ने एक साझा बयान पर हस्ताक्षर किए हैं

### एक्सप्रेस-वे की टोल दरों में बढ़ोतरी

**लखनऊ।** उप्र में 1 अप्रैल से एक्सप्रेस-वे पर सफर महंगा हो गया है। प्राधिकरण ने टोल दरों में बढ़ोतरी की जानकारी दी है। नई दरों के अनुसार आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे पर दोपहिया, तीनपहिया और पंजीकृत ट्रैक्टर के टोल में 5 रुपये की वृद्धि की गई है। वहीं कार और जीप के लिए 10 रुपये अतिरिक्त देने होंगे। सबसे ज्यादा बढ़ोतरी भारी वाहनों पर हुई है। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर सात चक्के वाले बड़े वाहनों के टोल में 85 रुपये तक की वृद्धि की गई है। पूर्वांचल और बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर बस-ट्रक के टोल में 15 रुपये और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे पर पांच रुपये की बढ़ोतरी की गई है।

## कोयला घोटाला : आई-पैक के अधिकारियों व विजय नायर के परिसरों पर ईडी की छापेमारी

- आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व संचार प्रभारी हैं विजय नायर

**नई दिल्ली।** ईडी ने बंगाल में कोयला घोटाला मामले में राजनीतिक परामर्श फर्म आई-पैक के एक अधिकारी, आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व संचार प्रभारी विजय नायर और कुछ अन्य लोगों से जुड़े परिसरों पर गुरुवार को नए सिरे से छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि ये छापेमारी पीएमएलए के तहत बेंगलुरु, हैदराबाद, मुंबई और दिल्ली में विभिन्न स्थानों पर की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि बेंगलुरु में आई-पैक के सह-संस्थापक और निदेशक ऋषि राज सिंह का परिसर और मुंबई में नायर का परिसर भी इसके दायरे में आते हैं। संघीय जांच एजेंसी ने जनवरी में इस मामले में आई-पैक कार्यालय और इसके संस्थापक एवं निदेशकों में से एक प्रतीक जैन के कोलकाता स्थित आवास पर छापेमारी की थी।

# सिंगाही के तीन मजदूरों की मेरठ में हादसे में मौत

संवाददाता, सिंगाही/लखीमपुर खीरी

- ट्रैक्टर की टक्कर से मरने वालों में दो नाबालिग
- मेरठ में गन्ना छीलने की मजदूरी करते थे तीनों

**अमृत विचार :** थाना सिंगाही के गांव टांडा बथुआ के लिए बुधवार की रात काली साबित हुई। मेरठ में रहकर मजदूरी कर रहे गांव के तीन लोगों की बाइक पर सवार होकर कमरे पर आते समय ट्रैक्टर की टक्कर से मौत हो गई। मृतकों में दो नाबालिग भी शामिल हैं।

गांव निवासी अरशद (32) पुत्र जहीर, अलीमुद्दीन (13) पुत्र मुर्शद और बृजमोहन (16) पुत्र धरमू मेरठ के असमाबाद क्षेत्र में गन्ना छिलाई का काम करने गए थे। परिजनों के अनुसार बुधवार की रात तीनों एक ही बाइक से कमरे पर लौट रहे थे। इस दौरान किठौर थाना क्षेत्र में बाग वाला और नदल्लीपुर के बीच सामने से आ रहे ट्रैक्टर से उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि अरशद और मुर्शद की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर घायल अलीमुद्दीन ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। परिजन शव लेने मेरठ रवाना हो गए हैं।

## छुट्टा सांड ने ली किसान की जान

**बिलसंडा (पीलीभीत)।** छुट्टा पशुओं ने एक और जान ले ली। खेत की रखवाली करने गए किसान पर हमला कर दिया। घायल को पीलीभीत के बाद बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसने दम तोड़ दिया। बिलसंडा थाना क्षेत्र के गांव भीकमपुर के निवासी जैतराम (35 वर्ष) पुत्र माखनलाल 28 मार्च को रात में खेत की रखवाली कर रहे थे। इस दौरान छुट्टा सांड ने हमला कर घायल कर दिया। उन्हें आनन-फानन में जिला अस्पताल भेजा गया। जहां से बरेली के निजी अस्पताल भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान इनकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पत्नी समेत अन्य परिजन का रोकर बुरा हाल था।

समीक्षा बैठक | योगी ने कहा, चयन में मेरिट व आरक्षण नियमावली का कड़ाई से होगा अनुपालन

# यूपी पुलिस में इस वर्ष 81 हजार पदों पर होगी भर्ती : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इस वर्ष में यूपी पुलिस में 81 हजार से अधिक पदों पर भर्ती की तैयारी है। यह बड़ी भर्ती अभियान युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के साथ-साथ प्रदेश को एक सक्षम, ऊर्जावान और आधुनिक पुलिस बल उपलब्ध कराएगा।

मुख्यमंत्री ने गुरुवार देर रात पुलिस विभाग के विभिन्न इकाइयों की जारी गतिविधियों व भावी कार्ययोजना की समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए आधुनिक तकनीक, पारदर्शी कार्यप्रणाली और सक्षम मानव संसाधन पर समान रूप से ध्यान देना होगा। बैठक में बताया गया कि उपनिरीक्षक, आरक्षी सिविल पुलिस, रेडियो सहायक परिचालक, कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए तथा पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय) सहित विभिन्न श्रेणियों में 81 हजार से अधिक पदों पर भर्ती प्रस्तावित है। इनमें से कुछ की प्रक्रिया प्रारंभ भी हो गई है। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड को निर्देश दिए कि सभी सीधी भर्तियां पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं निर्धारित आरक्षण प्रावधानों के अनुरूप समयबद्ध ढंग से संपन्न कराई जाएं। पीआरवी-112 सेवा की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने पीआरवी (पुलिस रिस्पांस व्हीकल) की रणनीतिक लोकेशन तय करने तथा इनके सतत मूवमेंट को सुनिश्चित करने को कहा। ''एक तहसील-एक फायर टेंडर'' के लक्ष्य को प्राथमिकता के साथ समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही, गर्मी के मौसम में आग की संभावित घटनाओं की रोकथाम के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित करने और आवश्यक निवारक उपाय सुनिश्चित करने पर बल दिया। सीएम योगी ने निर्देश दिए कि साइबर अपराधों के विरुद्ध कार्रवाई को और अधिक तकनीक आधारित, त्वरित और प्रभावी बनाया जाए।



### भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाए

मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध ज़ीरो टॉलरेंस की नीति के साथ ट्रैप एवं सर्च की कार्यवाहियों को और तेज करने के निर्देश दिए, साथ ही विभिन्न सेक्टर कार्यालयों के निर्माण कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने की कार्ययोजना को प्रभावी ढंग से लागू करने पर बल दिया। सतर्कता अधिष्ठान की समीक्षा में एक अप्रैल 2026 तक 414 लंबित जांचों का उल्लेख किया गया, जिनमें से वर्ष 2025 तक की 340 जांचों के शत-प्रतिशत निस्तारण का लक्ष्य वर्ष 2026-27 के लिए निर्धारित किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम सात को

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से स्वास्थ्य के लिए एकजुट : विज्ञान के साथ खड़े रहें विषय पर आधारित विशेष कार्यक्रम 7 अप्रैल को 03 :30 बजे से जलसा हॉल, होटल ग्रैंड आर्क में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए आईएमए के अध्यक्ष डॉ राकेश मेहरोत्रा ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य जागरुकता बढ़ाना व वैज्ञानिक एवं प्रमाण-आधारित स्वास्थ्य सेवाओं के महत्व को प्रोत्साहित करना है।

### सिलेंडर को लेकर विवाद, कहे अपशब्द

**सिधौली, अमृत विचार :** कस्बा निवासी सफाई कर्मी गुरुवार को इण्डेन गैस एजेंसी पर सिलेंडर लेने पहुंचे, जहां कर्मचारियों ने पिछले सप्ताह की बुकिंग बता दी। इस पर उपभोक्ता ने एजेंसी संचालक से फोन पर शिकायत की और सिलेंडर ब्लैक किए जाने का आरोप लगाया। शिकायत सुनते ही संचालक भड़क गया और जनप्रतिनिधियों के लिए अपशब्द कहे। उपभोक्ता जगपाल ने बातचीत की रिकॉर्डिंग कर ली और कोतवाली में तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र सिंह एजेंसी पहुंचे और संचालक की गैरमौजूदगी में कर्मचारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। बाद में दोनों पक्षों में समझौता होने पर मामला शांत हो गया। पुलिस ने बताया कि तहरीर के आधार पर पूछताछ की गई थी।

### पशु क्रूरता में चालक समेत दो पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** तिलहर थाना के उप निरीक्षक जागेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि बुधवार की शाम हिन्दू युवा वाहिनी के पदाधिकारियों से सूचना मिली कि ट्रक में गोवंशीय व भैंस को क्रूरता पूर्वक भर रखा है। उन्होंने ट्रक रोका तो ट्रक के अंदर 16 भैंस ठूंस ठूंसकर भर रखा था। ट्रक में चालक के अलावा व्यापारी भी था। व्यापारी ने बताया कि भैंसों को मोहम्मदी से खरीदकर बूचड़खाना बरेली लेकर जा रहे थे। चालक ने ट्रक के कागज नही दिखाए। पुलिस व्यापारी तौहीद निवासी सिसौरा थाना उचौलिया जिला खीरी और चालक शिव कुमार फरेंदा थाना मोहम्मदी जिला लखीमपुर के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## माउथ टू माउथ से फैल रहा इलाज का नेटवर्क, गंभीर बीमारियों की जानकारी के बिना भी कर रहे इलाज

# नेम प्लेट-न डिग्री...धड़ल्ले से चल रहे झोलाछाप के क्लीनिक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** जिले में बिना नेम प्लेट और डिग्री की जानकारी के झोलाछाप की दुकानें तेजी से संचालित हो रही हैं, जहां बिना किसी प्रमाणित योग्यता के मरीजों का इलाज किया जा रहा है। इन क्लीनिकों पर साइन बोर्ड लगा है और न ही कहीं चिकित्सकीय डिग्री का उल्लेख किया गया है, इसके बावजूद ये लोग खुद को डॉक्टर बताकर इलाज कर रहे हैं। माउथ टू माउथ पब्लिसिटी के सहारे इनका दायरा लगातार बढ़ रहा है और गांव से लेकर कस्बों तक लोग इन झोलाछापों के पास इलाज के लिए पहुंच रहे हैं, जिससे स्वास्थ्य सुरक्षा पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है।

जिले के कई इलाकों में झोलाछापों ने अपनी छोटी-छोटी दुकानों को ही क्लीनिक का रूप दे रखा है, जहां बिना किसी मानक के इलाज किया जा रहा है। ये लोग सामान्य बीमारियों के उपचार का दावा करते हैं और इसी भरोसे पर मरीजों को आकर्षित करते हैं। आसपास के लोगों के बीच प्रचार के जरिए इनका काम चलता है, जिससे बिना किसी जांच-पड़ताल के मरीज इनके पास पहुंच जाते हैं और इलाज कराते हैं। हालांकि गंभीर बीमारियों के विषय में इन्हें पर्याप्त जानकारी नहीं होती, फिर भी मरीजों का इलाज जारी रहता है। ऐसे मामलों में गलत उपचार से मरीजों की स्थिति बिगड़ने का खतरा बना रहता है। बिना डिग्री और अनुभव के इलाज करना स्वास्थ्य के लिए जोखिमपूर्ण है, लेकिन इसके बावजूद इस तरह की गतिविधियां खुलेआम जारी हैं। इन क्लीनिकों में न तो किसी तरह की आधिकारिक जानकारी प्रदर्शित की गई है और न ही मरीजों को यह बताया जाता है कि इलाज करने वाला व्यक्ति प्रशिक्षित है या नहीं। ऐसे में आमजन अनजाने में जोखिम उठा रहे हैं और झोलाछापों का यह नेटवर्क लगातार मजबूत होता जा रहा है।

### स्वास्थ्य सेवाओं तक सीमित पहुंच

जिले में कई स्थानों पर तो झोलाछापों ने घर को ही क्लीनिक बना डाला है। कई मामलों में गलत दवाएं देने और देरी से सही इलाज मिलने के कारण मरीजों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता की कमी और स्वास्थ्य सेवाओं तक सीमित पहुंच के कारण झोलाछापों का नेटवर्क लगातार मजबूत होता जा रहा है। लोग सस्ते और आसान इलाज के चक्कर में बिना जांच-पड़ताल के इन पर भरोसा कर लेते हैं, जबकि यह प्रवृत्ति उनके स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकती है।

- गलत उपचार से मरीजों की स्थिति बिगड़ने का खतरा

> छोलाछाप के खिलाफ विभाग की ओर से समय-समय पर कार्रवाई की जाती है। हमारा प्रयास रहता है कि झोलाछाप की दुकानें न चल सकें। इसके बाद भी अगर कहीं झोलाछाप प्रैक्टिस कर रहे हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
> -डॉ. विवेक मिश्र, सीएमओ।

## सड़क निर्माण में लाखों रुपये का गबन करने का आरोप

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार:** नगर पालिका की सड़क निर्माण योजना में अनियमितता का आरोप लगाते हुए सभासद स्वाती सोनू खन्ना ने अधिशासी अधिकारी और अवर अभियंता सिविल पर ठेकेदार से साठ-गांठ कर सरकारी धन के गबन की शिकायत मुख्यमंत्री समेत उच्च अधिकारियों से की है। आरोप है कि दिसंबर 2025 में डीएम की स्वीकृति से निकले टेंडर के तहत मोहल्ला उम्मरपुर वार्ड 21 में मुंशी के मकान से मुस्लिम बेकरी के पीछे तक और तौफीक के मकान से इमरान के मकान तक इंटरलॉकिंग सड़क व नाली निर्माण होना था, जिसकी लंबाई 61 मीटर और चौड़ाई 2.90 मीटर तथा लागत करीब पांच लाख रुपये थी।

सभासद का आरोप है कि एक स्थान पर मात्र करीब 25 मीटर ही नाममात्र पत्थर डालकर इंटरलॉकिंग की गई और दूसरी सड़क व नाली का निर्माण हुआ ही नहीं, इसके बावजूद करीब साढ़े चार लाख रुपये का फर्जी भुगतान मार्च 2026 तक कर दिया गया। शिकायत में जांच कर अवर अभियंता, अधिशासी अधिकारी और अन्य जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। अधिशासी अधिकारी सत्येंद्र प्रकाश ने बताया कि सड़क की गुणवत्ता को लेकर शिकायत मिली थी, जिस पर नोटिस देकर सुधार कराया गया है और दोबारा जांच की जाएगी।

# जय हनुमंत संत हितकारी, सुन लीजै प्रभु अरज हमारी

## हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब, हनुमतधाम में मानस पाठ पूर्ण, हनुमान चालीसा की गूंज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** हनुमान जन्मोत्सव पर जिले भर के मंदिरों में आस्था का माहौल दिखाई दिया, जहां सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। लोगों ने मंदिरों में पहुंचकर बजरंगबली की पूजा-अर्चना की, हनुमान चालीसा का पाठ किया और सुख-समृद्धि की कामना की। हनुमतधाम पर भी पूरे दिन धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे।

हनुमतधाम में बुधवार से चल रहा श्रीरामचरित मानस का अखंड पाठ बृहस्पतिवार को पूर्ण हुआ। पाठ के समापन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने भी हनुमतधाम पहुंचकर बजरंगबली की 104 फुट ऊंची प्रतिमा के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। उनके आगमन के दौरान भी बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। हनुमतधाम में भजन संध्या में सुप्रसिद्ध गायिका स्वाति मिश्रा और वृंदावन के भजन गायक राधिकेश अपने भजनों की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह बना हुआ है। मुख्य रूप से साध्वी निरंजन ज्योति, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग आदि रहे।


काच्यानी खेड़ा हनुमान धाम पर पूजा-अर्चना और प्रसाद वितरण करते श्रद्धालु।

### भजन संध्या में स्वाति मिश्रा ने बांधा समां

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** हनुमान जयंती के अवसर पर आयोजित भजन संध्या में गायिका स्वाति मिश्रा ने अपनी प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को भक्ति में डुबो दिया। कार्यक्रम की शुरुआत उन्होंने हनुमान जी की आरती से की, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो उठे। इसके बाद उन्होंने "हम कथा सुनाते राम सकल गुण धाम की" और "बजाओ ढोल स्वागत में मेरे घर राम आये हैं" जैसे लोकप्रिय भजनों की प्रस्तुति दी, जिस पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरे परिसर में जयकारों की गूंज सुनाई दी। कार्यक्रम के दौरान स्वाति मिश्रा ने इन भजनों के अलावा भी कई अन्य भजन प्रस्तुत किए, जिससे भजन संध्या देर तक भक्तिमय माहौल में चलती रही और श्रद्धालु पूरी तन्मयता से कार्यक्रम का आनंद लेते रहे।

### मंदिरों में किया पूजन भंडारा और जागरण

**तिलहर, अमृत विचार :** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल रहा और काच्यानी खेड़ा हनुमान धाम सहित विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना के कार्यक्रम आयोजित किए गए। गुरुवार को नेशनल हाईवे स्थित काच्यानी खेड़ा धाम पर हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी, जहां भक्तों ने बजरंगबली को भोग लगाकर अपनी मनोकामनाएं मांगीं। मंदिरों में दिनभर श्रद्धालुओं का आवागमन बना रहा और भक्ति का माहौल छाया रहा। नगर के वंशी वाले मंदिर पर 151 किलो बूंदी के लड्डुओं का भोग लगाया गया और शाम से भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। काच्यानी खेड़ा हनुमान मंदिर के पास 21 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन किया गया, जिसके पहले क्षेत्र में भक्तों ने पैदल और ट्रैक्टर ट्रॉली से शोभायात्रा निकाली।


जन्मोत्सव पर सजा हनुमतधाम व बड़ी संख्या में मौजूद भक्त। ● अमृत विचार

## कचहरी परिसर में दो अधिवक्ताओं में मारपीट, दी तहरीर

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** कचहरी परिसर में सीट को लेकर अधिवक्ताओं ने एक अधिवक्ता के साथ मारपीट की है। पीड़ित अधिवक्ता ने थाना पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

रोजा थाना क्षेत्र के मोहल्ला लोधीपुर निवासी अधिवक्ता प्रदीप कुमार ने थाना सदर बाजार में दी गई तहरीर में बताया कि गुरुवार की दोपहर वह जजी परिसर में अपनी सीट पर बैठे हुए थे। दो अधिवक्ता अपने मुंशी और अन्य साथियों के साथ उसकी सीट पर आए और उन्हे सामने वाली सीट पर बैठने से मना करते हुए जातिसूचक गालियां दी। विरोध करने पर दूसरे पक्ष के लोगों ने अधिवक्ता पर हमला कर दिया और लात-घूसों से पीटा। आरोप है कि सीट पर रखी फाइले फाड़ दी और कुर्सी तोड़ दी। अन्य अधिवक्ताओं ने बीच-बचाव कराया। प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि सीट पर बैठने को लेकर मारपीट हुई है। उन्होंने कहा कि जांच करायी जा रही है।

# प्रतिमाएं तोड़ने वालों पर लगे रासुका

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** शहीदों की प्रतिमाएं तोड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई को लेकर राष्ट्रवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

गुरुवार को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह चंदेल के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि शहीदों की प्रतिमाएं तोड़ने वालों को गिरफ्तार करें उन्हें गंभीर धाराओं में रासुका लगाकर जेल भेजा जाए। किसानों के गेहूं की खरीद सरल बनाते हुए व बिचौलिया मुक्त कराते हुए सरकारी मूल्य रेट किसानों को दिलाया जाए। ज्ञापन में मांग की गई कि लगभग 5 वर्ष से पूरे शहर की गलियों और सड़कों में गड्ढे खोद दिये गये हैं, उन्हें तत्काल सही कराया जाए। नए सत्र में बच्चों की किताबों की मनमानी कीमत वसूलने वालों पर रोक लगाई जाए।

ज्ञापन देने वालों में भारत विजय, आचार्य सुभाष पांडेय, दिलीप सिंह, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।


मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को देते राष्ट्रवादी पार्टी के कार्यकर्ता।

### दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को देकर बलिदानियों के अपमान के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। संगठन के जिलाध्यक्ष सरोज कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा कि 22 मार्च की मध्यरात्रि में नगर निगम कार्यालय के प्रांगण में स्वतंत्रता संग्राम के अमर बलिदानी ठाकुर रोशन सिंह, प. रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां की प्रतिमाओं को जेसीबी से खंडित कर शहीदों का अपमान किया गया। इस घटना से लोगों में आक्रोश में है। इसमें एक अवर अभियंता, अधिशाषी अभियंता को निलंबित किया गया तथा ठेकेदार का ठेका निरस्त कर काली सूची में डाल दिया गया। ज्ञापन में कहा गया कि जिन अधिकारियों को निलंबित किया गया, वे उस दिन अवकाश पर थे। इससे स्पष्ट है कि इतनी बड़ी घटना के वास्तविक दोषियों को बचाते हुए मात्र औपचारिकता पूर्ण की गई है। घटना के 6 दिन बीत जाने पर भी वास्तविक जिम्मेदारों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई। इस संबंध में घटना की जांच शासन के उच्च अधिकारियों से करवाकर घटना के वास्तविक दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई गई। ज्ञापन देने वालों में कई पदाधिकारी थे।

# अमान्य संगठन से जुड़े शिक्षक नेताओं को चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- बेसिक शिक्षा परिषद के तहत केवल चार शिक्षक संगठनों को मान्यता : बीएसए

**अमृत विचार :** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता ने अमान्य संगठन से जुड़े शिक्षक नेताओं को चेताया है। उन्होंने एक पत्र जारी कर अमान्य संगठन की सदस्यता रखने वाले या संचालन करने वाले शिक्षकों को उप्र सरकारी सेवक (आचरण एवं अपील) नियमावली-1999 के उल्लंघन का दोषी मानते हुए विभागीय कार्यवाही की चेतावनी दी है।


बीएसए दिव्या गुप्ता।

बीएसए ने जारी पत्र में कहा है कि कार्यालय में शैक्षिक संगठनों के नाम पर अनेक ऐसे पत्र प्राप्त होते हैं जो शासन / बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा अनुमन्य अथवा मान्य संगठनों की तरफ से निर्गत नहीं होते हैं। पत्र में स्पष्ट किया कि बेसिक शिक्षा परिषद के तहत केवल उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, उप्र जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, उत्तर प्रदेश, वुमेन टीचर्स एसोसिएशन आफ उत्तर प्रदेश आदि चार शिक्षक संगठनों को अभी तक मान्यता प्रदान की गयी है। इन संगठनों का सदस्य रहना ही विधिमान्य है। बीएसए ने कहा कि इन चार संगठनों के अलावा जनपद में परिषदीय अध्यापकों का किसी अन्य संगठन के सदस्य बनने तथा किसी ऐसे संगठन का संचालन करने को विधि शून्य घोषित किया जाता है।

## न्यूज डायरी



### एएसपी सिटी ने हनुमत धाम पर देखीं सुरक्षा व्यवस्थाएं, दिए निर्देश

**शाहजहांपुर अमृत विचार :** एएसपी सिटी देवेंद्र कुमार और सीओ सिटी पंकज पंत ने गुरुवार को हनुमान जयंती के अवसर पर हनुमत धाम में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। धाम में लगने वाले मेले का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दोरान पुलिस की ड्यूटी का गहनता से निरीक्षण किया। ड्यूटी में लगे अधिकारी व कर्मचारियों को भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन, संदिग्ध व्यक्तियों दृष्टि बनाए रखने के निर्देश दिए। दोनों अधिकारियों ने निर्देश दिए कि मेले में आने वाले आमजन को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाए। उन्होंने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को तत्काल दे। इस अवसर चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक आदि स्टाफ मौजूद रहा।




### लोधीपुर वार्ड में चलाया सफाई अभियान, किया जागरूक


**शाहजहांपुर अमृत विचार :** शासन के निर्देश पर गुरुवार को नगर निगम के वार्ड लोधीपुर में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया गया। वार्ड पार्षद रूपेश कुमार वर्मा 'अन्नू' के नेतृत्व में पूरे क्षेत्र में व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के तहत वार्ड की गलियों में नालियों की तली झाड़ सफाई कराई गई और एंटी-लार्वा दवाओं का छिड़काव युद्धस्तर पर किया गया। विशेष रूप से जलभराव वाले क्षेत्रों और सघन बस्तियों को चिन्हित कर वहां साफ-सफाई और दवा छिड़काव पर अधिक ध्यान दिया गया। पार्षद रूपेश वर्मा "अन्नू "ने मौके पर मौजूद सफाईकर्मियों से कहा कि स्वच्छता व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से भी अपील की कि वे अपने घरों और आसपास पानी जमा न होने दें तथा स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। इस मौके पर वार्ड सफाई सुपरवाइजर विशाल समेत कर्मचारी मौजूद रहे।



### शहीद उधम सिंह इंटर कॉलेज में परीक्षा फल किया वितरित

**खुटार, अमृत विचार :** खुटार क्षेत्र के शहीद उधम सिंह इंटर कॉलेज रामपुर कलां में कक्षा एनसी से 11 तक के छात्र-छात्राओं को वार्षिक परीक्षा फल वितरित किया गया। जिसमें प्रबंधक सरदार हरवेल सिंह, प्रधानाचार्य सर्वजीत सिंह सिद्धू, उप प्रधानाचार्य वीपी सिंह वर्मा द्वारा उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। प्रबंधक ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी और छात्र-छात्राओं को शिक्षा में अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रही।

### अंतरिक्ष यान के साथ गया लीड कान्वेंट की छात्रा जन्नत का नाम



**शाहजहांपुर अमृत विचार :** अंतरिक्ष यान के साथ लीड कान्वेंट की छात्रा जन्नत का नाम भी गया है। चार अंतरिक्ष यात्री 1 अप्रैल, 2026 को नासा के एक विशाल रॉकेट में सवार होकर चंद्रमा के चारों की ओर एक बहुप्रतीक्षित यात्रा के लिए रवाना हुए, जो 50 से अधिक वर्षों में चंद्रमा का पहला मानवयुक्त फ्लाईबाई है। आर्टेमिस-2 के कमांडर रीड वाइजमैन ने पायलट विक्टर ग्लोवर, क्रिस्टीना कोच और कनाडा के जेरेमी हैनसेन के साथ चलो चांद पर चलते हैं के नारे के साथ अंतरिक्ष में उड़ान का नेतृत्व किया। नासा के नए ओरियन कैप्सूल में सवार होने वाली यह अब तक की सबसे विविधतापूर्ण चंद्रयान टीम है, जिसमें पहली महिला, अश्वेत व्यक्ति और गैर-अमेरिकी नागरिक शामिल हैं। जन्नत बताती हैं कि पिछले वर्ष नासा ने आम जन, खासकर बच्चों को आमंत्रित किया था कि वह अपना नाम मिशन के साथ भेज सकते हैं। सबमिशन के बाद उन्हें एक डिजिटल बोर्डिंग पास डाउनलोड करने को मिला था, जिसमें उनका नाम और मिशन का विवरण था। यह एक यादगार स्मृति चिह्न था। उन्होंने बताया कि यह उनके लिए गौरव की बात है कि उनका नाम चंद्रमा के चारो ओर चक्कर लगा रहा है। परीक्षा में हमेशा अव्वल आने वाली छात्रा जन्नत उच्च शिक्षा हासिल करने के बाद एक एस्ट्रोनॉट बनना चाहती हैं।

कार्यक्रम | खुटार में शिक्षक संघ की कमेटी गठन की प्रक्रिया शुरू होने के दौरान बोले जिला अध्यक्ष

# निर्वाचन प्रक्रिया से चुने पदाधिकारी ही शिक्षक हितैषी

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से जिले में सभी ब्लॉक इकाई समितियों के गठन की प्रक्रिया खुटार से शुरू कर दी गई है, जिसे 25 अप्रैल तक सभी ब्लॉकों में पूरा किया जाएगा। ऑल इंडिया प्राइमरी टीचर्स फेडरेशन के नेतृत्व में चल रहे इस कार्यक्रम के तहत ब्लॉक खुटार के सभागार में कमेटी गठन की कार्रवाई संपन्न हुई, जहां निर्वाचन प्रक्रिया के तहत पदाधिकारियों का चयन किया गया और सेवानिवृत शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।

ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष ऋषिकांत पाण्डेय ने कहा कि संवैधानिक निर्वाचन प्रक्रिया से चुने गए पदाधिकारियों में शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करने का अलग उत्साह और आत्मविश्वास होता है। उन्होंने सभी निर्वाचित 11 पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र देकर संगठन के प्रति सकारात्मक रहते हुए शिक्षकों की समस्याओं के लिए समर्पित होकर कार्य करने का आह्वान किया। ब्लॉक चुनाव पर्यवेक्षक अरविन्द शुक्ला, रत्नाकर दीक्षित तथा सहयोगी विक्रांत मिश्रा और शशांक शेखर की ओर से संचालित निर्वाचन प्रक्रिया में सभी पदों पर एकल आवेदन वैध पाए जाने पर निर्वाचन अधिकारी ऋषिकांत पाण्डेय की ओर से सभी को निर्विरोध पदाधिकारी घोषित किया गया।

कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय मलिका के प्रधानाध्यापक जितेंद्र शुक्ला, विद्यालय हंसपुर के सहायक अध्यापक सुरेश कुमार और कन्या जूनियर हाई स्कूल खुटार के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महेश कुमार, जो 31 मार्च को सेवानिवृत हुए, उन्हें भी ब्लॉक अध्यक्ष सचिन मिश्रा की ओर से आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। इस दौरान भुवनेश गुप्ता, सचिन मिश्रा और पूर्व ब्लॉक मंत्री उज्जवल कुमार सहित अन्य का सहयोग रहा।



शिक्षक संघ के निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र देते जिला अध्यक्ष ऋषिकांत पांडेय।

- 25 अप्रैल तक सभी ब्लॉक इकाई समितियों का गठन होगा पूरा

### निर्विरोध चुने गए 11 पदाधिकारी

ब्लॉक अध्यक्ष सचिन मिश्रा, ब्लॉक मंत्री संतोष कुमार और ब्लॉक कोषाध्यक्ष मोहम्मद इमरान को पूर्व में 07 दिसंबर को निर्वाचित घोषित किया जा चुका था, जबकि शेष आठ पदाधिकारियों में गरुण कुमार को ब्लॉक वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजन सिंह को ब्लॉक संयुक्त मंत्री, राजवीर यादव को ब्लॉक ऑडिटर, बलराम यादव और दीपक सिंह को ब्लॉक उपाध्यक्ष, सविता शुक्ला और कमल यादव को ब्लॉक संगठन मंत्री तथा आलोक कुमार को प्रचार मंत्री बनाया गया।

## पीएम श्री विद्यालय में बच्चों को पुस्तकें की गईं वितरित

**अल्हागंज, अमृत विचार:** नगर के पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय प्रथम में आयोजित कार्यक्रम में नगर पंचायत चेयरमैन शिवानी वर्मा, सभासद कमलेश शर्मा, विद्यालय समिति के अध्यक्ष अरुण शर्मा और प्रधानाध्यापक राजेश शर्मा ने छात्र-छात्राओं को पुस्तकें वितरित कीं।

इस दौरान चेयरमैन शिवानी वर्मा ने बच्चों को अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए बधाई दी और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से प्राथमिक विद्यालयों का उच्चीकरण कर अंग्रेजी माध्यम से संचालन किया जा रहा है, जिसका सकारात्मक परिणाम सामने आ रहा है। बताया कि इस विद्यालय से चार बच्चों का चयन नवोदय विद्यालय में हुआ है, जबकि पांच बच्चे वेटिंग सूची में हैं। इससे पहले चेयरमैन शिवानी वर्मा और सभासद कमलेश शर्मा ने बच्चों की ओर से निकाली गई जागरूक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**न्यूज ब्रीफ**

### जंगली सुअर से टकराकर बाइक सवार गंभीर घायल

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार :** गांव आटा खुर्द निवासी सचिन कुमार उर्फ शुभम किसी जरूरी काम से घर लौट रहा था, तभी बेहटी चौराहा से पहले संपर्क मार्ग पर खेतों से निकले जंगली सुअर से बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद युवक बाइक समेत गिर गया और हेलमेट दूर जा गिरा, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। राहगीरों ने सूचना पुलिस को दी, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सरकारी एम्बुलेंस से राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा गया। मेडिकल कॉलेज में हालत में सुधार न होने पर परिजन युवक को बेहतर इलाज के लिए लखनऊ ले गए हैं। थाना प्रभारी उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि मामले में तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

### ई-रिक्शा पलटने से नौ घायल, तीन रेफर

**तिलहर, अमृत विचार :** गुरुवार को रूजवारी गांव के लोग ई-रिक्शा से कपसेड़ा स्थित श्री बालाजी मंदिर में लगे मेले में जा रहे थे। हाईवे पर राजकीय महाविद्यालय के पास सामने से आए बाइक सवार को बचाने के प्रयास में ई-रिक्शा पलट गया, जिससे मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे में हर्ष कुमार, विजय, सोमवती, रूबी, गोविंद कुमार, ह्रदेश, मोनिका सहित ई-रिक्शा चालक समेत कुल नौ लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से तीन की हालत गंभीर होने पर राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। इसी दिन एक अन्य हादसे में सुल्तानपुर निवासी और मधुबन कॉलोनी तिलहर में किराए पर रहने वाले धीमर गौटिया प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक हिमांशु कुमार को कार ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए। डॉक्टर ने उन्हें भी राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया है।

### कबाड़ी गिरफ्तार, चोरी की सरिया बरामद

**पुवायां, अमृत विचार :** थाना पुवायां पुलिस ने चोरी के माल की खरीद-फरोख्त करने वाले कबाड़ी मुन्ना पुत्र रमजानी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की 17 लोहे की सरिया बरामद की हैं, जिनका वजन करीब 23 किलो बताया गया है। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। 30 मार्च को मोहल्ला शास्त्रीनगर निवासी पुष्पेंद्र सिंह ने निर्माणाधीन प्लॉट से सरिया चोरी की तहरीर दी थी, जिसमें मौके पर आलोक वर्मा उर्फ अरविंद को पकड़ा गया था और पुलिस ने उसे जेल भेज दिया था। मामले में 1 अप्रैल को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कस्भरा तकिया स्थित कबाड़ी की दुकान पर छापा मारकर मुन्ना को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है।

### जातिसूचक शब्द कहकर मारपीट, दो पर रिपोर्ट दर्ज

**पुवायां, अमृत विचार :** ग्राम चठिया बहादुरपुर निवासी भीमसेन पुत्र झब्बू ने गांव कनपारा निवासी पिन्टू सिंह पुत्र मुंशी सिंह और सूरज सिंह पुत्र पिन्टू सिंह पर गाली-गलौज, जातिसूचक शब्द कहने और मारपीट का आरोप लगाया है। घटना 17 मार्च दोपहर करीब दो बजे की है, जब भीमसेन खेत से घर लौट रहे थे। आरोप है कि दोनों शराब के नशे में थे और नवलपुर मोड़ पर रोककर लात-घूंसों और डंडों से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर रोहित पुत्र रामलोटन मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर पीड़ित को बचाया। घटना के बाद पीड़ित ने मेडिकल कराने के बाद 1 अप्रैल को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कबाड़ प्रतिष्ठान पर जीएसटी का छापा, लाखों की कर चोरी पकड़ी

## खुटार के अंबे ट्रेडर्स से दस्तावेज और सामान कब्जे में लेकर किया सील

संवाददाता, खुटार



कबाड़ प्रतिष्ठान पर दस्तावेजों की जांच करते जीएसटी अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर के पुवायां रोड स्थित अंबे ट्रेडर्स कबाड़ प्रतिष्ठान पर गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे जीएसटी विभाग की एसआईबी टीम ने बड़ी छापेमारी करते हुए लाखों की जीएसटी चोरी का खुलासा किया। डिप्टी कमिश्नर अनुज सिंह के नेतृत्व में स्टेट टैक्स अधिकारी तारा चंद्र और असिस्टेंट कमिश्नर वेदप्रकाश के साथ लखनऊ, बरेली और शाहजहांपुर की 12 सदस्यीय संयुक्त टीम पहुंची और प्रतिष्ठान के कार्यालय में रखे दस्तावेजों के साथ वहां मौजूद पुराने वाहन, कंबाइन, ट्रैक्टर और उनके पार्ट्स को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में ही बड़े स्तर पर जीएसटी चोरी सामने आने पर टीम ने संबंधित दस्तावेजों को सील करने की कार्रवाई शुरू कर दी।

जांच के दौरान टीम ने अंबे ट्रेडर्स के रायपुर पटियात गांव के पास स्थित गोदाम पर भी छापा मारा, जहां भारी मात्रा में पुरानी कंबाइन, ट्रैक्टर और उनके पार्ट्स बरामद हुए। मौके पर मौजूद प्रोपराइटर इन सामानों से संबंधित कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। टीम ने मौके पर मिले वाहनों और उनके पार्ट्स की खरीद और बिक्री के बिलों का मिलान करना शुरू किया, लेकिन देर रात तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। छापेमारी के दौरान अधिकारी हर दस्तावेज और स्टॉक का बारीकी से परीक्षण करते रहे, जिससे प्रतिष्ठान में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। कार्रवाई के बाद खुटार नगर और आसपास के देहात क्षेत्र में जीएसटी चोरी करने वाले व्यापारियों में जबरदस्त हड़कंप मच गया। छापेमारी की सूचना फैलते ही कई व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए और मौके से हट गए। दिनभर बाजारों में कार्रवाई को लेकर चर्चा होती रही और व्यापारी वर्ग में दहशत का माहौल बना रहा।

- **लखनऊ-बरेली-शाहजहांपुर की संयुक्त टीम ने की जांच**
- **छापेमारी से नगर और देहात के व्यापारियों में हड़कंप**

### शिकायत पर रेकी के बाद कार्रवाई

डिप्टी कमिश्नर अनुज सिंह ने बताया कि अंबे ट्रेडर्स के खिलाफ जीएसटी चोरी की शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसके बाद विभाग की ओर से लखनऊ और बरेली की टीम से पहले रेकी कराई गई। रेकी में शिकायत सही पाए जाने पर एसआईबी की संयुक्त टीम ने योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी की कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि मौके से बरामद दस्तावेज और कुछ सामान को कब्जे में लेकर सील किया जा रहा है और पूरे मामले की विस्तृत जांच की जा रही है, जो देर रात तक जारी रह सकती है।

## हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से 50 बीघा गेहूं राख

**बंडा, अमृत विचार:** इंदलपुर गांव में बनी कॉलोनी के पास गुरुवार दोपहर हाईटेंशन बिजली लाइन से निकली चिंगारी ने किसानों की खड़ी गेहूं की फसल को जलाकर राख कर दिया। 50 बीघा गेहूं राख होने से जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ।

जानकारी के अनुसार हाईटेंशन लाइन के पास जंपर से चिंगारी गिरने लगी, जिससे आसपास के खेतों में तेजी से आग फैल गई। हरिओम और मुनेंद्र के खेतों में करीब 36 बीघा गेहूं पूरी तरह जल गया, जबकि रामप्रसाद और रतिराम के पांच-पांच बीघा खेत आग की चपेट में आए, हालांकि फसल पूरी तरह सूखी न होने से नीचे की बालियां बच गईं। महोलिया निवासी भगवानदास की तीन बीघा फसल भी जलकर राख हो गई। किसानों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया और मुआवजे की मांग की है। हरिओम ने जब एसडीओ से फोन पर बात की तो उन्होंने जांच का हवाला देते हुए सप्लाई बंद होने की बात कही और आग के लिए बीड़ी को जिम्मेदार बताया, जिससे नाराजगी बढ़ गई। काफी देर नोंकझोंक होती रही।

## कोल्डड्रिंक दुकानदार के घर मिला आभूषणों से भरा थैला

संवाददाता, शाहजहांपुर/कांट

- **सराफा व्यापारी का बेटा बेंच पर भूल आया था थैला, दोनों पक्षों में समझौता**

**अमृत विचार:** कस्बे में डेढ़ किलोग्राम चांदी के आभूषणों समेत थैला गायब होने के मामले में जांच के उपरांत कोल्डड्रिंक दुकानदार के घर से थैला बरामद हो गया है। सराफा व्यापारी का बेटा दुकान पर पड़ी बेंच पर थैला भूल गया था। दुकानदार को बेटा बेंच के नीचे पड़ा थैला उठाकर पिता को बिना बताए घर ले गया था। सराफा व्यापारी और कोल्डड्रिंक दुकानदार में समझौता हो गया।

मदनापुर रोड पर स्थित एक सराफा व्यापारी का पुत्र बुधवार की सुबह दुकान खोलने के लिए गए। इससे पहले वह बैंक आफ बड़ौदा के सामने स्थित एक कोल्डड्रिंक दुकान पर किसी काम से रुक गया था। उसके हाथ में एक थैला था, जिसमें डेढ़ किलो चांदी के आभूषण थे। सराफा व्यापारी का बेटा अपने एक साथ के साथ दुकान पर बैठकर सिगरेट पीने लगा।

उसने थैला बेंच रख दिया। वह थैला कोल्डड्रिंक की दुकान पर छोड़कर दुकान खोलकर बैठ गया। उसे शाम को आभूषणों समेत थैले की याद आयी। वह कोल्डड्रिंक की दुकान पर गया और दुकानदार से अपना थैला वापस मांगा, लेकिन दुकानदार ने थैला मिलने से मना कर दिया।

सराफा व्यापारी और उसका बेटा थाना पर पहुंचे और थाना पर शिकायत की। पुलिस दुकानदार और नौकर को पूछताछ के लिए थाना पर लेकर आयी गयी। पुलिस दुकानदार के घर पहुंची तो उसके घर पर चांदी का आभूषणों को थैला मिल गया। पता चला कि थैला बेंच के नीचे गिर गया था और दुकानदार का बेटा चुपके घर ले आया था। प्रभारी निरीक्षक राकेश मौर्य ने बताया कि दुकानदार के घर से थैला बरामद हो गया है। उसका बेटा बेंच के नीचे गिरा थैला उठाकर घर ले गया था। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों में समझौता हो गया है।

## एक बेड पर शव-मरीज मामले में जांच कमेटी बनी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **सीएमएस के नेतृत्व में तीन डॉक्टर, चेक किए गए कैमरे स्टाफ के लिए जाएंगे बयान**

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज में ट्रामा सेंटर के एक बेड पर शव के पड़ोस में मरीज को लिटाकर उपचार करने के मामले में सीएमएस के नेतृत्व में तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी ने सीसीटीवी कैमरे चेक किए। अब डयूटी पर तैनात स्टाफ के बयान लिए जाएंगे।

राजकीय मेडिकल कॉलेज में पुराना सेंटर के निर्माण कार्य के चलते नए भवन ट्रामा सेंटर की व्यवस्था की गई है। ट्रामा सेंटर में मरीजों को भर्ती करने के बाद वार्ड में शिफ्ट किया जाता है। वायरल हुए वीडियो में एक बेड पर एक बुजुर्ग मरीज बैठा है और पड़ोस में उसी बेड पर शव रखा हुआ है। बताते है कि मरीज के पड़ोस में करीब आधे घंटे तक शव रखा रहा। इसे लेकर मरीज के परिवार वालों ने स्टाफ पर नाराजगी जताई थी। किसी ने एक ही बेड पर मरीज और शव का मोबाइल से वीडियो बना लिया था और वायरल कर दिया था। मरीज लखीमपुर का था। मेडिकल कालेज प्रशासन में हड़कंप मच गया था। डयूटी पर तैनात स्टाफ ने सफाई देते हुए बताया था कि जो मरीज आया था, उसकी हालत गंभीर थी, इसलिए उसे लिटाकर उपचार शुरु कर दिया गया था। प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार ने जांच के लिए एक कमेटी सीएमएस डॉ. सरोज के नेतृत्व में बनाई है। टीम में सीएमएस डॉ. सरोजा, डॉ. ललित मोहन, डॉ. सलीम है। कमेटी ने सीसीटीवी कैमरे चेक किए। कमेटी डॉक्टर अन्य स्टाफ के अलग-अलग बयान लेगी। जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट प्रधानाचार्य को सौंप दी जाएगी।

## दहेज के लिए महिला को पीटकर घर से निकाला

**पुवायां, अमृत विचार:** ग्राम सुनारा बुजुर्ग निवासी शिल्पी ने पति शिवम पुत्र फकीरे लाल समेत ससुराल पक्ष के कई लोगों पर दहेज की मांग पूरी न होने पर मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाया है। शिल्पी के अनुसार उसकी शादी 19 फरवरी 2026 को हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी और पिता ने सामर्थ्य अनुसार मोटरसाइकिल, कूलर, फ्रिज, सोना-चांदी सहित अन्य सामान दिया था, लेकिन ससुराल पक्ष अतिरिक्त दहेज की मांग कर उसे प्रताड़ित करने लगा।

पीड़िता का आरोप है कि 13 मार्च 2026 को पति और सास निर्मला देवी ने मारपीट कर उसका हाथ तोड़ दिया और सोने की चेन, अंगूठी तथा दो लाख रुपये की मांग की।

मांग पूरी न होने पर उसे घर से निकाल दिया गया। इस मामले में सुधीर कुमार, मनोज कुमार, रूपेंद्र, प्रमोद सहित अन्य पर भी आरोप लगाए गए हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्री की मौत, बेटी ने लगाए गंभीर आरोप

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **सैलरी न मिलने और काम के दबाव को बताया मौत का कारण**
- **डीपीओ और बाबू पर डांट-फटकार व दबाव बनाने के आरोप**

**अमृत विचार:** सदर बाजार क्षेत्र के गदियाना निवासी आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रीती (45) की मौत के बाद परिजनों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। शव घर ले जाते समय बेटी इस्मिता ने एम्बुलेंस में वीडियो बनाकर वायरल किया, जिसमें उसने एक अधिकारी और नगर निगम के बाबू पर काम का अत्यधिक दबाव बनाने और डांट-फटकार से मानसिक तनाव देने का आरोप लगाया। बेटी का कहना है कि चार महीने से सैलरी नहीं मिली थी और अकाउंट चढ़वाने के दौरान मां को इस कदर डांटा गया कि वह सदमे में आ गईं और उनकी मौत हो गई।



मृतका प्रीति।

प्रीती एमनजई जलालनगर के बूथ नंबर 118 पर तैनात थीं और अपने पति संतोष, बेटी इस्मिता और एक बेटे के साथ रहती थीं। बेटी के अनुसार, सैलरी न मिलने के बावजूद लगातार विभागीय काम और बीएलओ की ड्यूटी कराई जा रही थी। अकाउंट बंद होने के कारण वह कई बार कार्यालय और विकास भवन के चक्कर लगाती रहीं, लेकिन समाधान नहीं हुआ। आरोप है कि विभागीय अधिकारी की ओर से अकाउंट चढ़वाने के दौरान उन्हें अपमानित किया गया और हड़काया गया, जिससे वह गहरे तनाव में आ गईं। नगर निगम के बाबू की ओर से भी लगातार बुलाकर काम का दबाव बनाया जाता था और शिकायत की धमकी दी जाती थी।

परिजनों का कहना है कि काम का अत्यधिक बोझ और सैलरी न मिलने की परेशानी ने उन्हें अंदर से तोड़ दिया था। पति संतोष ने बताया कि उनकी पत्नी और बेटी लगातार कार्यालयों के चक्कर लगाती रहीं, लेकिन अकाउंट सही नहीं हो सका और चार महीने से भुगतान भी नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही और दबाव के कारण पत्नी की हालत बिगड़ती चली गई और अंततः उनकी मौत हो गई।

### डीएम ने दिए जांच के आदेश

मामला सामने आने के बाद डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने वीडियो का संज्ञान लेते हुए जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण घटना बताते हुए कहा कि भुगतान न होने और काम के दबाव जैसे सभी बिंदुओं की जांच नगर मजिस्ट्रेट को सौंपी है। निर्देश दिए गए हैं कि सभी पक्षों से बातचीत कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही प्रशासन की ओर से परिवार को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने की बात भी कही गई है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार :** हरदोई बाईपास पर जलालपुर गांव के पास एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। गांव बेहटी निवासी मनोज कुमार मौर्य (40) बहनोई को गंतव्य तक छोड़कर अपाचे बाइक से घर लौट रहे थे, तभी पीछे से आई हांडा कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह बाइक से उछलकर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे उप निरीक्षक विपिन कुमार गौतम ने घायल को सरकारी एम्बुलेंस की ओर से राजकीय मेडिकल कॉलेज भिजवाया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मेमो मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी सोनी, पुत्र सोम और पुत्रियां नैना व मानवी तथा पिता राम भजन मौर्य को रोता-बिलखता छोड़ गया है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## बाघ ने किया घोड़े का शिकार, शव मिला

संवाददाता, खुटार



सूचना पर पहुंचे ग्रामीण व वन विभाग की टीम। ● अमृत विचार

- **वन विभाग की टीम ने जांच के बाद पोस्टमार्टम करा शव दफनाया**

**अमृत विचार:** खुटार के गांव गेंहुआ में घर के बाहर बंधे घोड़े पर बाघ ने हमला कर मार डाला। बाद में बाघ घोड़े को गांव से कुछ दूर घसीट कर ले गया। अगले दिन खेत में अधखाया हुआ शव बरामद हुआ। वन विभाग की टीम ने पोस्टमार्टम कराकर शव दफना दिया। वनकर्मियों ने लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की है।

गांव गेंहुआ निवासी पुत्तन ने बताया कि वह परिवार सहित एक ईंट भट्ठे पर काम करता है। इस समय वह घर पर ही रहता है। बुधवार शाम को चारा खिलाने के बाद घोड़े को घर के बाहर बांध दिया था। रात किसी समय बाघ ने घोड़े को निवाला बना लिया और खेतों में घसीट ले गया। गुरुवार सुबह नींद खुलने पर वह बाहर आया तो घोड़ा गायब था। सुबह करीब छह बजे ग्रामीण खेतों की तरफ शौच करने पहुंचे। जहां घोड़े का अधखाया शव मिला।

खबर मिलने पर पुत्तन खेत पर पहुंचा। भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही वन दरोगा रोहित पांडेय टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे और खेतों में मिले पगमार्क ट्रेस किए। टीम ने पशु चिकित्साधिकारी से संपर्क कर शव का पोस्टमार्टम कराया। बाद में गड्ढा खुदवाकर शव दफना दिया।

वन दरोगा रोहित पांडेय ने बताया कि जांच में तेंदुआ के पगमार्क मिले है। जबकि ग्रामीणों के मुताबिक, बाघ ने घोड़े का शिकार किया है। बाघ गांव के आसपास होने की वजह से लोग दहशत में है। वन विभाग की टीम ने लोगों को सतर्क रहने की अपील की है।

## महिलाओं को देखकर गाए अश्लील गाने, केस

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** दो युवक राह चलती महिलाओं को देखकर अश्लील गाने लगे। इस दौरान एंटी रोमियो टीम आ गई और दोनों युवक मौका पाकर भाग गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

रोजा थाने में मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी द्वारा दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि पुलिस बल और एंटी रोमियो स्क्वाड क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। टीम रोजा अड्डे के पास पहुंचे तो देखा की दो युवक राह चलती महिलाओं को देखकर अश्लील गाने गा रहे थे, जिससे महिलाएं असहज महसूस कर रही थी। टीम को देखकर दोनों युवक भाग गए। पुलिस ने फोटो लेने के बाद दोनों की पहचान कराई। एक आरोपी आशीष गुप्ता निवासी आदर्शनगर कॉलोनी रोजा और दूसरा आरोपी असलम निवासी बल्लिया थाना रोजा है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## जमीन अधिग्रहण से होगा विकास



खमरिया क्षेत्र में जमीन अधिग्रहण को लेकर किसानों के साथ बैठक करते एसडीएम।

संवाददाता, तिलहर

- **किसानों के बीच पहुंचे एसडीएम**

**अमृत विचार:** गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे प्रस्तावित इंडस्ट्रियल कॉरिडोर निर्माण को जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया के तहत एसडीएम तिलहर ने गुरुवार को किसानों के साथ बैठक कर क्षेत्र का निरीक्षण किया।

जानकारी के अनुसार करीब 200 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहण की जानी है। डीएम के निर्देश पर एसडीएम सदानंद सरोज और तहसीलदार दीपेंद्र कुमार ने गढ़िया रंगीन थाना क्षेत्र के गांव खमरिया में किसानों से वार्ता की। एसडीएम ने किसानों को बताया कि निवेशकों की रुचि को देखते हुए इस क्षेत्र में औद्योगिक गलियारा विकसित किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में विकास की लहर आएगी और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। राजस्व टीम के साथ जमीन और अभिलेखों का भी परीक्षण किया।

## बरात में बैग से जेवर चोरी, मुकदमा दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** हरदोई जिले के थाना हरपालपुर के गांव पिथनापुर निवासी गौरी मिश्रा ने रोजा थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि वह नंदोई बांकेलाल मिश्रा निवासी आदर्शनगर कॉलोनी थाना रोजा के पुत्र पवन की शादी में आई थी।

वह सामान बैग में रखकर तैयारी कर रही थी। उसने बैग में जेवर आदि सामान रख दिया था। वह रिश्तेदारों के पैर छूने लगी। इसी बीच उसकी जेठानी रानी व रानी की बहू संध्या निवासी पथनापुर नगरिया थाना हरपालपुर जिला हरदोई बैग से झाले व पैंडल निकाल लिए। उसने घर जाकर बैग देखा तो पैंडल और झाले गायब थे। जेठानी लौटाने के नाम पर टाल मटोल करती रही और दोनों चीजें नहीं दीं। यह घटना एक माह पूर्व की है। रोजा थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह ने जेठानी समेत दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्र में स्वास्थ्य अधिकारी ने दी तहरीर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **मिर्जापुर के संतरात ने दिसंबर में डीएम से की थी फर्जी प्रमाणपत्रों से लाभ लेने की शिकायत**

**अमृत विचार:** स्वास्थ्य विभाग में फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्र बनवाने के मामले में सीएमओ कार्यालय के प्रशासनिक अधिकारी की तरफ से कर्मचारियों के खिलाफ चौक कोतवाली में तहरीर भेज दी गई है, लेकिन अभी मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है।

मिर्जापुर थाना क्षेत्र के गांव मझारा बढ़ऊ निवासी संतरात कश्यप ने दिसंबर माह में डीएम को प्रार्थनापत्र देकर गांव के कई लोगों के फर्जी प्रमाणपत्रों के जरिये सरकारी लाभ योजनाओं का लाभ लेने की शिकायत की थी। सीडीओ की अध्यक्षता में कमेटी ने जांच की थी। जांच में 14 अपात्रों के दिव्यांग प्रमाणपत्र बने होने की पुष्टि हुई थी। जांच में एक महिला के नाम पर दो दिव्यांग प्रमाणपत्र जारी किए गए थे। जांच में शिवम बाजपेई, सूर्य प्रताप सिंह, विजयवीर, शिव प्रताप सिंह, बलवीर, रिंकी, राजाराम, मोबीन, विक्रांत कुमार, प्यारे मिया, अच्छू मिया, आदेश प्रताप सिंह, रुद्रप्रताप सिंह, अनिल के फर्जी दिव्यांग प्रमाण बनाए गए थे। जबकि ये लोग मेडिकल बोर्ड की बैठक में उपस्थित नहीं हुए थे।

सीएमओ डा विवेक मिश्रा ने बताया कि प्रशासनिक अधिकारी राम किशोर की तरफ कुछ कर्मचारियों के खिलाफ चौक कोतवाली में तहरीर भिजवा दी गयी है। इधर चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि हनुमत धाम ड्यूटी पर लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि तहरीर आई है तो रिपोर्ट दर्ज करायी जाएगी।

## किस्त मांगने पर मैनेजर से मारपीट, हत्या की धमकी

संवाददाता, पुवायां

- **लात-घूंसे और डंडों से मारपीट कर की गाली-गलौज**

**अमृत विचार:** कर्ज की किस्त मांगने पहुंचे एक कंपनी के क्रेडिट मैनेजर के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर थाना पुवायां पुलिस ने नामजद आरोपी सहित अन्य अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

लखीमपुर खीरी के थाना फूलबेहड़ क्षेत्र निवासी शाहजहांपुर स्थित एक निजी फाइनेंस कंपनी में क्रेडिट मैनेजर अंकित कुमार मिश्रा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पुवायां क्षेत्र के निवासी अखिलेश शर्मा ने उनकी शाखा से ऋण लिया था। कई बार कहने के बावजूद आरोपी किस्त जमा नहीं कर रहा था। 31 मार्च को पीड़ित किस्त वसूली के लिए पुवायां के राजीव चौक पहुंचा, जहां आरोपी पक्ष के लोगों ने उसे घेर लिया।

पीड़ित का आरोप है कि इस दौरान विशाल शर्मा पुत्र अखिलेश शर्मा व अन्य अज्ञात लोगों ने उसके साथ लात-घूंसे और डंडों से मारपीट कर गाली-गलौज की। तमंचे से गोली मारने की धमकी भी दी। मारपीट में पीड़ित के चेहरे पर चोटें आई हैं। भीड़ एकत्रित होने पर आरोपी हत्या की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि घटना का वीडियो भी उसके पास मौजूद है। पुवायां पुलिस ने विशाल शर्मा सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**दहेज के लिए बहु का हाथ तोड़ दिया:** पुवायां क्षेत्र के गांव सुनारा बुजुर्ग निवासी शिल्पी ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि दो माह पूर्व उसकी शादी शिवम निवासी सुनारा बुजुर्ग थाना पुवायां के साथ हुई थी। मायके वालों ने सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था लेकिन ससुराली संतुष्ट नहीं थी। दहेज को लेकर प्रताड़ित करने लगे। अंगूठी, चेन और दो लाख रुपये मंगाकर दो। असमर्थता जताने पर मारपीट की, जिससे उसका हाथ टूट गया। आरोप है कि 13 मार्च को निकाल दिया।

### कुत्ता दबाने का विरोध करने पर महिला को पीटा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कलान क्षेत्र के मोहल्ला दुर्गानगर निवासी अनीता ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि 23 मार्च की रात 08 बजे उसका पालतू कुत्ता दरवाजे के पास बैठा था। पड़ोसी राहुल ऑटो लेकर आया और कुत्ते पर चढ़ा दिया। उसने आरोपी से कहा कि ऑटो देखकर नहीं चलाते पहले भी दो पिल्ले दबकर मर गए है। इस बात से आरोपी नाराज हो गया और गाली देने लगा। विरोध करने पर आरोपी और उसके परिजन डंडे, चाकू, खुर्पी लेकर आ गए। आरोपियों ने महिला को जमीन पर गिरा दिया और बाल पकड़कर पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी राहुल, रामखिलाड़ी, रोहित समेत आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### युवक को पीटा, चार पर रिपोर्ट दर्ज

**खुटार, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव कुंभिया निवासी अंकुल कुमार ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह गांव में स्थित ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता है। 31 मार्च को वह भट्ठे के ऑफिस में बैठा था। तभी गांव के सुभाष, सरोज, लंकुश, बबलू लाठी-डंडा व लोहे के सरिया लेकर आये और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर सभी ऑफिस में घुसकर उसे बाहर घसीट ले गए और पिटाई की। इससे उसके सिर, हाथ और पैर में काफी चोटें आई है। पिटाई से वह गंभीर रूप से घायल होकर वहीं पर गिर गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर घायल का मेडिकल परीक्षण कराया है। वीडियो भी वायरल हो रहा है।

## मानदेय: रोजगार सेवकों का प्रदर्शन, आंदोलन की चेतावनी



ब्लॉक कार्यालय पर प्रदर्शन करते रोजगार सेवक। ● अमृत विचार

संवाददाता, सिंधौली

**अमृत विचार:** ग्राम पंचायतों में तैनात रोजगार सेवकों ने मानदेय न मिलने पर ब्लॉक कार्यालय पर प्रदर्शन कर अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतावनी दी। बुधवार को प्रांतीय उपाध्यक्ष इम्तियाज खां के नेतृत्व में पहुंचे रोजगार सेवकों ने खंड विकास अधिकारी ओमप्रकाश की मौजूदगी में रोष जताते हुए भुगतान में भेदभाव का आरोप लगाया।

रोजगार सेवकों का कहना है कि पिछले वित्तीय वर्ष में भी आठ माह का मानदेय नहीं मिला और मनरेगा की धनराशि के खर्च में मनमानी की जा रही है। आरोप लगाया कि निर्धारित मानकों से अधिक धनराशि निकाली जा रही है। प्रदर्शन के बाद ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र भुगतान की मांग की गई और चेतावनी दी गई कि मांगें पूरी न होने पर अगले कार्यदिवस से आंदोलन शुरू किया जाएगा। इस दौरान अतीक खां, अनुज सिंह, रघुवीर, धर्मेंद्र सिंह, सर्वजीत, श्याम सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर



डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक
अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक

सुविधायें
ब्रेन हैमरेज | स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर | मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर में पैरों का दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754



ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली


न्यूज ब्रीफ

## स्मार्ट मीटर दे रहा करंट से तेज झटका



शाहजहांपुर, अमृत विचार : स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं की दुश्वारियां बढ़ गई हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि उनके यूनिट कम खर्च हो रहे हैं, जबकि बिल अधिक आ रहा है। वहीं, ऑटो कट बिजली होने के बाद भी आपूर्ति शुरू करने में देरी के चलते कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। महानगर के मोहल्ला मामूड़ी निवासी शिक्षक फैसल रियाज खां ने बताया कि उनके 20 मार्च को 4.81 यूनिट खर्च हुए। उस दिन बिल 119.51 रुपये दिखा रहा था। अगले दिन 3.87 यूनिट खर्च दिखाए। जिसकी अधिक धनराशि आ रही है। इस संबंध में उन्होंने गोविंदगंज उपकेंद्र पर शिकायत की, तो बैलेंस बाउंस होने की जानकारी देते हुए आगे अपडेट होने की बात कही गई। फैसल ने हैशटैग बायकाट हैशटैग स्मार्ट मीटर लिखते हुए कहा कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर लोगों का करंट से तेज झटका दे रहा है।

# स्मार्ट प्रीपेड मीटर व कनेक्शन काटे जाने का विरोध, एसई कार्यालय घेरा

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन, आठ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** गुरुवार को कांग्रेसियों ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर और कनेक्शन काटे जाने के विरोध में अधीक्षण अभियंता कार्यालय का घेराव करते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में आम नागरिक भी विद्युत समस्याओं को लेकर पहुंचे।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता खिरनीबाग स्थित रामलीला मैदान में एकत्रित हुए और यहां से पैदल मार्च कर नारे लगाते हुए हाथों में तख्तियां लेकर कृष्णा नगर स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय पहुंचे। जहां डीजीएम की गैरमौजूदगी में कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। काफी मान मनौवल के बाद विभाग के वरिष्ठ सहायक ज्ञापन लेने आए। जिस पर जिलाध्यक्ष ने तत्काल स्मार्ट मीटर धारकों के कम बैलेंस पर विद्युत कनेक्शन कट करने की प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर व्यवस्था से उत्पन्न गंभीर समस्याओं और उपभोक्ताओं में भारी असंतोष है। जिले में विभाग की कार्यप्रणाली से आम जनता त्रस्त है। ज्ञापन में कहा गया कि उपभोक्ताओं के मीटर बिना किसी पूर्व सूचना के प्री-पेड मोड में बदलना जनहित के विरुद्ध है। बिना वैकल्पिक व्यवस्था के हजारों परिवारों के कनेक्शन स्वतः काटे जाने से आम जनता अंधकार में रहने को मजबूर है। प्रदर्शन में पूर्व महानगर अध्यक्ष पवन सिंह, पीसीसी सदस्य तनवीर सफदर, रामजी अवस्थी, सईद अंसारी, अर्चना कटारिया, रफ़ी उल हसन, डॉक्टर फहद अली, पूनम पांडेय, अनस इकबाल, नूरे सहर बी, रानी पांडे, सीमा गौतम, आशा शुक्ला, संजय सक्सेना, सुशील प्रकाश शर्मा, साजिद खान, मुस्तकीम, इरफान, वकार आलम वारसी, साद उल्ला खां, ओमपाल यादव, ओवेंद्र यादव, प्रो0 जाने आलम खान, फुरकान अहमद कुरैशी, गौरव त्रिपाठी, हरनाम कटियार सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



समस्या को लेकर एसई कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

### समस्याओं का समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी

ज्ञापन में मांग की गई कि स्मार्ट प्री-पेड मीटरों की तकनीकी खामियों को तत्काल दुरुस्त किया जाए। जब तक व्यवस्था सुचारू न हो, तब तक स्वत: बिजली काटने की प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए। बिलिंग संबंधी शिकायतों का पारदर्शी तरीके से निस्तारण किया जाए। शिष्टमंडल ने चेतावनी दी कि यदि इन समस्याओं का समाधान शीघ्र नहीं किया गया, तो लोकतांत्रिक तरीके से उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# यूपी बोर्ड : 2326 में 382 परीक्षकों ने निभाया दायित्व

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● छह केंद्रों पर शुरू मूल्यांकन कार्य 99.5 प्रतिशत पूरा

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य 99.5 प्रतिशत पूरा हो गया है। छह केंद्रों पर 18 मार्च से मूल्यांकन कार्य चल रहा है। बोर्ड ने मूल्यांकन कार्य 1 अप्रैल तक पूरा करने की समय सीमा तय की थी। डीआईओएस हरिवंश कुमार ने बताया कि पांच मूल्यांकन केंद्रों पर कार्य चुका है। सिर्फ इस्लामिया इंटर कॉलेज में 62 उत्तर पुस्तिकाएं शेष हैं, जो 2 अप्रैल तक पूरा कर लिया जाएगा।

डीआईओएस ने बताया कि गुरुवार को जीआईसी में इंटर की सभी 35487 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हो चुका है। यहां आज 47 परीक्षकों ने उत्तर पुस्तिकाएं जांचने का काम किया। एसपी कॉलेज में इंटर की 35924, स्वामी धर्मानंद सरस्वती में इंटर की 39094, देवी प्रसाद इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की 140383, एबी रिच इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की सभी 137211 उत्तर पुस्तिकाएं जांची गई। सिर्फ इस्लामिया में इंटर की कुल 46837 में से 46775 कॉपियों का मूल्यांकन हुआ। यहां सिर्फ 62 कापियां मूल्यांकन से शेष रह गई हैं, जो शुक्रवार तक जांच ली जाएंगी। अब तक कुल हाईस्कूल की 279594 और इंटर की 157280 उत्तर पुस्तिकाएं परीक्षकों ने जांची हैं। डीआईओएस ने बताया कि 14 दिन में 2326 में 382 परीक्षकों ने दायित्व निभाए।

# स्कूलों में बच्चों के नामांकन पर जोर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** शिक्षा के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए जनपद स्तरीय स्कूल चलो अभियान रैली का आयोजन ददरौल के उच्च प्राथमिक विद्यालय शहबाजनगर में उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का आरंभ जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव एवं जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया।

इस अवसर पर जिपं अध्यक्ष ने अभिभावकों से बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की अपील की। डीएम निर्देश दिए कि कोई भी बच्चा विद्यालय में प्रवेश से वंचित न रहे। उन्होंने बच्चों के लिए योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए।

बीएसए दिव्या गुप्ता ने उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि निपुण विद्यालय आकलन में शाहजहांपुर जनपद प्रदेश में तीसरे स्थान पर रहा है।

ग्राम प्रधान महेश चंद्र गौतम ने बताया कि शहबाजनगर ग्राम पंचायत में कुल 15 विद्यालय संचालित हो रहे हैं। छात्रा साक्षी एवं क्रांति को राष्ट्रीय आय आधारित योग्यता परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। वहीं इरम, सोनी, सोनाली, उपासना, मुस्कान, काजल, अपेक्षा मोनी सहित अन्य छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी ददरौल सुरेंद्र कुमार मौर्य, जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता सतीश कनौजिया, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा सोहन शुक्ला, एसआरजी डॉ. अरुण कुमार गुप्ता, कस्तूरबा गांधी वार्डन मंजू गंगवार आदि उपस्थित रहे। संचालन आदर्श श्रीवास्तव ने किया। अंत में रविंद्र पाल प्रजापति ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।





होनहार बच्चों को पुरस्कृत कर पुस्तकें वितरित करते जिपं अध्यक्ष व जिलाधिकारी।

● जिपं अध्यक्ष व जिलाधिकारी ने होनहारों को किया पुरस्कृत


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज



डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
NABH PRE ACCREDITED



डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली


## न्यूज डायरी

### समर्पण सफलता का मूलमंत्र



शाहजहांपुर, अमृत विचार : स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज की पुरातन छात्र परिषद की ओर से गुरुवार को विद्यार्थियों के लिए एक विशेष प्रेरणादायी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें हाल ही में पीसीएस परीक्षा में चयनित हुई कॉलेज की पूर्व छात्रा इला सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रहीं। कार्यक्रम के दौरान इला ने सफलता से जुड़े संघर्ष, चुनौतियों, अनुभव साझा किए। विद्यार्थियों से कहा कि कठोर परिश्रम, सतत समर्पण एवं दृढ़ संकल्प का कोई विकल्प नहीं है। सचिव प्रो अवनीश मिश्र ने कहा कि जब सीनियर विद्यार्थी सफलता की सीढ़ी चढ़ जाते हैं, तो जूनियर के लिए रास्ता खुद-ब-खुद तैयार हो जाता है। प्राचार्य प्रो आरके आजाद व उपप्राचार्य प्रो अनुराग अग्रवाल ने बधाई दी। स्वागत भाषण विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ आलोक कुमार सिंह ने दिया। संचालन भौतिकी विभागाध्यक्ष डॉ शिशिर शुक्ला ने किया। इस अवसर पर डॉ जयशंकर ओझा, प्रो प्रभात शुक्ला, डॉ संदीप अवस्थी, डॉ अरुण कुमार यादव, प्रो अजीत सिंह चारग, राजनंदन सिंह राजपूत, अमित कुमार, हर्ष पाराशरी, डॉ संदीप दीक्षित, चंदन गोस्वामी, शशांक गुप्ता, भानु प्रताप सिंह, अमित राज चौहान, मंजीत कुमार आदि उपस्थित रहे।

### हजीका, मुसफीरा, नबीहा, आएदा व जैन कादरी ने सिद्ध की श्रेष्ठता



शाहजहांपुर, अमृत विचार : फातिमा गर्ल्स इंटर कॉलेज चमकनी में वार्षिक परीक्षा 2025-26 का परिणाम घोषित कर मेधावी छात्रों को समारोह पूर्वक सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हाफ़िज़ खलीक उज़ ज़मा खां, डायरेक्टर सैय्यद तालिब अली, हाफ़िज़ साजिद हुसैन, प्रधानाचार्य मोहम्मद मुईन, प्रबंधक तनवीर अहमद खां ने अपनी कक्षाओं में श्रेष्ठता सिद्ध करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को ट्रॉफ़ी, मेडल एवं परीक्षाफल देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने मेहनत, अनुशासन और नियमित अध्ययन के महत्व पर ज़ोर दिया। प्री नर्सरी की हज़ीका, नर्सरी की मुसफ़ीरा नबीहा, आएदा व मोहम्मद ज़ैन कादरी, केजी की मायरा, एक की अमीका, दो की ज़ैना, तीन की अमायरा व इबाद अहमद खान, 4 की अदीबा व इनाया, 5 की आयरा, 6 की बुशरा हसन, 7 की नूर नवाज़, 8 की तसमिया खान, 9 की अलीमा व ज़ोया खान, 11 की इरम व आतिका की सफलता पर शिक्षकों व अभिभावकों ने प्रसन्नता व्यक्त की। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत मौलाना मोहम्मद फारूक ने तिलावत-ए-कुरआन से की।

### पांच आंगनबाड़ी को मोबाइल व सहायिकाओं को मिले नियुक्ति पत्र





निगोही / शाहजहांपुर, अमृत विचार : प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गुरुवार को विधान सभा तिलहर में गोष्ठी का आयोजन विकासखंड निगोही में किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि विधायक सलोना कुशवाहा, जिलाध्यक्ष भाजपा कृष्ण चंद्र मिश्र, ब्लॉक प्रमुख निगोही भानू प्रताप सिंह ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। गोष्ठी में जिलाध्यक्ष भाजपा, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा श्याम नरायण मिश्र, महामन्त्री भाजपा सौरभ सोमवंशी एवं जिला उपाध्यक्ष जिला पिछड़ा मोर्चा संतोष मौर्य ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। मुख्य अतिथि विधायक सलोना कुशवाहा ने क्षेत्र में कराए गए जनकल्याण कार्यों पर प्रकाश डाला। 5 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मोबाइल व सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए। शिक्षकों को सम्मानित किया। गोष्ठी मे निगोही, तिलहर एवं सिंधौली के ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने प्रतिभाग किया। संचालन जेई एमआई विवेक तिवारी ने किया। खंड विकास अधिकारी ने आभार व्यक्त किया।

### टॉपर्स को मिली साइकिल





शाहजहांपुर, अमृत विचार : मॉडल ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर के संविलियन विद्यालय में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में परीक्षाफल वितरण के साथ टॉपर छात्राओं को साइकिल देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता मौजूद रहीं। प्रधान अनिल गुप्ता की ओर से प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को साइकिल उपहार में दी गई, जिससे उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। प्रधान ने बताया कि गांव में प्राथमिक विद्यालय, जेपी पब्लिक स्कूल और संविलियन विद्यालय सहित तीन स्कूल हैं। संविलियन में एक से आठ तक 257 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। पंचायत जिस तरह पहचान बना रही है, उसी तरह बच्चे गांव का नाम रोशन करें। प्रधानाचार्य हरिश्चंद्र ने अतिथियों का स्वागत किया। ग्राम विकास अधिकारी राकेश कुमार, जिला स्काउट मास्टर दीपेंद्र कौर, जिला अध्यक्ष जूनियर शिक्षक संघ मगरे लाल, जिला महामंत्री जूनियर शिक्षक संघ विश्राम सिंह, ब्लाक अध्यक्ष जूनियर शिक्षक संघ भावलखेड़ा बृजेश कुमार वर्मा, जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति-जनजाति शिक्षक संघ अजय कुमार वर्मा, अभिषेक सिंह, पूनम खीतौलिया, हुमा रफीक, मोहम्मद मशकूर, मीनाक्षी मिश्रा सहित अन्य मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### शाहजहांपुर स्थानांतरित कंप्यूटर ऑपरेटर को दी विदाई


राहुल को विदाई देते प्रभारी निरीक्षक

**करियामई, अमृत विचार :** थाना उधैती में गुरुवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। 10 साल से तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर राहुल त्यागी को पदोन्नति के बाद शाहजहांपुर स्थानांतरित होने पर विदाई दी गई। गुरुवार को उन्हें रिलीव करने के बाद विदाई दी गई। प्रभारी निरीक्षक ऋषिपाल सिंह समेत स्टाफ ने माल्यार्पण किया। राहुल त्यागी ने कहा कि उधैती थाने में बिताया समय उनके जीवन के महत्वपूर्ण व यादगार पल हैं। सभी का स्नेह मिला। उपनिरीक्षक चंद्रपाल सिंह, रणधीर सिंह, रामवीर सिंह, हरिभान सिंह, हेड कांस्टेबल विपिन कुमार, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

### ससुराल से लौट रहे युवक की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** दातागंज कोतवाली क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेस वे के अंडरपास के पास दो बाइक की आमने-सामने से भिड़ंत में बरेली निवासी युवक की मौत हो गई। युवक बाइक से अपनी ससुराल से लौट रहा था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। जिला बरेली की कोतवाली आंवला क्षेत्र के गांव टिकुरी निवासी मुनेंद्र पाल (35) पुत्र मदनलाल की दातागंज क्षेत्र के गांव गनगोला में ससुराल है। वह ससुराल से बाइक से वापस लौट रहे थे। हादसे के बाद वह गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरी बाइक सवार युवक बाइक छोड़कर भाग गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।

घायल को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। उनकी जेब से मिले मोबाइल फोन के नंबरों पर बात कर शिनाख्त की और उनके परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## नामांकन कराने को किया प्रेरित, बच्चों को बांटी किताबें


बैंड के साथ जागरूकता रैली निकालते परिषदीय विद्यालय के बच्चे। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया वहीं मेधावी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही, नया प्रवेश लेने वाले बच्चों को किताबें वितरित हुईं।

विकास क्षेत्र सहसवान के उच्च प्राथमिक विद्यालय समसपुर बल्लू में स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम का आगाज करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी मनोज राम ने नव प्रवेशी बच्चों को निशुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण किया। मेधावी बच्चों को रिजल्ट कार्ड के साथ-साथ पुरस्कृत भी किया। अभिभावकों को प्रेरित करते हुए बीईओ ने कहा कि 6 से 14 वर्ष के बच्चों को निशुल्क शिक्षा के अंतर्गत प्रवेश पाने का अधिकार है। बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन कराते हुए शिक्षा के उद्देश्य को सार्थक करें। रैली में एआरपी रावेश कुमार, संजय कुमार, आमोद कुमार, प्रधानाध्यापक राजन यादव, दुर्वेश कुमार, हरिओम, सोमवीर आदि उपस्थित रहे। कंपोजिट विद्यालय कोल्हाई में भी रैली निकाली गई।

### दूसरे जिलों से आए एमबीबीएस के दो छात्र, तीन साल तक करेंगे पढ़ाई, दो डाक्टर ले रहे क्लास

## जिला अस्पताल में शुरू हुई डीएनबी की पढ़ाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शासन से स्वीकृति मिलने के बाद जिला अस्पताल में डीएनबी की पढ़ाई शुरू कर दी गई है।दूसरे जिलों से आए दो एमबीबीएस छात्रों को पढ़ाने के लिए तीन वरिष्ठ चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई गई है। दोनों छात्र यहां के बाद करीब आठ महीने के लिये रूहेलखंड मेडिकल कालेज में भी जाएंगे। यहां से उनके जीवन का स्वर्णिम सफर शुरू होगा।

पिछले साल अक्टूबर में जिला अस्पताल को डीएनबी की पढ़ाई कराने की स्वीकृति मिली थी। जिला अस्पताल के लिए मात्र दो सीटें दी गई थीं। स्वीकृति मिलने के बाद जिला अस्पताल प्रशासन ने डीएनबी की पढ़ाई कराने का पूरा प्रबंध किया। इसके लिए तीन वरिष्ठ डाक्टरों का पैनल बनाकर उन्हें डीएनबी की शिक्षा देने को अधिकृत किया। इन डाक्टरों में फिजीशियन डा. एसएम कमल, डा. राजीव गुप्ता और डा. श्रीपाल को शामिल किया गया। जिला अस्पताल में फरवरी में दो छात्रों को भेजा गया जिन्हें यहां पर डीएनबी की पढ़ाई करनी है। एमबीबीएस करने के बाद एक छात्र बरेली के नवाबगंज से आया है, जबकि दूसरा आजमगढ़ से आया है। इन दोनों छात्रों को जिला अस्पताल में तीनों डॉक्टर ट्रेनिंग दे रहे हैं। उन्हें मेडिसिन के उपयोग और मरीजों के साथ सही व्यवहार किये जाने को लेकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

वरिष्ठ फिजीशियन डा.एसएम कमल ने गुरुवार को बताया कि जो छात्र डीएनबी की पढ़ाई करने आए हैं उन्होंने नीट पीजी उत्तीर्ण किया है। यहां उन्हें मेडिसिन के बारे में बताया जा रहा है। मरीज के साथ कैसा व्यवहार रखना है। मरीज को किस तरह अटेंड करना है, इसके बारे में भी उन्हें प्रशिक्षण दिया जा रहा है। हालांकि मरीजों के साथ किस तरह पेश आना है इसका प्रशिक्षण रुहेलखंड मेडिकल कालेज में ही दिया जाएगा, फिर भी उन्हे अधिक से अधिक दवाओं की जानकारी साथ अन्य जानकारियां दी जा रहीं हैं।


मरीजों को देखते डा. एसएम कमल ● अमृत विचार

### रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज में दिया जाएगा प्रशिक्षण

जिला अस्पताल में प्रशिक्षण लेने के बाद दोनों छात्रों को रोहिलखंड मेडिकल कालेज में जाना होगा जहां पर दवाओं के साथ मरीजों को अटेंड करने की गतिविधियों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। मरीज को कब कितने समय बाद दवा लेनी है। इन सब बातों का प्रशिक्षण देने के बाद वहां से उनका स्वर्णिम भविष्य शुरू होगा। उनका जीवन समाज को समर्पित होगा।

### रिटायर्ड सीएमओ और सीएमएस ने की चर्चा

सेवानिवृत्त सीएमओ डा. रामेश्वर मिश्रा और जिला अस्पताल के पूर्व सीएमएस डा.कप्तान सिंह ने गुरुवार में सीएमएस डा. अमित वार्ष्णेय के साथ बैठक कर विभागीय कामकाज के बारे में बात की। कुछ अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गयी। तीनो अधिकारियों ने जिला अस्पताल को विधिवत चलाने पर मंथन किया। शासन से मिलने वाली सुविधाओं को आगे बढ़ाने पर चर्चा की गई।

> जिला अस्पताल में फरवरी में डीएनबी की पढ़ाई के लिए दो छात्रों का एडमिशन किया गया है। डीएनबी की पढ़ाई करने वाले दोनों छात्रों की नियमित क्लासेज लग रही हैं। यहां प्रशिक्षण देने वाले डॉक्टरों की टीम प्रतिदिन मेडिसिन के बारे में ट्रेनिंग दे रही है। उम्मीद है भविष्य में कुछ और सीटें बढ़ा दी जाएं।
>
> **डा. अमित वार्ष्णेय**- सीएमएस जिला अस्पताल

## जनप्रतिनिधियों के प्रस्ताव पर खुला खजाना

### सीएम त्वरित योजना के तहत जिले में होगा 54 सड़कों का निर्माण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मुख्यमंत्री की घोषणा पर जनप्रतिनिधियों ने सड़कों के निर्माण को लेकर की थी मांग
- ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की ओर से जनवरी माह में भेजा गया था प्रस्ताव, मिली मंजूरी

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री की घोषणा पर जनप्रतिनिधियों के प्रस्ताव पर नियोजन विभाग ने खजाने का मुंह खोलते हुए 29.65 करोड़ बजट स्वीकृत किया है। साथ ही, धनराशि भी आवंटित कर दी है। नियोजन विभाग की ओर से धनराशि जारी करते हुए जल्द प्रक्रिया पूरी कराने को कहा है। प्रस्ताव की स्वीकृति होने के बाद ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की ओर से टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है।

मुख्यमंत्री की घोषणा पर जनप्रतिनिधियों से ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा निर्माण कार्य कराने के लिए जनवरी माह के दौरान पांच-पांच करोड़ रुपये से अधिक काम कराए जाने के प्रस्ताव लिए गए थे। प्रशासन ने प्रस्तावों को शासन को भेजा दिए थे।

शासन ने प्रस्तावों में फिलहाल कोई फेरबदल नहीं किया। शासन की ओर से भेजे गए प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। जिले के 54 कामों के लिए 29.65 करोड़ का बजट स्वीकृत किया है। शासन ने करीब 40 प्रतिशत रुपए की प्रथम किस्त भी जारी कर दी है।

बजट मिलने के बाद ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की ओर से टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### करीब 150 मीटर लंबाई की बनाई जाएंगी सड़कें

मुख्यमंत्री की घोषणा के तहत जिले को शासन की ओर से 29.65 करोड़ का बजट स्वीकृत किया है। इस बजट से सभी विधानसभा क्षेत्रों में 54 सड़कों का निर्माण होगा। इनकी लंबाई करीब 150 मीटर होगी। सड़कों का निर्माण कार्य मई माह के अंत में शुरू कराने की कोशिश में विभागीय अधिकारी और कर्मचारी जुट गए हैं।

> सर जनप्रतिनिधियों के प्रस्ताव पर शासन ने गंभीरता दिखाई है। मुख्यमंत्री की शीर्ष प्राथमिकता में शामिल आमजन की सुविधा-सहूलियत के कामों को कराए जाने के लिए 29.65 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत हुआ है। निर्माण कार्य कराने के लिए टेंडर प्रक्रिया को शुरू कराया जा रहा है।
>
> **राजेश कुमार**, अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग

## गैस एजेंसी कर्मचारियों पर मारपीट का आरोप

**बितरोई , अमृत विचार :** गैस एजेंसी पर आधार अपडेट कराने आए उपभोक्ता ने एजेंसी कर्मचारियों पर अभद्रता और मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। सहसवान के गांव जरीफपुर गढ़िया निवासी ब्रजभान पुत्र महेंद्र ने बताया कि वह गुरुवार को कोल्हाई स्थित पाल इंडेन गैस एजेंसी पर अपनी मां सुखदेवी को लेकर उनके नाम गैस कनेक्शन में आधार अपडेट कराने गए थे। कनेक्शन में एजेंसी वालों ने किसी और का आधार लगा दिया था। आरोप है कि अपडेशन के नाम पर उनसे 500 रुपये सुविधा शुल्क मांगा गया। मना करने पर कर्मचारियों ने गाली दी और अभद्रता करते हुए भगाने का प्रयास किया। ब्रजभान के साथ मारपीट भी की। उनकी मां ने नाराजगी जाहिर करते हुए वीडियो बनानी चाही तो मोबाइल पकड़कर जमीन पर फेंक कर तोड़ दिया। मां-बेटे को एजेंसी से बाहर निकाल दिया।

## प्रभारी सीएमओ का निर्देश, काम के तरीका बदलें कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- नए प्रभारी सीएमओ ने दिए संकेत, लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त
- अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक कर दिया निर्देश

**अमृत विचार :** प्रभारी सीएमओ डा. मोहन झा ने गुरुवार को अधीनस्थों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने साफ कहा कि राष्ट्रीय अभियानों और जनहित से जुड़े कार्यक्रमों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि डॉक्टर अपने काम के तरीके बदलें और शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करें।

प्रभारी सीएमओ ने कहा कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रभारी चिकित्साधिकारी समय से पहुंचें। मरीजों को देखें, उन्हें दवाएं दें जिससे विभाग के प्रति लोगों का विश्वास बढ़े। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अभियानों में विभाग के जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी पूरी निष्ठा और लगन के साथ काम करें। उन्होंने कहा कि वह प्रत्येक सीएचसी और पीएचसी का औचक निरीक्षण करेंगे। अगर कोई गैर हाजिर मिलता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप काम करने की आदत डालें।

### सीएमओ ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

प्रभारी सीएमओ डा. मोहन झा ने गुरुवार को जिला कारागार के अस्पताल का निरीक्षण किया। वहां पर स्टॉक में मौजूद दवाएं चेक की। स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों से बातचीत की। उन्होंने अस्पताल में मरीजों को दी जाने वाली दवाओं को चेक किया। साथ ही निर्देशित किया कि जो दवाएं कम हैं या फिर काफी समय से नहीं है उनका डिमांड लेटर बनाकर भेजे जिससे दवाएं मुहैया कराई जा सकें। जिला कारागार में निरीक्षण के समय उन्होंने कुछ मरीजों से पूछताछ की। जेल कर्मियों को निर्देशित किया कि मरीजों की गंभीर स्थिति होने पर उन्हें जिला अस्पताल को रेफर करें।

### महिला की जगह पुरुष का नाम हो गया टाइप

सहसवान में एक प्राइवेट अल्ट्रासाउंड सेंटर द्वारा एक ग्रामीण के पेट में बच्चेदानी दिखाई गई थी, इस मामले में छानबीन करने पर पता चला कि अल्ट्रासाउंड सेंटर पर कंप्यूटर पर नाम टाइप करते समय गलती से किसी पुरुष का नाम टाइप हो गया। प्रभारी सीएमओ डा. मोहन झा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस तरह की त्रुटियां होती रहती हैं। मामले की जानकारी करने पर यह गलती सामने आयी है। फिर भी अल्ट्रासाउंड संचालक को हिदायत दी गई है कि इस तरह की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए।

समय पर नियत स्थान पर पहुंचे जिससे क्षेत्रीय जनता को शिकायत का मौका नहीं मिले। प्रभारी सीएमओ ने शहर के कुछ नगरीय स्वास्थ्य केंद्रों का भी निरीक्षण किया।

मौजूद कर्मियों से बात कर समस्याएं जानी। साथ ही, साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

गुरुवार को सीएमओ कार्यालय में पूरे कर्मचारी मौजूद रहे। लिपिकीय कर्मचारी अपने पटल पर काम करते दिखे। अनुशासन के कारण कार्यालय में शोर-शराब नहीं रहा।

## एई-जेई समेत 22 का कटेगा वेतन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


कार्यालय का मेन गेट बंद करता कर्मचारी।


फात्मा रजा, नगर पालिका चेयरमैन

- नगर पालिका परिषद की चेयरमैन ने कार्यालय के दोनों गेट बंद कराकर किया निरीक्षण
- 22 कर्मचारी मिले अनुपस्थित एक दिन का वेतन काटने की संस्तुति

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब चेयरमैन फात्मा रजा सुबह 10 बजे कार्यालय पहुंच गईं। 10 बजकर 16 मिनट पर कार्यालय के दोनों मेन गेट बंद कराकर कार्यालय का निरीक्षण किया। उपस्थिति रजिस्टर चेक किया। एई, जेई, राजस्व निरीक्षक समेत 22 कर्मचारी अनुपस्थित मिले जिनका एक दिन का वेतन काटने की संस्तुति की गई है। तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

निरीक्षण के दौरान कर निर्धारण अधिकारी चंद्र भूषण, जलकल अभियंता नितिन सक्सेना, अवर अभियंता सूर्य प्रताप सिंह, राजस्व निरीक्षक लवी कुमार व राजेंद्र सिंह, मानचित्रकार शरीफ अहमद, लिपिक सचिन सक्सेना, साहिर हुसैन, जहांगीर, मुशाहिद अली, रजनेश चंद्र, परवेज अहमद, कर संचयक राजीव अनेजा, नारायण दत्त शर्मा आदि अनुपस्थित मिले। चेयरमैन ने कहा कि जब भी कोई कर्मचारी कार्यालय समय में किसी भी काम या राजस्व वसूली के लिए बाहर जाता है तो उसे भ्रमण रजिस्टर में पूरा विवरण दर्ज करना होगा जिसमें आने-जाने का समय, कार्य और उद्देश्य स्पष्ट रूप से अंकित करना जरूरी है। इसके अलावा कार्यालय व फील्ड में किए गए कार्यों का दैनिक विवरण भी रजिस्टर में दर्ज करना अनिवार्य किया गया। चेयरमैन ने चेतावनी देते हुए कहा है कि बिना लिखित अनुमति के कोई भी अधिकारी और कर्मचारी मुख्यालय नहीं छोड़ेगा। निर्देश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## छेड़छाड़ के दोषी को चार साल का कठोर कारावास

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 30 जनवरी 2018 को गांव के तालाब किनारे किशोरी से की थी अश्लीलता

**अमृत विचार :** छेड़छाड़ करने के आरोपी को दोषी पाते हुए विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कक्ष संख्या दो के न्यायाधीश नीरज कुमार गर्ग ने चार वर्ष के कठोर कारावास समेत 12 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार वादिनी मुकदमा ने 30 जनवरी 2018 को कुंवरगांव पुलिस को तहरीर दी थी जिसमें बताया कि रात लगभग 9 बजे वह अपने परिवार के साथ गांव निवासी गोमिद मौर्य के घर दावत खाने गई थीं। कुछ समय के बाद वापस लौटीं। फिर उन्होंने दृष्टिबाधित दादी के लिए खाना लाने के लिए नाबालिग बेटी को भेजा। रास्ते में मंदिर के पास तालाब है जहां भोला समेत तीन लड़के मिले। उसने बेटी को रोककर पूछा था कि वह कहां जा रही थी। बेटी का कहना था कि वह दृष्टिबाधित दादी के लिए खाना लेने उसके घर जा रही थी। भोला ने भी उसके साथ चलने को कहा। जैसे वह रुकी तो भोला ने उसे पकड़ लिया। उसके मुंह पर कपड़ा रखकर अश्लीलता करने लगा। बेटी ने धक्का-मुक्की किसी तरह कपड़ा हटाया और चिल्लाई। पीड़िता की मां मौके पर पहुंच गई। उन्होंने भोला को पकड़ा लिया लेकिन वह महिला को धक्का देकर भाग गया था। न्यायाधीश ने दलीलों को सुनने के बाद सजा सुनाई।

### प्रयास

बिजली विभाग ने जेई और लाइनमैन को दिया प्रशिक्षण, जिले भर के बिजली कर्मचारियों को प्रशिक्षण देकर किया पारंगत

## अघोषित कटौती और ट्रिपिंग रोकने को कसी कमर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** विद्युत विभाग ने गुरुवार को एक होटल में अपने अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में बताया गया कि गर्मी में ट्रिपिंग और अघोषित विद्युत कटौती को रोकने के लिए किस तरह काम करें और ग्रामीणों को शांत करें। गर्मी में विद्युत आपूर्ति समय सारिणी के अनुसार देने को लेकर भी प्रशिक्षण दिया गया।

विद्युत विभाग को गर्मियों में अघोषित बिजली कटौती रोकने और ट्रिपिंग पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। इन निर्देशों के अनुपालन में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने गुरुवार को सभी अवर अभियंताओं और लाइनमैन कर्मियों सहित विभाग के सभी अधिकारियों का एक विद्युत सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम शहर के फर्रुखाबाद रोड स्थित एक होटल में किया गया। प्रशिक्षण में अधिशासी अभियंता अरविंद गौतम ने सभी जेई और लाइनमैन को निर्देशित किया कि गर्मी में हर लाइन पर ट्रांसफार्मर पर लोड अधिक बढ़ जाता है जिससे ट्रांसफार्मर जल जाते हैं। लाइन के तार टूटते हैं। स्पार्किंग होने पर लाइट गुल हो जाती है, इससे उपभोक्ता उत्तेजित होते हैं। ऐसी स्थिति में अवर अभियंताओं व लाइनमैन कर्मियों को धैर्य से काम लेना है। तत्परता दिखाते हुए मौके पर काम शुरू कर देना है जिससे उपभोक्ताओं को लगे कि विभाग काम कर रहा है। सभी जिम्मेदार जेई और लाइनमैन अपने-अपने क्षेत्रों में जर्जर लाइनों को चिन्हित करें जिससे उनको ठीक कराया जा सके। अधीक्षण अभियंता चंद्रशेखर कुमार ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप उपभोक्ताओं को बिजली देने के लिये लाइनों पर आने वाली कमियों को पहले से चिन्हित करें और समय रहते उनमें सुधार करें। समय सारिणी के अनुसार बिजली आपूर्ति मुहैया कराना सुनिश्चित की जाय।


विद्युत सुधार प्रशिक्षण में मंच पर मौजूद अधिकारी ● अमृत विचार

### अनुरक्षण माह में पूरा करना है मरम्मत का काम

अनुरक्षण माह के तहत पिछले काफी दिनों से लाइनों की मरम्मत की जा रही है। बिजली की लाइनों के ऊपर पेड़ों की टहनियां काटी जा रहीं हैं जिससे लाइन क्षतिग्रस्त न हो। अनुरक्षण माह के तहत 30 अप्रैल तक काम किया जाएगा। यदि उसके बाद कहीं से शिकायत मिलती है तो उस क्षेत्र के जेई और लाइनमैन को जिम्मेदार माना जाएगा।


सामने बैठे लाइनमैन और अवर अभियंता ● अमृत विचार

> गुरुवार को विद्युत सुधार प्रशिक्षण दिया गया है जिससे जेई और लाइनमैन अपने क्षेत्रों में लाइनों को ठीक करा लें। गर्मी में बिजली के बढ़ते लोड को रोकने के लिए कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में लाइनमैन व संविदा कर्मचारी समेत सभी अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।
>
> **चंद्रशेखर कुमार सिंह**-अधीक्षण अभियंता




अम्बा हैल्थ क्लीनिक
ISO 9001:2008 एवं Trademark Certified Clinic
डॉ. आर.एस. सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic
★पतले-दुबले
★गाल पिचके
★कमजोर स्त्री-पुरुष
★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना
वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
22 मार्च 2026, रविवार
5 अप्रैल 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076


शोभा यात्रा में शामिल बंदर का भेष लिए कलाकार। ● अमृत विचार


शोभा यात्रा में उपस्थित नटराजन की झांकी। ● अमृत विचार


शोभा यात्रा में शामिल भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की झांकी। ● अमृत विचार

# हर्षोल्लास के साथ मना हनुमान का जन्म दिन, निकली शोभा यात्रा

## शोभा यात्रा का लोगों ने जगह-जगह किया स्वागत, हुई पुष्प वर्षा, शोभा यात्रा में रही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था, तैनात रहे मजिस्ट्रेट और पुलिस बल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** पवनसुत हनुमान का जन्मोत्सव जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर में शोभा यात्रा निकाली। शोभा यात्रा में भगवान राम और अंजनि पुत्र की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। इनके अलावा काली का अखाड़ा व अन्य झांकियों ने सभी को अपनी ओर आकर्षित किया। लोगों जगह-जगह शोभा यात्रा पर पुष्प वर्षा की। पुलिस-प्रशासन की ओर से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

हनुमान जयंती पर हनुमान जन कल्याण सेवा समिति के तत्वावधान में गुरुवार को शहर में शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा के शुभारंभ से पूर्व समिति के पदाधिकारियों ने अंजनि पुत्र और भगवान राम के स्वरूप की आरती उतारी। शोभा यात्रा शहर के हर प्रसाद मंदिर से रवाना हुई जो प्रमुख मार्गों पर घूमती हुई फिर आरंभ वाले स्थान पर पहुंचकर विसर्जित हो गई। शोभा यात्रा में अन्य जनपदों की झांकियां शामिल रहीं। राम और हनुमान की झांकी आकर्षण का केंद्र रही।

इनके अलावा राम दरबार, मां दुर्गा, खाटू श्याम के साथ केदारनाथ बाबा की झांकी आकर्षण का केंद्र रहीं। कई स्वचालित झांकियां भी शोभा यात्रा में शामिल रहीं। शोभा यात्रा के साथ चल रहे श्रद्धालुओं और समिति के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की ओर से जय श्री राम और जय बजरंगबली के जयकारे लगाए जा रहे थे। इससे वातावरण भक्तिमय बना रहा। शोभा यात्रा पर शहर में कई स्थानों पर पुष्प वर्षा की। शोभा यात्रा के साथ सुरक्षा व्यवस्था के तहत भारी मात्रा में पुलिस बल के साथ पैरामिलिट्री फोर्स के जवान मौजूद रहे। इस मौके पर संगठन प्रबंधक धीरज सक्सेना, अध्यक्ष उज्जवल गुप्ता आदि उपस्थित रहे।


शोभा यात्रा में शामिल भगवान हनुमान की झांकी। ● अमृत विचार


शोभा यात्रा में शामिल काली का अखाड़ा। ● अमृत विचार

- **राम व हनुमान की झांकी रही आकर्षण का केंद्र**
- **शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी शोभा यात्रा**

### भक्ति की लहर में डूबा वजीरगंज, धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती

**वजीरगंज, अमृत विचार :** नगर में हनुमान जयंती इस वर्ष बड़े ही श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ मनाई गई। मुरादाबाद-फर्रुखाबाद हाईवे स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर से हनुमान जन्म उत्सव सेवा समिति के तत्वावधान में विशाल आयोजन किया गया। नगर में निकाली गई शोभा यात्रा में सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने समर्थकों के साथ हिस्सा लिया। गुरुवार को कस्बे में हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई। नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें हनुमान की आकर्षक व स्वचालित झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इसके साथ ही, मां दुर्गा, मां काली, भगवान राम, भगवान कृष्ण व भगवान शिव-पार्वती परिवार सहित झांकियों में सुसज्जित दिखाई दिए। शोभा यात्रा में कलाकारों की ओर से राधा-कृष्ण के स्वरूपों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। चट्टी-चटा और भक्ति संगीत के बीच नगरवासी पूरे उत्साह के साथ शोभा यात्रा में शामिल हुए। करीब दो दर्जन से अधिक झांकियों के साथ शोभायात्रा छोटी सब्जी मंडी, मुख्य बाजार, धनी चौराहा, खिरनी मोहल्ला, होली चौक और इमली मोहल्ला होते हुए बड़ी बाजार पहुंची, जहां रामलीला मैदान में इसका भव्य समापन हुआ। शोभा यात्रा में शामिल सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि यह पर्व भारतीय संस्कृति को दर्शाते हैं। लोगों में आज विशेष उत्साह है। भगवान हनुमान सभी की रक्षा करेंगे। आयोजन के दौरान नगर का वातावरण भक्तिमय बना रहा और हर ओर जयकारों की गूंज सुनाई देती रही।


शोभा यात्रा में शामिल विधायक महेश चंद्र गुप्ता। ● अमृत विचार

### 21 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण


प्रतिमा पर पूजा करते श्रद्धालु।

**उझानी, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत रिसौली में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे कुंवर अंकित चौहान ने 21 फिट ऊंची श्री हनुमान की मूर्ति का अनावरण किया। मुख्य अतिथि ने हनुमान की प्रतिमा पर फूल माला पहनाई। इस मौके पर नत्थू लाल शर्मा, हरिओम सिंह, ठाकुर पुनेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

### भक्तों ने भजन कीर्तन के साथ निकाली पद यात्रा

**दातागंज, अमृत विचार :** नगर में हनुमान जयंती पर मुख्य मार्गो से भक्तों ने भजन कीर्तन के साथ पद यात्रा धूमधाम से निकाली गई। हनुमान की भव्य झांकियों के साथ भक्त लोग बैड बाजों की धुन पर झूम रहे थे। देखने को उमड़ी भीड़ ने झांकियों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। सुरक्षा को लेकर पुलिस बल मौजूद रहा ।

### हनुमान जन्मोत्सव पर कस्बे में निकली शोभा यात्रा, जयकारों से गुंजायमान हुआ वातावरण

**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर में हनुमान जन्मोत्सव पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। श्री हनुमान सेवा समिति के तत्वावधान में एक भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। पूरी शोभा यात्रा के दौरान नगर का वातावरण भक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। शोभा यात्रा का शुभारंभ मुख्य बाजार स्थित पंजाब नेशनल बैंक से हुआ। शोभा यात्रा अटल चौक, बालाजी तिराहा, लोहा बाजार और मोहल्ला नंबर दो से होती हुई गुजरी। शोभा यात्रा मंदिर परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में शामिल आकर्षक और स्वचालित झांकियां श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। बैंड-बाजों की मधुर धुन और हनुमान जी के जयकारों से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा। शोभा यात्रा के स्वागत के लिए पूरे बाजार को केसरिया ध्वजों से बेहद खूबसूरती के साथ सजाया गया था। जगह-जगह भव्य स्वागत द्वार भी बनाए गए थे। लोगों ने शोभा यात्रा पर पुष्प वर्षा की। शाम को आरती की गई। आयोजित कार्यक्रम में बिल्सी विधायक हरीश शाक्य उपस्थित रहे। उनके द्वारा श्रद्धालुओं में लड्डू का प्रसाद वितरित किया।


भगवान हनुमान के रथ को खींचते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# सोरहा गांव में मनाया जन्मोत्सव

संवाददाता, करियामई

**अमृत विचारः** क्षेत्र के ग्राम सोरहा में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिल्सी विधायक हरीश शाक्य रहे। इस मौके पर विधायक ने हवन-पूजन किया।

कार्यक्रम का आयोजन स्वतंत्र सक्सेना की अध्यक्षता में हुआ। बिल्सी विधायक ने हनुमान जी की पूजा-अर्चना की।

उन्होंने कहा कि हनुमान की वाणी में शक्ति और भक्ति का अद्भुत संचार होता है, जो हमें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। वर्तमान में प्रदेश में भाजपा की सरकार और केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम बिना किसी भय के आयोजित किए जा रहे हैं, जबकि पहले इस प्रकार के आयोजनों को लेकर संकोच रहता था। इस मौके पर मोहित पाठक, मनोज चंदेल, भूपेंद्र, कौशल रस्तोगी, अमन ठाकुर, विजेंद्र प्रताप सिंह, शिवम देव ठाकुर सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।


कार्यक्रम में उपस्थित बिल्सी विधायक हरीश शाक्य। ● अमृत विचार

### बांके बिहारी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया

**सहसवान, अमृत विचार :** नगर मोहल्ला बजरिया में प्राचीन मंदिर श्री बांके बिहारी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जन्मोत्सव में हजारों भक्त मंदिर परिसर में मौजूद रहे। भक्तों ने हवन-पूजन किया गया। इसके बाद प्रसाद वितरण हुआ। इस मौके पर महेश चंद्र माहेश्वरी, नितिन माहेश्वरी, सौरभ सक्सेना, सुभाष चंद्र माहेश्वरी, भवेश चांडक, महंत टप्पू आदि भक्त उपस्थित रहे।

# पदोन्नत हुए दो निरीक्षक एक उपनिरीक्षक


पदोन्नत निरीक्षक सुनिल अहलावत को रैंक प्रतीक लगातीं एसएसपी अंकिता शर्मा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** क्राइम ब्रांच के निरीक्षक सुरेंद्र सिंह यादव, शहर अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (सीसीआर) के निरीक्षक सुनिल अहलावत और थाना बिनावर के उपनिरीक्षक अवधेश कुमार मिश्रा को पदोन्नति मिली है। दोनों निरीक्षक सीओ और उपनिरीक्षक, निरीक्षक बने हैं। गुरुवार को एसएसपी अंकिता शर्मा और एसपी देहात डॉ. हृदेश कठेरिया ने पदोन्नत पुलिस कर्मियों को रैंक प्रतीक, कंधे पर स्टार लगाकर सम्मानित किया। उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। एसएसपी ने कहा कि पदोन्नति के साथ उनकी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। उन्होंने अपेक्षा की कि पदोन्नत अधिकारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी व अनुशासन के साथ करते हुए विभाग की गरिमा बनाए रखेंगे।

## पूर्णिमा पर गंगा में श्रद्धालुओं ने किया स्नान

**बदायूं, अमृत विचारः** चैत्र मास की पूर्णिमा पर कछला स्थित गंगा घाट पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। लोगों ने गंगा में आस्था की डूबकी लगाई। पूजा-अर्चना के बाद दान-पुण्य किया। स्नान करने का सिलसिला गुरुवार की भोर से ही शुरू हो गया था। गंगा घाट के दोनों ओर अपार भीड़ जुटी रही। गंगा स्नान के लिए राजस्थान, मध्य प्रदेश सहित अन्य स्थानों के लोग पहुंचे। भीड़ की संख्या को देखते हुए घाट पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। स्नान करने वालों पर सुरक्षा प्रहरियों के आरे से स्टीमर से नजर रखी जा रही थी। भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था।

चैत्र मास की पूर्णिमा पर स्नान करने के लिए श्रद्धालु सुबह से कछला घाट पर पहुंचने शुरू हो गए थे। श्रद्धालुओं ने ब्रह्म मुहूर्त के साथ ही गंगा में स्नान शुरू हो गया था। लोगों ने हर-हर गंगे के जयघोष के साथ गंगा में स्नान किया। हर-हर गंगे के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया।

# बालाजी धाम में मनाया गया जन्मोत्सव


बालाजी की आरती उतारते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


बाला जी धाम में लगा छप्पन का भोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचारः** सिद्ध पीठ श्री बालाजी धाम में हनुमान का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। हनुमान को छप्पन भोग लगाए। महाआरती के बाद प्रसाद का वितरण किया। महाआरती के दौरान समूचा वातावरण भक्ति और आस्था के रस में सराबोर रहा।

महाआरती का शुभारंभ मुख्य अतिथि बिल्सी विधायक हरीश शाक्य और दरबार के महंत मटरू मल शर्मा ने संयुक्त रूप से विधिवत पूजन-अर्चन कर किया। सिद्ध पीठ श्री बालाजी धाम को रंग-बिरंगे फूलों और आकर्षक रोशनी की तरह सजाया गया था। इसकी सुंदरता देखते ही बन रही थी। जन्मोत्सव की खुशी और भक्ति का आलम यह था कि दरबार की ओर से आरती में शामिल होने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को एक-एक दीपक प्रदान किया गया। हजारों दीपकों की लौ एक साथ प्रज्वलित होने से पूरा परिसर दिव्य प्रकाश से जगमगा उठा। धार्मिक अनुष्ठान को आगे बढ़ाते हुए महंत मटरूमल शर्मा द्वारा कन्या भोज का आयोजन किया। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें दूर-दराज से आए हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष आदित्य माहेश्वरी, चारु सोमानी, दीपक बाबा, संजीव शर्मा, नहुष महेश्वरी, पुश्किन महेश्वरी, सौरभ सोमानी, मयंक महेश्वरी आदि उपस्थित रहे।

### श्री हनुमान जन कल्याण सेवा समिति ने मनाया जन्मोत्सव

भक्ति जागरण समान सेवा सोसाइटी और श्री हनुमान जन कल्याण सेवा समिति के द्वारा हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई। भक्तों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। साथ ही, पूजा-अर्चना कर प्रसाद का वितरण किया। इस मौके पर डॉ. आशु नारंग, सरदार भगत सिंह, संजय अरोरा, अनिल अरोरा, प्रेम प्रकाश अग्रवाल, निर्दोष सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

**गायत्री शक्तिपीठ पर हुआ पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ, विद्यारंभ संस्कार :** गायत्री शक्तिपीठ एवं आध्यात्मिक चेतना केंद्र पर हनुमान जयंती और पूर्णिमा पर्व पर देवी शक्तियों का विशेष पूजन हुआ। विद्यारंभ संस्कारों के साथ पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ हुआ। देव कन्याओं को भोजन कराकर दान दक्षिणा दी गई।

गायत्री परिवार की शिवंवदा सिंह, पूनम अरोड़ा, डा.कंचन गुप्ता ने वेदमंत्रोच्चारण कर यज्ञ संपन्न कराया। मुख्य प्रबंध ट्रस्टी सुरेंद्रनाथ शर्मा और जिला समन्वयक नरेंद्र पाल शर्मा ने वेद मंत्रोच्चारण कर देवशक्तियों का पूजन किया। आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी की जिला समन्वयक माया सक्सेना ने विद्यारंभ संस्कार संपन्न कराए।

### धूमधाम से मनी हनुमान जयंती, मंदिरों में हुई पूजा अर्चना

**बदायूं, अमृत विचार :** जनपद भर में पवन पुत्र का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंदिरों में हनुमान चालीसा व सुंदरकांड का पाठ किया गया। बालाजी धाम सहित अन्य मंदिरों में पूजा अर्चना करने के बाद छप्पन भोग लगाया। साथ ही, भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भक्तों द्वारा जय श्री राम, जय हनुमान के जयकारे लगाए गए। इससे वातावरण भक्तिमय हो गया। उझानी रोड स्थित बालाजी धाम पर हनुमान जयंती पर हवन पूजन किया गया। हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ किया गया। पूजा-अर्चना के बाद बालाजी महाराज को छप्पन भोग लगाए गए। इसके बाद उनकी आरती उतारी गई। विधि-विधान से पूजा अर्चना करने के बाद भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके अलावा अन्य मंदिरों में भी हनुमान की पूजा अर्चना की गई। जगह-जगह भंडारे हुए। सर्राफा बाजार स्थित 84 घंटा हनुमान मंदिर पर अंजनी पुत्र बालाजी महाराज का जन्मोत्सव हर्षोल्लास व धार्मिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। सुबह के समय मंदिर के पुजारी सुधीर मिश्रा ने बालाजी हनुमान बाबा का भव्य-दिव्य श्रृंगार नवीन वस्त्र आभूषणों के साथ श्रृंगार किया। इसके बाद संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया। महाआरती व छप्पन भोग के बाद भंडारे का आयोजन किया गया .जिसमें सभी भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के पुजारी पंडित सुधीर मिश्रा ने बताया कि श्री बालाजी हनुमान बाबा भक्तों के संकट मोचक हैं। कलयुग के जागृत देव हैं। इनकी उपासना से भक्तों के सारे संकट दूर हो जाते हैं। इस मौके पर रामगोपाल पटवा, प्रदीप पटवा, नरेश कुमार प्रजापति, कपिल रस्तोगी, आलोक भारद्वाज, दीपक वैश्य, अंशु वैश्य ,कशिश रस्तोगी, संजय राणा, कन्हैया मिश्रा, राजकुमार सिंह सेंगर सहित अनेक भक्त उपस्थित रहे।


भजन कीर्तन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

आत्मीय परिजनों ने गायत्री मंत्र और महामृत्युंजय मंत्र की विशेष आहुतियां यज्ञ भगवान को समर्पित कीं। हनुमान की आरती के बाद भजन-कीर्तन हुए। देव कन्याओं को भोजन कराकर दान दक्षिणा दी गई।

## न्यूज ब्रीफ

### घर में घुसकर मारपीट पुलिस ने दर्ज नहीं की रिपोर्ट

**विजय नगला, अमृत विचार :** पुरानी रंजिश को लेकर कुछ लोगों ने घर में घुसकर लाठी-डंडों से मारपीट की। तमंचे की बट आंख पर मारी। पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया तो पीड़ित ने एसएसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। थाना बिनावर क्षेत्र के गांव पुठी निवासी मधुर सिंह ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 30 मार्च की रात लगभग 10 बजे उनके विरोध पक्ष के छह लोग लाठी-डंडे और तमंचा लेकर उनके घर के सामने आकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर वह लोग घर में घुस आए। मधुर सिंह के साथ घर की महिलाओं को भी पीटा। शोर सुनकर गांव के लोग एकत्र हो गए। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित ने तहरीर दी लेकिन बिनावर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। तीन दिन बीतने के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की।

### दो सड़कों के निर्माण को मिली स्वीकृति

**बिल्सी, अमृत विचार :** विधानसभा बिल्सी क्षेत्र में सड़क सुधार को लेकर बड़ी पहल हुई है। मंडी परिषद के माध्यम से शासन ने दो प्रमुख सड़कों के निर्माण और मरम्मत के लिए 76.12 लाख रुपये की स्वीकृति दी है। इन कार्यों का प्रस्ताव क्षेत्रीय विधायक हरीश शाक्य द्वारा भेजा गया था। स्वीकृत कार्यों में बिल्सी मार्ग पर दविहारी से गढ़ी तक तथा सगराय से मीरापुर ढकपुरा गांव तक सड़क मरम्मत शामिल है। इन दोनों मार्गों की स्थिति लंबे समय से जर्जर बनी हुई थी। इससे स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। लोग लगातार मांग कर रहे थे। विधायक के क्षेत्र भ्रमण के दौरान यह समस्या प्रमुखता से सामने आई, जिसके बाद उन्होंने शासन को प्रस्ताव भेजा। अब स्वीकृति मिलने से जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है।

### युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** थाना कुंवरगांव क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने गुरुवार सुबह पेड़ पर फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना शव का अंतिम संस्कार कर दिया। गांव में प्रेम-प्रसंग के चलते आत्महत्या की चर्चा है। बताया जा रहा है कि युवक दिल्ली से लौटकर आया था। परिजनों से किसी बात को लेकर कहा-सुनी हो गई थी। जिसके बाद युवक ने खेत पर जाकर पेड़ से फंदा लगा लिया।

# जल संरक्षण के लिए जल्द हर ग्राम पंचायत में बनेंगे अमृत सरोवर

## ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट को दूर करने का हो रहा प्रयास

- जिले में 337 अमृत सरोवर का किया गया है निर्माण, नये की चल रही तैयारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** गिरते भू जल को सहेजने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में अमृत सरोवर का निर्माण कराया जा रहा है। जल संकट को दूर करने का प्रयास तेज हो गया है। अब तक जिले में 337 तालाबों की खुदाई की चुकी है। नए अमृत सरोवर बनाने की की तैयारी चल रही है। आने वाले समय में हर ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर दिखाई देंगे जिससे ग्रामीण क्षेत्र में उत्पन्न जल संकट को दूर करने का माध्यम बन सकें।

भूगर्भ जल स्तर को लेकर जिले हालत अच्छी नहीं हैं। हालात अधिक खराब हैं। बरसात के दौरान स्थिति कुछ हद तक ठीक रहती हैं, लेकिन गर्मियों के दिनों में वाटर लेवल एक से डेढ़ फिट तक नीचे चला जाता है। भू गर्भ जल की कमी के कारण जिले के चार ब्लॉक डार्क जोन घोषित हैं वहीं आठ ब्लॉक सेमी क्रिटिकल में शामिल हैं। तीन ब्लॉकों की स्थिति भी ऐसी ही बनी हुई है। अंधाधुंध पानी के दोहन के कारण भूमिगत जल लगातार कम हो रहा है। इस समस्या को देखते हुए प्रदेश सरकार की ओर से हर ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर की खुदाई कराने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे बारिश का पानी संचय कर धरती की कोख को भरा जा सके है। साथ ही पर्यावरण का संतुलन बना रहे।

### 10 हजार घन मीटर जल धारण की है क्षमता

ग्रामीण क्षेत्रों में खोदे गए अमृत सरोवर इसका क्षेत्रफल लगभग 0.4 हेक्टेयर से अधिक है। इनमें लगभग 10,000 घन मीटर की जल धारण क्षमता है। कई पुराने तालाबों का कायाकल्प कर अमृत सरोवर का स्वरूप दिया गया है। साथ ही, उसके चारों ओर छायादार और फलदार पौधे भी लगाए गए हैं जिससे पर्यावरण का संतुलन भी बना रहे।

### अमृत सरोवर से भूगर्भ जल किया जा रहा रिचार्ज

पानी की एक बूंद सहेजने के लिए जनपद में अमृत सरोवर का निर्माण कराया जा रहा है। केंद्र सरकार के पहल पर अमृत सरोवर योजना के गांवों में तालाब की खुदाई की जा रही है। साथ ही, सौंदर्यीकरण भी किया जा रहा है। इन तालाबों में बरसात का बहने वाला पानी इकट्ठा होगा जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के साथ पशु पक्षियों की प्यास तो बुझेगी, साथ ही, भूगर्भ भी रिचार्ज हो सकेगा। इससे वाटर लेवल नीचे नहीं जा पाएगा। पानी की हर समय उपलब्धता भी बनी रहेगी।

### नहीं होगी पानी की किल्लत

सभी 15 विकास खंडों में अमृत सरोवर बनाए जाने हैं। 337 का निर्माण हुआ है। अमृत सरोवर से गांवों में पानी की किल्लत नहीं होगी। लोग दैनिक कार्यों के अलावा सिंचाई के लिए सरोवर के पानी का इस्तेमाल कर पा रहे है। इन तालाबों के माध्यम से बारिश का पानी अधिक से अधिक मात्रा में इकट्ठा किया जा रहा है।

> अमृत सरोवर निर्माण का मुख्य उद्देश्य बारिश का पानी संचय करने का है, ताकि गिरते भूगर्भ जल की स्थिति में सुधार आ सके। साथ ही, पर्यावरण का भी संतुलन न बिगड़े। अब तक जो भी तालाब अमृत सरोवर के रूप में विकसित किए हैं उनका रखरखाव कराया जा रहा है।
>
> **अखिलेश कुमार चौबे**, उपायुक्त मनरेगा।

# उसहैत में पुलिस ने की पैदल गश्त हटाया अतिक्रमण

**उसहैत, अमृत विचार :** उसहैत पुलिस ने गुरुवार को कस्बे में पैदल गश्त कर सड़कों पर सामान बेच रहे दुकानदारों को हटा दिया। अवैध रूप से सड़कों पर लगाए गए ठेले खोमचे हटाए गए। पुलिस की सख्ती के चलते कस्बे में हड़कंप मच गया।

एसएसपी अंकिता शर्मा के निर्देश पर सभी थानों की पुलिस कस्बों में अवैध अतिक्रमण पर सख्ती दिखा रही है। गुरुवार को उसहैत पुलिस ने कस्बे में गश्त कर अपने सख्त तेवर दिखा दिए। जिससे लोग सहम गए। जगह-जगह अतिक्रमण हटाया गया। सड़कों पर खड़े ठेला खोमचा बालों को हटा दिया गया। सड़कों पर दुकान लगा कर सामान बेचने बालों को हटा दिया गया। थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने पैदल गश्त की। थानाध्यक्ष ने दुपहिया फोर व्हीलर वाहनों को हटाया। आये दिन हो रही दुर्घटनाओं से बचाव के लिये दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने व फोर व्हीलर चालकों को सीट बेल्ट लगाने की हिदायत दी। थानाध्यक्ष की आकस्मिक कार्रवाई से नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच रहा।

# मुख्य आरोपी के पिता समेत छह के खिलाफ वाद दायर

**प्लांट पर हत्याकांड**

- गांव सैंजनी में सरकारी जमीन पर किया गया था कब्जा, प्रशासन ने कराया था मुक्त
- तहसीलदार कोर्ट में वाद दायर करने के साथ छह लोगों पर लगाया 45.99 लाख रुपये जुर्माना

संवाददाता, दातागंज

**अमृत विचार :** थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव सैंजनी स्थित एचपीसीएल प्लांट पर 12 मार्च को दो अधिकारियों की हत्या के बाद से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई चल रही है। तहसीलदार कोर्ट और थाने पर मामले दर्ज किए जा रहे हैं। गुरुवार को दोहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह के पिता, पूर्व प्रधान ताऊ समेत छह लोगों पर जमीन पर कब्जा करने के मामले में मामला दिया गया है। साथ ही, 45.99 लाख रुपये जुर्माना भी लगाया गया। सभी को बेदखली का नोटिस भी जारी किया गया है। प्लांट के उप महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता और सहायक मुख्य प्रबंधक हर्षित मिश्रा की प्लांट के भीतर दिन-दहाडे. तीन गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह समेत तीन आरोपियों को जेल भेजा चुका है। अब मुख्य आरोपी के परिवार की अवैध रूप से कब्जाई गई संपत्ति पर कार्रवाई चल रही है। गुरुवार को ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा करने पर हल्का लेखपाल ने धारा 67 के अंतर्गत तहसीलदार कोर्ट में कार्रवाई कराई है। मुख्य हत्यारोपी के पिता राजेश सिंह, ताऊ राकेश सिंह पर तहसीलदार कोर्ट में वाद दायर करने के अलावा 29 लाख 59 हजार 200 रुपये जुर्माना लगाया है। इसके अलावा नेमपाल व चुन्नीला पर वाद दायर करने के साथ 7 लाख 29 हजार रुपये, बुधपाल और मनोहर के खिलाफ भी वाद दायर करने के साथ 9 लाख 10 हजार 800 रुपये जुर्माना लगाया गया है। सभी पर सरकारी जमीन पर कब्जा करने का आरोप है। प्रशासन ने कब्जा की जमीन को मुक्त कराकर वाद दायर कराया है। एसडीएम धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि सरकारी जमीन पर कब्जा करने पर वाद दायर किया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# दीदी अभियान में कुंवर गांव की महिलाओं को किया गया जागरूक

संवाददाता, कुंवरगांव

**अमृत विचार :** गुरुवार को मिशन शक्ति फेज-5 "दीदी अभियान के अंतर्गत महिलाओं व बालिकाओं की एक जागरूकता बैठक की गई। बैठक में उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन तथा यातायात नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस दौरान सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं नशा मुक्ति भारत अभियान के बारे में भी अवगत कराया गया। साथ ही, बालिकाओं को उनकी सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड लाइन 1098 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के अंत में महिला कांस्टेबल मंजू द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक रहने व जरूरत पड़ने पर हेल्पलाइन सेवाओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।



महिलाओं को जागरूक करती महिला पुलिस। • अमृत विचार

# मुठभेड़ के बाद पुलिस ने पकड़ा लूट का आरोपी

- गुरुवार तड़के गश्त के दौरान लूट के आरोपी भूरा ने पुलिस पर की थी फायरिंग
- 5 मार्च को गांव फिरोजपुर निवासी बॉबी पाठक को लेकर लिफ्ट देकर की थी लूट

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** बिसौली पुलिस ने मुठभेड़ के बाद लूट के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। उसके पास से लूटा हुआ मोबाइल फोन, एक बाइक, तमंचा, दो जिंदा व दो खोखा कारतूस बरामद हुए। सूचना मिलने पर एसपी देहात डॉ. हृदेश कठेरिया और सीओ बिसौली संजीव कुमार मौके पर पहुंचे। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव शेखूपुरा के पास 5 मार्च को बिना नंबर प्लेट की बाइक सवार दो युवकों ने फिरोजपुर निवासी बॉबी पाठक पुत्र नरेंद्र पाठक को लिफ्ट देने के बहाने 5250 रुपये और मोबाइल फोन लूट लिया था। बॉबी पाठक अपनी बहन की ससुराल जिला संभल के बहजोई क्षेत्र के गांव करीमपुर से वापस लौट रहे थे। वाहन का इंतजार करते समय दोनों युवक बाइक से आए थे और उन्हें लिफ्ट दी थी। शेखूपुरा मंदिर के पास लूट करके भाग गए थे। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

गुरुवार तड़के चेकिंग के दौरान निरीक्षक सहंसरवीर को सूचना मिली कि लूट मामले के आरोपी गंगा एक्सप्रेस वे से गांव भानपुर की ओर जाने वाले हैं। पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। जहां युवक बाइक से आता नजर आया। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया लेकिन वह नहीं रुका और जान से मारने की नीयत से पुलिस पर फायरिंग की। सिपाही के दाहिने हाथ में फायर लगा।

जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। आरोपी के दाहिने पैर में गोली लगी। वह घायल होकर गिर गया। उसने अपना नाम बिल्सी कोतवाली क्षेत्र के गांव सदरपुर निवासी भूरा उर्फ नन्हें पुत्र सरनाम बताया। उसके पास से घटना में प्रयुक्त बिना नंबर की बाइक भी बरामद हुई। पूछताछ में उसने बताया कि वह अपने साथी के साथ मिलकर घटना को अंजाम देते हैं। उसने ही अपने साथी के साथ मिलकर इसी बाइक से युवक को लिफ्ट देकर लूट की थी। घायल पुलिसकर्मी और आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी पर बिल्सी, वजीरगंज, बिसौली, उघैती थाने में लूट, डकैती, चोरी, आयुध अधिनियम, गैंगस्टर एक्स, एनडीपीएस एक्ट आदि के 18 मामले दर्ज हैं।



घायल आरोपी को लेकर जाती पुलिस

> पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। सूचना मिली की गंगा एक्सप्रेस वे के सर्विस रोड पर एक बदमाश किसी घटना को अंजाम देने के लिए जा रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची। बाइक सवार को रुकने का इशारा किया तो उसने पुलिस पर फायरिंग की। एक सिपाही घायल हुआ। जवाब में पुलिस ने फायरिंग की। घायलों को भर्ती कराया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।
>
> - **डॉ. हृदेश कठेरिया**, एसपी देहात।

# पुरानी पेंशन स्कीम पर 21 से धरना-प्रदर्शन की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सेवानिवृत्त कर्मचारी व पेंशनर्स एसोसिएशन जनपद शाखा की बैठक कोषागार के पेंशनर भवन में हुई। बैठक में पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने की केंद्र सरकार से मांग की गई। साथ ही, चेतावनी दी गई कि अगर 20 अप्रैल तक मांगें पूरी नहीं होती हैं तो 21 अप्रैल को धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता प्रांतीय कर्मचारी नेता कवि माधव मिश्र ने कहा कि शेयर बाजार में गिरावट से नई पेंशन स्कीम लेने वाले केंद्रीय व राज्य कर्मचारियों को पिछले माह में दो से तीन हजार तक ही पेंशन मिलने के कारण उनके परिवारों के स्थिति दयनीय हो गई है इसलिए भारत सरकार से हम सब पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने की मांग की जा रही है। प्रांतीय नेता ने कई बिंदुओं पर सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि अर्थव्यवस्था मजबूत है इसलिए मांग करते हैं कि कोरोना काल के अठारह माह की महंगाई राहत पेंशनर्स को दिया जाय। उन्होंने कहा कि रेलवे किराए में पूर्व की भांति पचास प्रतिशत की छूट मिलनी ही चाहिए। आठवां वेतन आयोग सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुरूप सभी देय लाभांश सहित मिलने चाहिए। अगर पच्चीस बिंदुओं पर सभी मांगे केंद्र सरकार की ओर से 20 अप्रैल तक पूरी नहीं की जाती हैं, तो प्रदेश अध्यक्ष अमर नाथ यादव के आह्वान पर प्रत्येक जनपद में 21 अप्रैल को धरना-प्रदर्शन कर प्रशासन के माध्यम से मांगों का ज्ञापन प्रधानमंत्री को भेजा जाएगा।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए राजेश कुमार जौहरी ने कहा कि पेंशनर वरिष्ठ नागरिक हैं जिन्हें बैंक व अस्पताल से लेकर सभी विभागों में प्रमुखता से अलग काउंटर अलग से बनकर व्यवस्था की जाय।

कार्यक्रम संचालक इंजीनियर प्रमोद कुमार शर्मा ने कहा कि मांगो को लेकर पेंशनरों का हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है, हस्ताक्षर प्रपत्र प्रदेश स्तर पर भेजने हैं। उपेंद्र उपाध्याय ने कहा कि कर्मचारी रहते हुए संघर्षों के माध्यम से सरकारों से कई शासनादेश लागू कराए हैं। अपनी मांगो को मानवाकर ही हम सभी दम लेंगे। वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविन्द्र मोहन सक्सेना व जिला उपाध्यक्ष ब्रजेश चौहान ने संगठन की एकता पर जोर दिया। बैठक में सीमा शर्मा, मधु जैन, विश्व मोहिनी शुक्ला, पुष्पा सक्सेना, शकुंतला देवी, कृष्णा शर्मा, आयशा परवीन, मधुरानी, मुन्नी देवी दुर्विजय सिंह, सुभाष चंद शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष सुशील कुमार सक्सेना उर्फ नीरू, छोटे लाल सगर, ने विचार व्यक्त किए। आज की पेंशनर सभा में आरके मिश्रा, विनोद पाल सिंह, रामेश्वर दयाल गोस्वामी, इरफान हुसैन, मोहम्मद इदरीश, राम निवास वर्मा, नरेश चंद, प्रभाकर मिश्रा, हेमंत कुमार गुप्ता, आरके मिश्रा, हरिओम सक्सेना, बिजेंद्र पाल सिंह, राजेंद्र कुमार आदि शामिल थे।



बैठक को संबोधित करते कवि माधव मिश्र। • अमृत विचार

# मृत पेंशनरों की शांति को हुई शोक सभा

**बदायूं, अमृत विचार:** गुरुवार को ऐसे पेंशनर व पारिवारिक पेंशनर जिनकी मृत्यु माह मार्च में हुई थी, की आत्मा की शान्ति के लिए कोषागार मे शोक सभा हुई।

शोकसभा में पेंशन यूनियन के पदाधिकारियों के साथ वरिष्ठ कोषाधिकारी विकास चौधरी भी उपस्थित रहे। उनके द्वारा मृत पेंशनरों आत्मा की शान्ति के लिये दो मिनट का मौन धारण किया गया। इस मौके पर माधव मिश्रा, प्रमोद कुमार शर्मा, विनोद कुमार, रामबहादुर, सहायक कोषाधिकारी, मोहित रस्तोगी, दिव्या शुक्ला उपस्थित रहे।

# परेशान महिला ने एसएसपी कार्यालय के बाहर खाया विषाक्त पदार्थ

- पड़ोस में रहने वाले युवक से होता रहता है विवाद, दोनों ओर से दर्ज कराई जा चुकी है रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** युवक से परेशान होकर एक नगर पंचायत का परिवार गांव छोड़ने को मजबूर है। परिवार की एक महिला परिवार के साथ गुरुवार को एसएसपी कार्यालय के बाहर पहुंची और विषाक्त पदार्थ खा लिया। महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। आरोप है कि पुलिस युवक का पक्ष करती है जिसकी वजह से उसकी दबंगई ज्यादा बढ़ गई है। थाना मूसाझाग क्षेत्र की नगर पंचायत गुलड़िया के वार्ड 10 निवासी बुजुर्ग राम भरोसे पुत्र डोरी लाल खेती कर परिवार का पालन पोषण करते हैं। परिवार में उनकी पत्नी मुन्नी देवी, बेटा हरीश व पुत्रवधू सुनीता, नाती अनुभव व आयुष हैं। गांव में पड़ोस में रहने वाले अर्पित उर्फ भोले पुत्र बाबू सिंह से उनका विवाद चल रहा है। इसको लेकर कई बार मारपीट हो चुकी है। भोला ने उन पर जानलेवा हमला की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। परिवार ने मामले में जमानत करा ली थी। वहीं उनकी ओर से भी अर्पित पर रिपोर्ट दर्ज कराई जा चुकी है। गुरुवार को परिवार ने गांव में ट्रॉली पर अपना सामान भरा और एसएसपी कार्यालय पहुंचे जहां दूसरे पक्ष के लोग भी मौजूद थे। इसी दौरान सुनीता शर्मा ने कार्यालय के बाहर विषाक्त पदार्थ खा लिया। वह जमीन पर गिर गईं। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिसकर्मी



जिला अस्पताल में भर्ती महिला का इलाज करती कर्मी। • अमृत विचार

# दावत के बहाने बुलाकर की गई थी युवक की हत्या

**ओरछी, अमृत विचार :** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में युवक की हत्या करके शव एमएफ राजमार्ग के पास चकरोड किनारे जुते हुए खेत में फेंक दिया गया था। पुलिस ने तीन नामजद समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने संदिग्धों को उठाकर पूछताछ की है। पुलिस टीमों का गठन किया गया है। पुलिस जल्द ही खुलासा कर सकती है।

ग्रामीणों ने खेत में युवक का शव देखा जिसके गला काले गमछे से कसा हुआ था। शरीर पर चोट के निशान थे। मृतक की शिनाख्त गुड्डू उर्फ आसिफ पुत्र इकबाल के रूप में हुई थी। मृतक के बेटे अमन खां ने तहरीर देकर बताया कि 30 मार्च की दोपहर लगभग तीन बजे शरीफ, मनोज, नेक्शा समेत पांच लोग उनके पिता को दावत के लिए बुलाकर ले गए थे।

# हानिकारक रसायन की बिक्री पर प्रतिबंध

- कृषि अधिकारी ने दुकानदारों को रसायन की बिक्री करने पर कार्रवाई की दी है चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** हानिकारक रासायनिक कीटनाशक की बिक्री पर कृषि विभाग ने प्रतिबंध लगा दिया। यलो फास्फोरस के प्रयोग न सिर्फ जानवरों के लिए खतरनाक है बल्कि मानव जीवन के लिए भी खतरा उत्पन्न हो गया है। कृषि अधिकारी ने दुकानदारों को चेतावनी दी है कि अगर प्रतिबंधित कीटनाशक की बिक्री करते हुए पाए गए तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कृषि अधिकारी मनोज रावत ने बताया कि फसलों में चूहों की रोकथाम के लिए किसान कीटनाशक का प्रयोग करते हैं। यलो फास्फोरस कीटनाशक अत्यंत विषैला, चिपचिपा व लहसुन की गंध वाला होता है। इसके प्रयोग से सीवियर एक्यूट, लिवर फेल्योर व मल्टी ऑर्गन डैमेज हो जाता है। इसका कोई भी एन्टीडोज न होने के कारण यह पदार्थ मानव व पालतू जानवरों के लिए बहुत विषैला है। उन्होंने बताया कि शासन की ओर से यलो फास्फोरस की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। उन्होंने बताया कि दुकानदारों को चेतावनी जारी गई है। अगर कोई दुकानदार उत्पाद की अनाधिकृत बिक्री व उत्पादन का प्रयोग करने पर कीटनाशक अधिनियम 1968 व कीटनाशक नियमावली 1971 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

M. S. Vidya Mandir
09 Gopal Nagar, Sanjay Nagar, Bareilly
Required
Trained Female Teacher for Primary Classes
(B.Ed., B.T.C.)
Nursery to 8th Classes
Contact :
9411007501, 8077232373

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम MOHIT KUMAR AGARWAL है जो कि सही है। किन्तु मुझे MOHIT AGARWAL के नाम से भी जाना जाता है। भविष्य में मैं अपना नाम MOHIT KUMAR AGARWAL ही प्रयोग करना चाहता हूं। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **मोहित कुमार अग्रवाल पुत्र देवी प्रसाद अग्रवाल निवासी 181/1, हर्षी बंगला सिविल लाइन लखीमपुर खीरी**

**सूचना**

मेरा माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश का हाईस्कूल प्रमाणपत्र जिसका अनुक्रमांक 1060992 तथा प्रमाणपत्र संख्या 31011880 वर्ष 2010 जो वास्तव में कहीं खो गया है। **अजीत कुमार पुत्र गोवर्धन लाल ग्राम रायपुर पोस्ट रायपुर घुँसी थाना नीमगांव जिला खीरी लखीमपुर।**

**सूचना**

मैंने अपने छोटे पुत्र रमेश उर्फ राजू व पुत्रवधू सुनीता के गलत आचरण व दुर्व्यहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। वे अपने कृत्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे, मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। **सोमवती पत्नी स्व. कल्याण सिंह, निवासी- वार्ड नं-2, मोहल्ला नई बस्ती, रिठौरा, थाना हाफिजगंज, बरेली।**

**सूचना**

मैंने अपनी पुत्री अंशिका वर्मा पुत्री स्व. कमल किशोर वर्मा (पत्नी अभय प्रताप सिंह उर्फ सत्यम) को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। मेरा व मेरे परिवार का उससे कोई वास्ता नहीं होगा। **नीलम वर्मा पत्नी स्व. कमल किशोर वर्मा निवासी 1571, सुभाष नगर, तिलक कलोनी, बरेली**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै कु. अन्जुम आरा पुत्री स्व. फजल हुसैन निवासी रोहली टोला पुराना शहर बरेली स्थित मकान की तन्हा मालिक काबिज हूँ। मेरे अतिरिक्त यदि कोई व्यक्ति उक्त मकान का क्रय-विक्रय करता है। तो वह कतई नाजायत है। उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **कु. अन्जुम आरा पुत्री स्व. फजल हुसैन निवासी 663, पुराना शहर, रोहली टोला, बरेली। मो. 9760728742**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे नाम में विभिन्न अभिलेखों में अंतर है। मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम अश्वनी कुमार गुप्ता अंकित है, जबकि अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा नाम अश्वनी गुप्ता अंकित है। दोनों नाम अश्वनी कुमार गुप्ता एवं अश्वनी गुप्ता एक ही व्यक्ति के नाम हैं और दोनों नामों से मुझे जाना व पहचाना जाता है। मेरा सही एवं प्रचलित नाम अश्वनी गुप्ता है। **अश्वनी गुप्ता पुत्र श्री पंकज कुमार गुप्ता निवासी पंजाबी कॉलोनी, गोला गोकर्णनाथ, जिला लखीमपुर खीरी (उ.प्र.)**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## ऑपरेशन मुस्कान में बरामद की गईं 48 अपहर्ताएं

**पीलीभीत, अमृत विचार :** मिशन शक्ति अभियान के तहत चलाए गए ऑपरेशन मुस्कान में पुलिस ने 48 गुमशुदा किशारियों/युवतियों को बरामद किया। उनके मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की गई। इसमें गजरौला, माधोटांडा, सुनगढ़ी, बरखेड़ा, न्यूरिया, बीसलपुर, बिलसंडा, पूरनपुर, अमरिया, जहानाबाद, आदि थानों से जुड़े मामले रहे। एसपी सुकीर्ति माधव ने बताया कि समस्त थानों पर प्रकरण संज्ञान में आने पर संबंधित थानों पर टीमें गठित की गई थी।

# हनीट्रैप में शामिल गिरोहों के खिलाफ कार्रवाई करें : हाईकोर्ट

## न्यायमूर्ति जेजे मुनीर और न्यायमूर्ति तरुण सक्सेना की पीठ ने दिया आदेश

**प्रयागराज, एजेंसी**

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पुलिस अधिकारियों को उन गिरोहों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है जो पुरुषों से धन वसूली के लिए कथित तौर पर महिलाओं का इस्तेमाल करते हैं। उच्च न्यायालय ने बिजनौर के फौजिया एवं अन्य की रिट याचिका पर यह आदेश दिया। न्यायमूर्ति जेजे मुनीर और न्यायमूर्ति तरुण सक्सेना की पीठ ने अपने आदेश में कहा कि इस तरह के मामले समाज में अत्यंत हानिकारक परिस्थिति को उजागर करते हैं।

पीठ ने इसे बहुत गंभीर मामला बताते हुए हनीट्रैप (मोहपाश) के आरोपी कुछ पुलिसकर्मियों समेत पांच लोगों के खिलाफ धन वसूली के एक मामले को रद्द करने के अनुरोध पर विचार करने से इनकार कर दिया। उच्च न्यायालय ने कहा कि हम इस रिट याचिका को वापस लेने की याचिकाकर्ताओं की प्रार्थना स्वीकार करते हैं, लेकिन हमारा विचार है कि इसकी मेरठ जोन के पुलिस महानिरीक्षक द्वारा गहन जांच किए जाने की आवश्यकता है। अदालत ने कहा कि यदि इस तरह का गिरोह या कोई अन्य गिरोह भी काम कर रहा है और महिलाओं के जरिए मोहपाश में फंसाकर निर्दोष लोगों को ब्लैकमेल कर रहा तो पुलिस महानिरीक्षक कड़ी निगरानी बनाए रखने को सभी जिलों के पुलिस प्रमुखों को अलर्ट करें। यदि इस तरह के अपराध जारी रहते हैं तो एक सभ्य दुनिया में रहना मुश्किल हो जाएगा।

बिजनौर पुलिस द्वारा दर्ज इस मामले में शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि बिजनौर में एक होटल में एक महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाने के बाद उसे आरोपियों द्वारा ब्लैकमेल किया गया। उस महिला द्वारा कुछ वीडियो क्लिप रिकॉर्ड किए गए थे। आरोपियों ने इस मामले को निपटाने के लिए 8-10 लाख रुपये की मांग की थी। शिकायतकर्ता ने इस मामले की सूचना पुलिस को दे दी जिसके बाद प्राथमिकी दर्ज की गई। इसके बाद आरोपियों ने यह रिट याचिका दायर कर अदालत का रुख किया और प्राथमिकी रद्द करने की मांग की। हालांकि, अदालत ने याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया जिसके बाद याचिकाकर्ताओं के वकील ने याचिका वापस ले ली।

# सीडीओ ने की पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचारः** सीडीओ की अध्यक्षता में पीएमसूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की बैठक हुई। वेंडर्स द्वारा बैंकों द्वारा सहयोग न करने की जानकारी दी गई। जिस पर सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों को सभी बैंकों को योजना के अंतर्गत ऋण उपलब्ध कराने और समय सीमा निर्धारित करने के निर्देश दिए।

गांधी सभागार में गुरुवार को सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास की अध्यक्षता में हुई बैठक में परियोजना अधिकारी नेडा ने बताया कि वर्ष 2025-26 तक कुल 1764 घरों पर सोलर रूफटाप पावर प्लांट लगाने का लक्ष्य निर्धारित है, जिसके सापेक्ष 4917 घरों पर सोलर रूफटॉप पावर प्लांट स्थापित किया जा चुका है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा अब तक 4282 उपभोक्ताओं को अनुदान अवमुक्त किया जा चुका है। इस दौरान सीडीओ ने वेंडर्स की समस्याएं भी सुनी। जिसमें अधिकांश मामले बैंक लोन से संबंधित निकले। पाया गया कि बैंकों द्वारा लोनिंग में पर्याप्त सहयोग नही किया जा रहा है। बैठक में अधिशासी अभियंता विद्युत (नोडल), अग्रणी बैंक प्रबंधक, परियोजना अधिकारी नेडा समेत यूपीनेडा के वेंडर्स मौजूद रहे।

## कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, दातागंज (बदायूं)

पत्रांक : कृ.उ.म.स./2025-26/129 दिनांक : 02.04.2026

**सफाई हेतु ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवीन मण्डी स्थल दातागंज (बदायूं) की वित्तीय वर्ष 2026-27 (दिनांक 01.05.2026 से 31.03.2027 तक) की दैनिक सफाई निविदा दिनांक 14.04.2026 की सायं काल 5:00 बजे तक जैम पोर्टल पर बिड संख्या- GEM/2026/B/7409331 एवं www.gem.gov.in के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। समस्त नियम एवं शर्ते जैम पोर्टल/कार्यालय में देखी जा सकती है।

**(खडबिन्द प्रकाश)** सचिव, कृषि उत्पादन मण्डी समिति, दातागंज (बदायूं)

**(धर्मेन्द्र कुमार सिंह)** सभापति/उपजिलाधिकारी, कृषि उत्पादन मण्डी समिति, दातागंज (बदायूं)

## कार्यालय नगर पंचायत न्यूरिया हुसैनपुर जनपद-पीलीभीत

पत्रांक: मैमो/न.न्यू.हु./2025-26 दिनांक: 08.01.2026

**विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ''स्वच्छ भारत मिशन'' (नगरीय) के अन्तर्गत नगर के समस्त नागरिकों, दुकानदारों, व्यवसायियों, शासकीय/अर्द्धशासकीय कार्यालयों को शसन के आदेशानुसार नगर में घर, दुकान, प्रतिष्ठान, शासकीय/अर्द्धशासकीय कार्यालयों में निर्मित सेप्टिक टैंक को IS:2470, IS: 2470 Part 1 एवं IS:2470, Part 2 के मानक के अनुसार निर्मित कराया जाना आवश्यक है, एवं सैप्टेज प्रबंधन के अंतर्गत नगर पंचायत के समस्त भवन स्वामियों/नागरिकों को सूचित किया जाता है कि समस्त शौचालय सेप्टिक टैंक को खाली कराने हेतु समय-समय पर सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के तहत कार्यवाही अनिवार्य रूप से निम्नानुसार सुनिश्चित करेंगे।

1. सेप्टिक टैंक को उपभोक्ता द्वारा 3 वर्ष में एक बार खाली कराया जाना अनिवार्य है, न कराये जाने पर 500 रू. (पांच सौ रूपये) जुर्माने की कार्यवाही की जायेगी।
2. सेप्टिक टैंक भरे होने पर तत्काल ही खाली कराया जाना सुनिश्चित करेंगे जिससे किसी भी स्थिति में मल/फीकल स्लज नालियों में प्रवाहित ना हो।
3. सभी प्राइवेट डीस्लजिंग ऑपरेटर से अनुरोध है कि वह नगर पंचायत न्यूरिया हुसैनपुर, कार्यालय में अपना पंजीकरण आवश्यक करा लें अन्यथा की स्थिति में उन पर SWM Rule 2016 के अन्तर्गत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।
4. मैनुअल स्कैवेंजिंग पूर्णतयः प्रतिबंधित है तथा कोई भी कर्मचारी या व्यक्ति मैनुअली सीवर या सेप्टिक टैंक को खाली करते हुये/कराते हुए पाया जाता है तो उस पर रू. 2000 (दो हजार रूपये) का अर्थदण्ड एवं नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।
5. सेप्टिक टैंक मलवा/स्लज के निस्तारण में लगे समस्त सफाई मित्र व पंजीकृत स्लज ऑपरेटर बिना किसी सेप्टिक गियर अथवा इक्विपमेंट के सेप्टिक टैंक/सीवर में कार्य करते हुए पाए जाते हैं। तो सफाई मित्र, सीवर सेप्टिक वाहन स्वामी वाहन/व्यावसायिक आवास स्वामी के विरूद्ध नगर पंचायत न्यूरिया हुसैनपुर, पीलीभीत द्वारा SWM Rule 2016 के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी।
6. किसी भी दशा में अवैध, अपंजीकृत तथा सीधे श्रमिकों से सेप्टिक टैंकों को खाली व साफ न कराया जाए, कराए जाने पर उस पर नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही की जायेगी।
7. सेप्टिक टैंक खाली कराते समय निकलने वाली फीकल स्लज को खुले में ना बहाए।
8. उपभोक्ताओं/टैंकर संचालकों द्वारा यदि एकत्रित फीकल स्लज/अनुपचारित फीकल स्लज को खुले/नाले में बहाया जाता है तो उस सिति में मा. राष्ट्रीय हरित अभिकरण के नियमों को उल्लंघन मानते हुए प्रथम बार में 5000 रू. (पांच हजार रूपये) एवं पुनरावृत्ति होने पर 50000 रू. (पचास हजार रूपये) तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।
9. नगर पंचायत न्यूरिया हुसैनपुर जनपद पीलीभत सीमान्तर्गत सभी सेप्टिक टैंक को IS:2470, IS: 2470 Part 1 एवं IS:2470, Part 2 के मानक के अनुसार निर्मित न कराये जाने पर 1000 रू. (एक हजार रूपये) अर्थदण्ड किया जा सकता है।
10. नगर पंचायत न्यूरिया हुसैनपुर, पीलीभीत के द्वारा अपनी सीवर सक्शन मशीन से नगर पंचायत सीमान्तर्गत सेप्टिक टैंक खाली कराए जाने हेतु शुल्क 2000 रू. (दो हजार रूपये) प्रति ट्रिप देय होगा।
11. नगर पंचायत न्यूरिया हुसैनपुर, पीलीभीत के सीमान्तर्गत सेप्टिक टैंक खाली कराए जाने हेतु निम्न हेल्पलाइन नंबर 14420/1533 तथा मो. 8449436534 पर संपर्क किया जा सकता है।
12. साफ-सफाई सम्बन्धित कोई भी सुझाव एवं शिकायत हेतु हेल्पलाइन नंबर 1533 तथा मो. नं. 8449436534 पर संपर्क किया जा सकता है।

**अधिशासी अधिकारी** नगर पंचायत न्यूरिया हुसैनपुर पीलीभीत

**अध्यक्ष** नगर पंचायत न्यूरिया हुसैनपुर पीलीभीत

## कार्यालय नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा-पीलीभीत

पत्रांक: मैमो/न.पं.गु.भि./2025-26 दिनांक: 08.01.2026

**विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ''स्वच्छ भारत मिशन'' (नगरीय) के अन्तर्गत नगर के समस्त नागरिकों, दुकानदारों, व्यवसायियों, शासकीय/अर्द्धशासकीय कार्यालयों को शसन के आदेशानुसार नगर में घर, दुकान, प्रतिष्ठान, शासकीय/अर्द्धशासकीय कार्यालयों में निर्मित सेप्टिक टैंक को IS:2470, IS: 2470 Part 1 एवं IS:2470, Part 2 के मानक के अनुसार निर्मित कराया जाना आवश्यक है, एवं सैप्टेज प्रबंधन के अंतर्गत नगर पंचायत के समस्त भवन स्वामियों/नागरिकों को सूचित किया जाता है कि समस्त शौचालय सेप्टिक टैंक को खाली कराने हेतु समय-समय पर सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के तहत कार्यवाही अनिवार्य रूप से निम्नानुसार सुनिश्चित करेंगे।

1. सेप्टिक टैंक को उपभोक्ता द्वारा 3 वर्ष में एक बार खाली कराया जाना अनिवार्य है, न कराये जाने पर 500 रू. (पांच सौ रूपये) जुर्माने की कार्यवाही की जायेगी।
2. सेप्टिक टैंक भरे होने पर तत्काल ही खाली कराया जाना सुनिश्चित करेंगे जिससे किसी भी स्थिति में मल/फीकल स्लज नालियों में प्रवाहित ना हो।
3. सभी प्राइवेट डीस्लजिंग ऑपरेटर से अनुरोध है कि वह नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा, कार्यालय में अपना पंजीकरण आवश्यक करा लें अन्यथा की स्थिति में उन पर SWM Rule 2016 के अन्तर्गत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।
4. मैनुअल स्कैवेंजिंग पूर्णतयः प्रतिबंधित है तथा कोई भी कर्मचारी या व्यक्ति मैनुअली सीवर या सेप्टिक टैंक को खाली करते हुये/कराते हुए पाया जाता है तो उस पर रू. 2000 (दो हजार रूपये) का अर्थदण्ड एवं नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।
5. सेप्टिक टैंक मलवा/स्लज के निस्तारण में लगे समस्त सफाई मित्र व पंजीकृत स्लज ऑपरेटर बिना किसी सेप्टिक गियर अथवा इक्विपमेंट के सेप्टिक टैंक/सीवर में कार्य करते हुए पाए जाते हैं। तो सफाई मित्र, सीवर सेप्टिक वाहन स्वामी वाहन/व्यावसायिक आवास स्वामी के विरूद्ध नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा, पीलीभीत द्वारा SWM Rule 2016 के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी।
6. किसी भी दशा में अवैध, अपंजीकृत तथा सीधे श्रमिकों से सेप्टिक टैंकों को खाली व साफ न कराया जाए, कराए जाने पर उस पर नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही की जायेगी।
7. सेप्टिक टैंक खाली कराते समय निकलने वाली फीकल स्लज को खुले में ना बहाए।
8. उपभोक्ताओं/टैंकर संचालकों द्वारा यदि एकत्रित फीकल स्लज/अनुपचारित फीकल स्लज को खुले/नाले में बहाया जाता है तो उस सिति में मा. राष्ट्रीय हरित अभिकरण के नियमों को उल्लंघन मानते हुए प्रथम बार में 5000 रू. (पांच हजार रूपये) एवं पुनरावृत्ति होने पर 50000 रू. (पचास हजार रूपये) तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।
9. नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा जनपद पीलीभत सीमान्तर्गत सभी सेप्टिक टैंक को IS:2470, IS: 2470 Part 1 एवं IS:2470, Part 2 के मानक के अनुसार निर्मित न कराये जाने पर 1000 रू. (एक हजार रूपये) अर्थदण्ड किया जा सकता है।
10. नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा, पीलीभीत के द्वारा अपनी सीवर सक्शन मशीन से नगर पंचायत सीमान्तर्गत सेप्टिक टैंक खाली कराए जाने हेतु शुल्क 2000 रू. (दो हजार रूपये) प्रति ट्रिप देय होगा।
11. नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा, पीलीभीत के सीमान्तर्गत सेप्टिक टैंक खाली कराए जाने हेतु निम्न हेल्पलाइन नंबर 14420/1533 तथा मो. 9837993914 पर संपर्क किया जा सकता है।
12. साफ-सफाई सम्बन्धित कोई भी सुझाव एवं शिकायत हेतु हेल्पलाइन नंबर 1533 तथा मो. नं. 9837993914 पर संपर्क किया जा सकता है।

**अधिशासी अधिकारी** नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा पीलीभीत

**अध्यक्ष** नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा पीलीभीत

## भारत सेवक समाज इंटर कॉलेज रजपुरी नवादा जिला बरेली

(द्वारा संचालित-भारत सेवक समाज हायर सेकेन्ड्री स्कूल रजपुरी नवादा जिला बरेली पंजीकरण संख्या 189/1956-57 दिनांक 31.07.1956)

**सूचना**

सोसायटी साधारण सभा के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि सोसायटी साधारण सभा के सदस्यों द्वारा विद्यालय भारत सेवक समाज इंटर कॉलेज रजपुरी नवादा जिला बरेली प्रबन्ध समिति के निर्वाचन कार्यक्रम निम्नानुसार निर्धारित किया गया है:-

1. सोसायटी साधारण सभा के सदस्यों की अंतिम सूची का प्रकाशन दिनांक 04.04.2026।
2. आपत्तियां कोई हो, को प्राप्त करना व अध्यक्ष द्वारा उनका निस्तारण करना दिनांक 06.04.2026 (11:00 AM)।
3. आपत्तियां निराकरण के उपरान्त अंतिम सूची का प्रकाशन दिनांक 06.04.2026 (02:00 PM)
4. प्रबन्ध समिति सदस्यता हेतु नामांकन पत्रों की प्राप्ति व प्राप्त नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन दिनांक 07.04.2026 समयः 11:00 AM/02:00 PM
5. आपत्तियां यदि कोई हो, की प्राप्ति व आपत्ति निराकरण के उपरान्त नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन दिनांक 08.04.2026।

06. नामांकन पत्रों की वापसी यदि कोई हो- दिनांक 09.04.2026, 10:00 AM

07. प्रबन्ध समिति के सदस्यों का निर्वाचन- दिनांक 09.04.2026, 11:30 AM

08. प्रबन्ध समिति का निर्वाचन (विभागीय पर्यवेक्षक) की उपस्थिति में दिनांक 09.04.2026 मध्याहन- 02:00 बजे।

**नोटः**- प्रबन्ध समिति के निर्वाचन सम्बन्धी सभी कार्य विद्यालय भवन में सम्पन्न होंगे। सभी सदस्यगणों से अनुरोध है कि वह कृपया करके उपस्थित होकर प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

**सोसायटी अध्यक्ष**

## पूर्वोत्तर रेलवे

**ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, यॉंत्रिक कारखाना, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमंत्रित की जाती है :- **निविदा सं. एवं कार्य का विवरण : EL-MWS-GKP-2025-26-32,** प्रोविजन ऑफ इंडिकेशन्स ऑन-बोर्ड ऑफ यू.आर.ई.बी.सी. इन द स्विच बोर्ड कैबिनेट ऑफ एल.एच.बी. नान-ए.सी. कोचेज इन मैकेनिकल वर्कशाप, गोरखपुर, **अनुमानित लागत :** रु. 43,20,000/-, **बयाने की राशि :** रु. 86,400/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** 0.00, **कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकार पत्र जारी होने के तिथि से :** 12 महीना। • ऑनलाइन ई-निविदा जमा करने की तिथि 24.04.2026 समय 11:00 बजे तक। • पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

**उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (कार.)/ पू.उ.रे./गोरखपुर**

**मुजाधि/विद्युत-01**

**ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें**

## सूचना

सूचित किया जाता है कि फर्म-मै. ग्रीन वैली ओवरसीज़, विलेज चकदह, भगौतिपुर नियर धौरा टांडा, बरेली उत्तर प्रदेश पिनकोड-243202 (पंजीकरण संख्या-BAR/0016984) फर्म में 9 साझेदार है। जमील अहमद, मो. साहिद, मो. तारिक, वसीम अहमद, मो. इरफान, सगीर अहमद, जहीर अहमद, रईस अहमद, श्रीमती राफिया हसीब थे, दिनांक 04.04.2024 को साझेदार की रजमामंदी से एक साझेदार लईक अहमद को शामिल किया तथा एक साझेदार मो. इरफान दिनांक 04.04.2024 को अवकाश ग्रहण करके फर्म से अलग हो गये। अवकाश ग्रहण साझेदार का सारा हिसाब-किताब चुकता हो गया है। साझेदार या फर्म का कोई लेन-देन बकाया नहीं है। अब फर्म में कुल 9 साझेदार जमील अहमद, मो. साहिद, मो. तारिक, वसीम अहमद, सगीर अहमद, जहीर अहमद, रईस अहमद, लईक अहमद, श्रीमती राफिया हसीब है। फर्म में एवं साझेदारों में कोई विवाद नहीं है। एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त के सम्बंध में समस्त विधिक औपचारिकतायें मेरे द्वारा पूरी कर ली गयी है।

**जमील अहमद-साझेदार**
**मै. ग्रीन वैली ओवरसीज, बरेली, उ.प्र.**

## कार्यालय नगर पंचायत मीरगंज जनपद-बरेली

पत्रांक : 794/न.पं.मीर./2025-26 दिनांक : 02.04.2026

**विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ''स्वच्छ भारत मिशन'' (नगरीय) के अन्तर्गत नगर के समस्त नागरिकों, दुकानदारों, व्यवसायियों, शासकीय/अर्द्धशासकीय कार्यालयों को शासन के आदेशासनुसार नगर में घर, दुकान, प्रतिष्ठान, शासकीय/अर्द्धशासकीय कार्यालयों में निर्मित सेप्टिक टैंक को IS:2470, IS:2470 Part 1 एवं IS:2470, Part 2 के मानक के अनुसार निर्मित कराया जाना आवश्यक है, एवं सैप्टेज प्रबंधन के अंतर्गत नगर पंचायत मीरगंज के समस्त भवन स्वामियों/नगरिकों को सूचित किया जाता है कि समस्त शौचालय सेप्टिक टैंक से संयोजित है, उक्त सेप्टिक टैंक को खाली कराने हेतु, समय-समय पर सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के तहत कार्यवाही अनिवार्य रूप से नियमानुसार सुनिश्चित करेंगे

1. सेप्टिक टैंक को उपभोक्ता द्वारा 3 वर्ष में एक बार खाली कराया जाना अनिवार्य है, न कराये जाने पर 500रू (पांच सौ रूपये) जुर्माने की कार्यवाही की जायेगी।
2. सेप्टिक टैंक भरे होने पर तत्काल ही खाली कराया जाना सुनिश्चित करेंगे जिससे किसी भी स्थिति में मल/फीकल स्लज नालियों में प्रवाहित ना हो।
3. सभी प्राइवेट डीस्लजिंग ऑपरेटर से अनुरोध है कि वह नगर पंचायत मीरगंज़, कार्यालय में अपना पंजीकरण आवश्य करा लें अन्यथा की स्थिति में उन पर SWM Rule 2016 के अन्तर्गत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।
4. मैनुअल स्कैवेंजिंग पूर्णतयः प्रतिबंधित है तथा कोई भी कबर्मचारी या व्यक्ति मैनुअली सीवर या सेप्टिक टैंक को खाली करते हुए/कराते हुए पाया जाता है तो उस पर रू. 2500 (दो हजार पांच सौ रूपये) का अर्थदण्ड एवं नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।
5. सेप्टिक टैंक के मलवा/स्लज के निस्तारण में लगे समस्त सफाई मित्र व पंजीकृत स्लज ऑपरेटर बिना किसी सेप्टिक गियर अथवा इक्विपमेंट के सेप्टिक टैंक/सीवर में कार्य करते हुए पाए जाते हैं। तो सफाई मित्र, सीवर सेप्टिक वाहन स्वामी वाहन/व्यावसायिक आवास स्वामी के विरूद्ध नगर पंचायत मीरगंज द्वारा SWM Rule 2016 के विहित प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।
6. किसी भी दशा में अवैध, अपंजीकृत तथा सीधे श्रमिकों से सेप्टिक टैंको को खाली व साफ न कराया जाए, कराए जाने पर उस पर नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।
7. सेप्टिक टैंक खाली कराते समय निकलने वाली फीकल स्लज को खुले में ना बहाए।
8. उपभोक्ताओं/टैंकर संचालको द्वारा यदि एकत्रित फीकल स्लज/अनुपचारित फीकल स्लज को खुले/नाले में बहाया जाता है तो उस स्थिति में मा. राष्ट्रीय हरित अभिकरण के नियमों को उल्लंघन मानते हुए प्रथम बार में 5000 रू (पांच हजार रूपये) एवं पुनरावृत्ति होने पर 50000 रू (पचास हजार रूपये) तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।
9. नगर पंचायत मीरगंज जनपद-बरेली सीमांतर्गत सभी सेप्टिक टैंक को IS:2470, IS:2470 Part 1 एवं IS:2470, Part 2 के मानक के अनुसार निर्मित न कराये जाने पर 1000 रू (एक हजार रूपये) अर्थदण्ड किया जा सकता है।
10. नगर पंचायत मीरगंज बरेली के द्वारा अपनी सीवर सक्शन मशीन से नगर पंचायत सीमांतर्गत सेप्टिक टैंक खाली कराए जाने हेतु शुल्क 2500 रू. (दो हजार पांच सौ रूपये) प्रति ट्रिप देय होगा।
11. नगर पंचायत मीरगंज बरेली के सीमांतर्गत सेप्टिक टैंक खाली कराए जाने हेतु निम्न हेल्पलाइन नंबर 14420/1533 तथा मो. नं. 8189078028 पर संपर्क किया जा सकता है।
12. साफ-सफाई सम्बन्धित कोई भी सुझाव एवं शिकायत हेतु हेल्पलाइन नंबर 1533 तथा मो. नं. 8189078028 पर संपर्क किया जा सकता है।

**अधिशासी अधिकारी** नगर पंचायत, मीरगंज, बरेली

**अध्यक्ष** नगर पंचायत, मीरगंज, बरेली

## कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)

पत्रांक : 45/न.पा.प.ब./2025-26 दिनांक : 02.04.2026

**विज्ञप्ति**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ''स्वच्छ भारत मिशन'' (नगरीय) के अन्तर्गत नगर के समस्त नागरिकों, दुकानदारों/व्यावसायियों, शासकीय/अर्द्शासकीय कार्यालयों को शासन के आदेशानुसार नगर में घर, दुकान के समस्त भवन स्वामियों/नागरिकों को सूचित किया जाता है कि समस्त शौचालय सेप्टिक टैंक से संयोजित है, उक्त सेप्टिक टैंक को खाली कराने हेतु समय-समय पर सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के तहत कार्यवाही अनिवार्य रूप से निम्नानुसार सुनिश्चित करेंगे।

1. सेप्टिक टैंक को भवन स्वामियों द्वारा 3 वर्ष में एक बार खाली कराया जाना अनिवार्य है, न कराये जाने पर 500 रू. (पांच सौ रूपये) जुर्माने की कार्यवाही की जायेगी।
2. सेप्टिक टैंक भरे होने पर तत्काल ही खाला कराया जाना सुनिश्चित करेंगे जिससे किसी भी स्थिति में मल/फीकल स्लज नालियों में प्रवाहित ना हो।
3. सभी प्राइवेट डीस्लजिंग ऑपरेटर से अनुरोध है कि वह नगर पालिका परिषद बहेड़ी, कार्यालय में अपना पंजीकरण आवश्य करा लें अन्यथा की स्थिति में उन पर SWM Rule 2016 के अन्तर्गत नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।
4. मैनुअल स्कैवेजिंग पूर्णतय प्रतिबंधित है तथा कोई भी कर्मचारी या व्यक्ति मैनुअली सीवर या सेप्टिक टैंक को खाली करते हुए या कराते हुए पाया जाता है तो उस पर रू. 2000 (दो हजार रूपये) का अर्थदण्ड एवं नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।
5. सेप्टिक टैंक के मलवा/स्लज के निस्तारण में लगे समस्त सफाई मित्र व पंजीकृत स्लज ऑपरेटर बिना किसी सेप्टिक गियर अथवा इक्विपमेंट के सेप्टिक टैंक सीवर में कार्य करते हुए पाए जाते हैं तो सफाई मित्र, सीवर सेप्टिक वाहन स्वामी/ व्यावसायिक आवास स्वामी के विरूद्ध नगर पालिका परिषद बहेड़ी द्वारा SWM Rule 2016 के विहित प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।
6. किसी भी दशा में अवैध, अपंजीकृत तथा सीधे श्रमिकों से सेप्टिक टैंकों को खाली व साफ न कराया जाए, कराए जाने पर उस पर नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।
7. सेप्टिक टैंक खालनी कराते समय निकलने वाली फीकल स्लज को खुले में ना बहाएं।
8. भवन स्वामियों, टैंक संचालकों द्वारा यदि एकत्रित फीकल स्लज अनुपचारित फीकल स्लज को खुले नाले में बहाया जाता है तो उस स्थिति में मा. राष्ट्रीय हरित अभिकरण के नियमों का उल्लंघन मानते हुए प्रथम बार में 5000 रू. (पांच हजार रूपये) एवं पुनरावृत्ति होने पर 50000 रू. (पचास हजार रूपये) तक जुर्माना लगाया जा सकता है।
9. नगर पालिका परिषद बहेड़ी जनपद बरेली सीमांतर्गत सभी सेप्टिक टैंक को IS:240, IS:2470 Part 1 एवं IS:2470 Part 2 के मानक के अनुसार निर्मित न कराये जाने पर 1000 रू. (एक हजार रूपये) अर्थदण्ड किया जा सकता है।
10. नगर पालिका परिषद बहेड़ी, बरेली के द्वारा अपनी सीवर सक्शन मशीन के द्वारा नगर पालिका परिषद बहेड़ी सीमान्तर्गत सेप्टिक टैंक खाली कराए जाने हेतु शुल्क 2000 रू. (दो हजार रूपये) प्रति ट्रिप देय होगा।
11. नगर पालिका परिषद बहेड़ी, बरेली के सीमान्तर्गत सेप्टिक टैंक खाली कराए जाने हेतु निम्न हेल्पलाइन नंबर 14420/1533 तथा मो. नं. 9358521698 पर संपर्क किया जा सकता है।
12. साफ-सफाई से सम्बन्धित कोई भी सुझाव एवं शिकायत हेतु हेल्पलाइन नंबर 1533 तथा मो.नं. 9358521698 पर संपर्क किया जा सकता है।

**(अहमद हसन)** सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)

**(शशि प्रभा चौधरी)** अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)

**(रश्मि जायसवाल)** अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)

## एक फार्म पर दो पदों के लिए कर सकेंगे आवेदन

**बरेली, अमृत विचार :** देश की सेवा करने का जज्बा रखने वाले युवाओं के लिए खुशखबरी है। अग्निवीर बनने के लिए वह 10 अप्रैल तक आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए सेना भर्ती कार्यालय ने तिथि आगे बढ़ा दी है। सभी प्रक्रिया पूरी करने के बाद अभ्यर्थियों की जून में परीक्षा कराई जाएगी।

भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती 2026-27 की प्रक्रिया शुरु हो चुकी है। इसकी पूरी जानकारी सेना की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अभ्यार्थियों की मांग को देखते हुए सरकार ने इस बार अधिकतम आयु सीमा बढ़ाकर 22 साल कर दी है।

## बेटी की मय्यत घर में छोड़ कर पिता ने दी जान

**बरेली, अमृत विचारः** जोगियान एक मीनार मस्जिद के पास रहने वाले निवासी 70 वर्षीय इम्तियाज की बेटी फरीन लंबे से बीमार थी। कल अचानक फरीन की मौत हो गई।

परिवार के अनुसार, कठघर स्थित फरीन की ससुराल में खबर देने इम्तियाज घर से पैदल ही निकल गए थे। बेटी की मौत का सदमा बर्दाश्त नहीं करने पर वह पुल से कूद गए, जिससे उनकी मौत हो गई। परिजनों ने फरीन को सुपुर्द ए खाक कर दिया। रात 11 बजे इम्तियाज की मौत की जानकारी हुई। परिवार के लोग जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचे और शव की पहचान की।

## ऑनलाइन परीक्षा फार्म की तिथि बढ़ाई

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने सत्र 2026 की विभिन्न पाठ्यक्रम के परीक्षाओं के फॉर्म भरने की आवेदन तिथि को बढ़ा दिया है। विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में बीएड, बीपीएड, बीएलएड, एमएड पाठ्यक्रमों के संस्थागत एवं भूतपूर्व छात्रों को राहत देते हुए ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 25 मार्च से बढ़ा कर 5 अप्रैल कर दी है।

विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक के अनुसार परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 5 अप्रैल है। इसके बाद छात्रों को 6 अप्रैल तक अपने आवेदन पत्र संबंधित महाविद्यालय में जमा करना होगा।

## पूर्वोत्तर रेलवे

**ई-टेन्डर निविदा सूचना**

मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/निर्माण/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर कृते एवं भारत के राष्ट्रपति के ओर से ई-टेन्डर के माध्यम से निम्नलिखित कार्यों के लिए टेंडर प्रपत्र में अंकित निर्धारित योग्यता का पर्याप्त अनुभव रखने वाले ठेकेदारों से निविदायं आमंत्रित करते हैं। **निविदा सूचना सं0 एवं कार्य का विवरण** : एस एण्ड टी/कान/ई-टेन्डर/04/2026 **कार्य का नामः** पूर्वोत्तर रेलवे, के अंतर्गत प्लान हेड 16 के तहत देवकली, झरेखापुर एवं गोमतीनगर तथा मंधना – कानपुर अनवरगंज एलिवेटेड ट्रैक कार्य तथा बाराबंकी-बुढ़वल तीसरी लाइन कार्य के सम्बन्ध में यार्ड रिमॉडलिंग के प्रावधान, स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग का संवर्धन कार्य हेतु नवीनतम ऐसआईपी/ईऐसपी के अनुसार RDSO स्पेसिफिकेशन संख्या RDSO/SPN/192/2019 या इसके नवीनतम संस्करण (नवीनतम संशोधनों के साथ) के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के डिज़ाइन, प्रोग्रामिंग, इंस्टालेशन, सप्लाई, टेस्टिंग एवं कमीशनिंग तथा आंशिक सामान की आपूर्ति के साथ इंडोर और आउटडोर कार्य एवं अन्य टेलीकॉम तथा अन्य शिफ्टिंग कार्य। **बयाना राशि (रु.):** ₹ 85,12,100.00/- **अनुमानित ठेका लागत (रु.)** : ₹ 42,56,02,626.74/- **स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 18 माह। **निविदा बंद होने की तिथि** : दिनांक-22.04.2026 को 15:00 बजे। **नोट** : • इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नही है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजर अंदाज कर दिया जाएगा। • पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गयी है। • निविदादाता के पास क्लास-III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिये। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिये।

**उप मुसिदूइं/निर्माण/गोरखपुर**

मुजाधि/सिगनल-01

**ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें**

## पब्लिक नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा मुवक्किल श्रीमती निधि मोदी पत्नी विकास मोदी निवासी म.सं. 55 कालीबाड़ी, श्यामगंज, तहसील व जिला बरेली पीरामल फाईनेंस लि. शाखा बरेली से एक किता मकान नम्बर 125 आराजी तादादी 259.20 वर्गमीटर वाके मोहल्ला जुल्फिकारगंज पर. तह. व जिला बरेली जिसकी चौहद्दी पूरब में रास्ता व मकान बादहू नाली व मन्दिर व पश्चिम में बकिया मकान नम्बर 125 का पार्ट शरद खण्डेलवाल व कैलाश खण्डेलवाल, उत्तर में दुकान नेकराम, ज्वाला प्रसाद व दुकान अग्रवाल ट्रेडिंग कम्पनी व दक्षिण में सड़क सरकारी है, उक्त सम्पत्ति धीरज खण्डेलवाल 2. नीरज खण्डेलवाल पुत्रगण स्व. हरगोविन्द प्रसाद खण्डेलवाल स्वयं व मुख्यारेआम श्रीमती मुक्ता खण्डेलवाल पत्नी श्री गौरव खण्डेलवाल पुत्री हरगोविन्द प्रसाद खण्डेलवाल निवासीगण एकता नगर बरेली (दिनांक 07.05.2023) 3. जगदीश चन्द्र खण्डेलवाल पुत्र श्री रामेश्वर दास निवासी राधेश्याम इन्कलेव बरेली स्वयं व मुख्यारेआम कैलाश नाथ खण्डेलवाल पुत्र स्व. रामेश्वर दास निवासी कालीबाड़ी बरेली (दिनांक 03.08.2023) 4. दीपक पुत्र स्व. चन्द्र प्रकाश निवासी जुल्फिकारगंज होली चौराहा स्वयं व मुख्यारेआम संजय खण्डेलवाल पुत्र स्व. सुरेश चन्द्र खण्डेलवाल (दिनांक 30.03.2025) 5. वैभव खण्डेलवाल पुत्र स्व. विजय खण्डेलवाल निवासी जुल्फिकारगंज होली चौराहा बरेली 6. श्रीमती बिमला रानी पत्नी स्व. बनवारी लाल 7. श्रीमती बीना खण्डेलवाल पत्नी स्व. प्रकाश खण्डेलवाल 8. अंकित खण्डेलवाल पुत्र स्व. प्रकाश खण्डेलवाल स्वयं व मुख्यारेआम 9. नित्या खण्डेलवाल पुत्र स्व. प्रकाश खण्डेलवाल शोज वाटिका हरूनगला बीसलपुर रोड बरेली 10. पंकज खण्डेलवाल पुत्र स्व. हरीओम 11. श्रीमती गुंजन खण्डेलवाल पत्नी अनुभव खण्डेलवाल निवासीगण एकता नगर बरेली 12. उर्मिला खण्डेलवाल पत्नी स्व. हरगोविन्द खण्डेलवाल निवासीगण 21 बी एकता नगर बरेली 13. शैलेश कुमार खण्डेलवाल पुत्र स्व. सतीशचन्द्र निवासी गुलमोहर पार्क राजेन्द्र नगर बरेली स्वयं व मुख्यारेआम श्रीमती श्रद्धा गुप्ता पुत्री स्व. सतीशचन्द्र निवासी गुलमोहर पार्क राजेन्द्र नगर, बरेली 14. श्रीमती लता खण्डेलवाल पत्नी स्व. सतीश चन्द्र निवासी 48 गुलमोहर पार्क राजेन्द्र नगर बरेली 15. श्रीमती आरती पत्नी स्व. संदीप कुमार निवासी टियूलिप ग्रान्ड आईबीआरआई रोड इज्जतनगर बरेली 16. उज्जवल पुत्र संदीप कुमार निवासी सैकेण्ड फ्लोर ट्यूलिप ग्रान्ड आईबीआरआई रोड इज्जतनगर बरेली 17. श्रीमती लता खण्डेलवाल पत्नी स्व. चन्द्र प्रकाश निवासी जुल्फिकार होली चौराहा बरेली को निर्णय न्यायालय अपर सिविल जज (सी.डि.) बरेली वाद सं-05 बरेली मूलवाद हुई। उक्त सम्पत्ति पाक व साफ है तथा उपरोक्त सम्पत्ति के स्वामित्व के सम्बन्ध में कोई वाद विवाद नहीं है।

अतः इस बाबत यदि किसी व्यक्ति/संस्था/ बैंक आदि को कोई आपत्ति हो तो उक्त आपत्ति इस प्रकाशन के 07 दिन के भीतर समस्त दस्तावेजों, साक्ष्यों सहित सामान्य कार्य दिवस की सामान्य कार्यावधि में व्यक्तिगत रूप से मेरे मुवक्किल की उपरोक्त शाखा अथवा मेरे कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। उक्त अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर यह मानते हुए कि इस विषय में किसी को कोई आपत्ति नहीं है उक्त लोन जारी कर दिया जायेगा।

**अमिताभ भंज एडवोकेट**
**कार्यालय-चैम्बर नम्बर 11**
**बड़ा वकालतखाना, सिविल कोर्ट, बरेली**
**सूचीबद्ध अधिवक्ता**
**पीरामल फाईनेंस लि., बरेली**



कांटों के बीच जिस दिन तुम चलना सीख लो और कांटों के बीच चलो और कांटे चुभें न, बस उसी दिन समझ लेना कि अब तुम योग्य हो गए। **- ओशो, दार्शनिक**

## ट्रंप के दावों का अर्थ

डोनाल्ड ट्रंप का यह दावा कि तीन सप्ताह के भीतर युद्ध खत्म हो सकता है, जितना आकर्षक लगता है, उतना ही जटिल और संदिग्ध भी है। अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में युद्ध केवल एक देश की इच्छा से समाप्त नहीं होते, बल्कि अनेक पक्षों, हितों और वास्तविकताओं के संतुलन से नियंत्रित होते हैं। ट्रंप अमेरिका के लिए युद्ध समाप्ति की घोषणा कर सकते हैं, लेकिन वे न तो इजराइल और न ही ईरान को युद्ध विराम के लिए बाध्य कर सकते हैं। इजराइल और ईरान दोनों अपने-अपने रणनीतिक हितों के अनुसार निर्णय लेते हैं। ऐसे में तीन सप्ताह में संपूर्ण युद्ध समाप्त होने का दावा व्यावहारिक नहीं, बल्कि राजनीतिक शिगूफा है। ट्रंप का यह कहना कि अमेरिका अपने "लक्ष्य हासिल कर चुका है", कई सवाल खड़े करता है। यदि लक्ष्य केवल ईरान की सैन्य क्षमताओं को सीमित करना था, तो सीमित अर्थों में यह दावा स्वीकार्य हो सकता है, लेकिन यदि लक्ष्य ईरान में सत्ता परिवर्तन था, तो यह दावा वास्तविकता से दूर है। ईरान की राजनीतिक व्यवस्था अभी भी कायम है और वहां किसी स्पष्ट सत्ता परिवर्तन के संकेत नहीं हैं। इसी प्रकार, ट्रंप का यह दावा कि ईरान युद्ध विराम चाहता है, तब और कमजोर पड़ जाता है, जब स्वयं ईरान इस बात से इनकार करता है।

अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति में इस तरह के विरोधाभासी बयान अक्सर "नेरेटिव निर्माण" का हिस्सा होते हैं, जिनका उद्देश्य घरेलू और वैश्विक जनमत को प्रभावित करना होता है। ट्रंप के युद्ध समाप्ति के प्रति उत्साह के पीछे घरेलू राजनीतिक दबावों की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अमेरिका में बढ़ती महंगाई, रक्षा खर्च का बोझ और आगामी चुनावी चुनौतियां, उन्हें एक "निर्णायक नेता" की छवि प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित करती हैं। इतिहास गवाह है कि ट्रंप कई बार बड़े दावे करते रहे हैं और बाद में उनसे पीछे भी हटते रहे हैं। यह उनकी राजनीतिक शैली का हिस्सा भी है और कभी-कभी परिस्थितिजन्य मजबूरी भी। ट्रंप का यह कहना कि "होर्मुज जलडमरूमध्य से मेरा लेना-देना नहीं" वस्तुतः आंशिक सत्य है। अमेरिका पर इसका प्रत्यक्ष आर्थिक प्रभाव सीमित हो सकता है, लेकिन वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने पर पूरी दुनिया प्रभावित होती है। चूंकि यह संकट उसी संघर्ष से जुड़ा है, जिसमें अमेरिका की भूमिका रही है, इसलिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का यह अपेक्षा करना स्वाभाविक है कि अमेरिका समाधान में सक्रिय भूमिका निभाए।

ट्रंप का तीन सप्ताह में युद्ध समाप्त करने का दावा सुनिश्चित कूटनीतिक वास्तविकता नहीं होने से ऐसा संभव नहीं दिखता, पर मान लिया जाए कि तीन सप्ताह में युद्ध समाप्त हो जाता है, तो इसका भारत और विश्व पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। तेल की कीमतों में स्थिरता आएगी, आपूर्ति श्रृंखला सुधरेगी और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता कम होगी। भारत जैसे ऊर्जा आयातक देश के लिए यह राहत अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। परंतु भारत को ट्रंप के बयानों को सतर्कता और यथार्थवाद के साथ लेना चाहिए। कूटनीति में घोषणाओं से अधिक महत्व परिस्थितियों और ठोस कदमों का होता है। भारत की नीति स्पष्ट होनी चाहिए- भावनाएं पीछे, पहले रणनीतिक स्वायत्तता, ऊर्जा सुरक्षा और अपने नागरिकों के दीर्घकालिक हितों की रक्षा के विवेक सम्मत निर्णय।

### प्रसंगवश

## दहेज नहीं लिया या बस नाम बदल दिया

भारतीय समाज में विवाह केवल दो व्यक्तियों का मिलन नहीं, बल्कि दो परिवारों का संबंध माना जाता है। यह संबंध परंपराओं, रीति-रिवाजों और सामाजिक मान्यताओं से जुड़ा होता है, लेकिन जब इन परंपराओं के पीछे छिपी मानसिकता पर सवाल उठता है, तो एक कड़वा सच सामने आता है। हमने बुराइयों को छोड़ा नहीं है, बस उनका स्वरूप बदल दिया है। आजकल शादियों में एक नया चलन तेजी से उभर रहा है। बड़े गर्व के साथ यह घोषणा की जाती है-"हमने दहेज नहीं लिया।" यह सुनते ही एक सकारात्मक छवि बनती है कि समाज बदल रहा है, लोग जागरूक हो रहे हैं, लेकिन जैसे ही शादी की रस्में आगे बढ़ती हैं, यह आदर्शवाद धीरे-धीरे दिखावे में बदलता नजर आता है।

थाली में सजी नगदी, सोना-चांदी और महंगे उपहार-सब कुछ सलीके से प्रस्तुत किया जाता है। फिर एक प्रतीकात्मक अभिनय होता है-लड़का या उसका परिवार उस ढेर में से मात्र एक रुपया उठाता है, मानो यह सिद्ध कर रहा हो कि उन्होंने दहेज नहीं लिया। शेष सब कुछ "रिवाज", "भात", "शगुन" या "उपहार" के नाम पर स्वीकार कर लिया जाता है। यह दृश्य केवल एक रस्म नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक मानसिकता का आईना है। सवाल यह नहीं कि एक रुपया लिया गया या नहीं, असली प्रश्न यह है कि क्या लड़की के परिवार पर आर्थिक या सामाजिक दबाव पड़ा या नहीं। दहेज प्रथा सदियों से भारतीय समाज की एक गंभीर समस्या रही है। पहले इसे खुले तौर पर मांगा जाता था- नकदी, गाड़ियाँ, गहने। समय बदला, कानून सख्त हुए, जागरूकता बढ़ी, और इस प्रथा के खिलाफ आवाजें उठीं, लेकिन क्या दहेज वास्तव में समाप्त हुआ? शायद नहीं। आज इसने अपना रूप बदल लिया है। अब इसे सीधे मांगना अनुचित माना जाता है, इसलिए इसे परंपरा और सम्मान की आड़ में छिपा दिया गया है। "भात", "तिलक", "सगाई के उपहार" और "विदाई के तोहफे" नाम भले बदल गए हों, पर लेन-देन की प्रवृत्ति वही है। "भात" जैसी परंपराएं, जो कभी स्नेह और आत्मीयता का प्रतीक थीं, आज कई जगह सामाजिक प्रतिस्पर्धा और दिखावे का माध्यम बन चुकी हैं। कितना सोना दिया गया, कितनी नगदी रखी गई, कितने महंगे वस्त्र और उपहार दिए गए, इन्हीं पैमानों पर अब "इज्जत" का आकलन होने लगा है। यह प्रवृत्ति न केवल आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर बोझ डालती है, बल्कि मध्यम वर्ग को भी अपनी क्षमता से अधिक खर्च करने के लिए विवश करती है। दिखावे की यह संस्कृति आज के समाज की एक बड़ी विडंबना बन चुकी है।



डॉ. सत्यवान सौरभ

लेखक

वास्तविक बदलाव के लिए हमें अपने दृष्टिकोण और व्यवहार दोनों को बदलना होगा। परंपराओं का पुनर्मूल्यांकन करना होगा और यह तय करना होगा कि कौन-सी परंपराएं सार्थक हैं और कौन-सी केवल दिखावे और दबाव का माध्यम बन चुकी हैं। विवाह को सादगी और गरिमा के साथ स्वीकार करना होगा। यह समझना होगा कि यह कोई प्रदर्शन नहीं, बल्कि विश्वास और सम्मान का संबंध है। इसमें सबसे बड़ी जिम्मेदारी लड़के और उसके परिवार की है। उन्हें स्पष्ट रूप से यह तय करना होगा कि वे किसी भी रूप में, किसी भी नाम से लेन-देन स्वीकार नहीं करेंगे। अंततः यह स्वीकार करना होगा कि सम्मान धन से नहीं, मूल्यों से आता है। जब तक समाज खर्च को प्रतिष्ठा से जोड़कर देखता रहेगा, तब तक यह समस्या बनी रहेगी। अब समय आ गया है कि हम केवल यह कहने का दिखावा न करें कि "हमने दहेज नहीं लिया", बल्कि वास्तव में ऐसी स्थिति पैदा करें, जहां किसी को कुछ देने या लेने की आवश्यकता ही न पड़े।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## वैश्विक खाद्य संकट की ओर बढ़ता खाड़ी युद्ध






अविनाश झा

डीएफएमओ, चित्रकूट

कोई भी युद्ध हमेशा विनाशक ही होता है। इंसान हमेशा से अपने वर्चस्व, सत्ता की ताकत और अहंकार के लिए खुद को युद्ध में झोंकता रहता है, लेकिन इसका परिणाम सिर्फ युद्ध में लड़ रहे दोनों पक्षों पर ही नहीं, बल्कि पूरे समाज, देश और विश्व पर पड़ता है। एक माह से अधिक समय से चल रहे ईरान-इजरायल-अमेरिका युद्ध की दशा और दिशा तय नहीं हो पा रही है और उसके परिणामों की आग में न सिर्फ ईरान और इजरायल, बल्कि लगभग आधी दुनिया जलने के कगार पर है और यदि ऐसा ही चलता रहा, तो पूरा विश्व एक ऐसे संकट में फंसने जा रहा है, जिस ओर अभी किसी का संभवतः ध्यान नहीं जा रहा है। तेल, गैस, उर्जा संकट से गुजर रहे विश्व पर निकट भविष्य में खाद्य संकट का पहाड़ टूटने वाला है।

मैरीटाइम इंटेलिजेंस कंपनी 'सिग्नल ग्रुप' के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में व्यापार होने वाली प्रमुख उर्वरकों- अमोनिया, फॉस्फेट और सल्फर का 20 प्रतिशत हिस्सा अकेले खाड़ी देशों से आता है। ब्लूमबर्ग इंटेलिजेंस के अनुसार यूरिया, जो सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाली नाइट्रोजन खाद है, का लगभग आधा हिस्सा खाड़ी क्षेत्र से आता है। जब से ईरान युद्ध शुरू हुआ है, उर्वरकों की कीमतें 10 से 30 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ के अनुसार हर महीने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते लगभग 13.3 लाख टन उर्वरक का निर्यात किया जाता है।

यहां हम जानते हैं कि उर्वरकों का सीधा संबंध खाद्यान उत्पादन से है। उर्वरकों की कमी से मक्का, गेहूं और चावल जैसी फसलों का उत्पादन गिरने की संभावना है। भारत के दृष्टिकोण से देखें, तो हम लगभग दो-तिहाई नाइट्रोजन यानी यूरिया के लिए खाड़ी देशों पर निर्भर है। भारतीय यूरिया उत्पादकों को अपनी प्राकृतिक गैस की आवश्यकता का 60-70 प्रतिशत ही प्राप्त हो रहा है। भारत ओमान, सऊदी अरब और कतर से यूरिया का भी आयात करता है, जो वर्तमान युद्ध से प्रभावित हैं। उर्वरक की कमी आने वाले मानसून में खरीफ की बुवाई पर असर डाल सकती है, जिससे चावल, गेहूं और अन्य मुख्य अनाजों की खेती की लागत बहुत बढ़ जाएगी तथा उत्पादन भी कम हो जाएगा।

वित्त वर्ष 2025 में भारत ने 22 लाख टन सल्फर का आयात किया, जिसमें से 80 प्रतिशत से अधिक पश्चिम एशिया या खाड़ी देशों से आया है। सल्फर, कच्चे तेल के शोधन का एक मूल्यवान उत्पाद है, जिसका उपयोग डायमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) बनाने में किया जाता है, जो एक अन्य महत्वपूर्ण उर्वरक है। वित्त वर्ष 2025 में डीएपी आयात का 42 प्रतिशत से सऊदी अरब से आया था। 10 मार्च 2026 को भारत का यूरिया भंडार 62 लाख टन था। खरीफ फसल सीजन (जून-सितंबर) के लिए इसकी आवश्यकता लगभग 18-19 लाख टन है। गैस की कमी और आयात को लेकर अनिश्चितता के कारण घरेलू उत्पादन में गिरावट आई है, ऐसे में आपूर्ति की स्थिति स्पष्ट नहीं है। हम सब जानते हैं कि भारतीय किसान यूरिया का अत्यधिक उपयोग करते हैं, क्योंकि अन्य उर्वरकों की तुलना में इस पर भारी सब्सिडी दी जाती है। युद्ध की प्रारंभ से ही, वैश्विक यूरिया की कीमतें लगभग 48 प्रतिशत बढ़ चुकी हैं।

भारत मध्य-पूर्व और पश्चिम एशिया के लिए प्रमुख खाद्यान्न आपूर्तिकर्ता है, परंतु भारतीय खाद्य निर्यातकों का अधिकांश स्टॉक बंदरगाहों पर फंसा हुआ है। भारत के लिए खाद्य तेलों की बढ़ती कीमतें चिंताजनक हैं। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में सोयाबीन तेल की कीमत 1100 डॉलर प्रति टन को पार कर गई है। कच्चे पाम तेल में भी लगभग 1.8 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है, जो जून 2022 के बाद का उच्चतम स्तर है। काला सागर बंदरगाहों से आने वाला सूरजमुखी का तेल भी तीन साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है और इसका मूल्य 1,355 डॉलर प्रति टन है। वस्तुतः भारत पाम तेल और सोयाबीन तेल जैसे आयातित खाद्य तेलों पर अत्यधिक निर्भर है और यह उन्हीं जहाजों से आता हैं, जिनमें जीवाश्म ईंधन आता है।

भारत मध्य-पूर्व और पश्चिम एशिया के लिए प्रमुख खाद्यान्न आपूर्तिकर्ता है, परंतु भारतीय खाद्य निर्यातकों का अधिकांश स्टॉक बंदरगाहों पर फंसा हुआ है। भारत के लिए खाद्य तेलों की बढ़ती कीमतें चिंताजनक हैं।

भारत ही नहीं, बल्कि ब्राजील जो प्रमुख कृषि उत्पाद निर्यातक है, अपनी आवश्यकता का लगभग 40 प्रतिशत नाइट्रोजन (यूरिया) खाड़ी देशों से मंगाया है। युद्ध से उपजे संकट का असर वहां सोयाबीन और मक्के के उत्पादन पर पड़ेगा। अफ्रीकी देशों के लिए तो यह ज्यादा चिंताजनक है, क्योंकि उर्वरक की कीमतों में थोड़ी सी भी वृद्धि छोटे किसानों पर गहरा असर डालेगी, जिससे फसलों का उत्पादन गिर जाएगा और वहां पहले से विद्यमान भुखमरी की समस्या और भी गहरी हो जाएगी। स्वयं खाड़ी देश भी अपनी आवश्यकता का 80 से 90 प्रतिशत खाद्य पदार्थ आयात करते हैं, जिनमें अनाज और मांस से लेकर डेयरी उत्पाद और खाद्य तेल तक शामिल हैं। वे सभी आवागमन के लिए पूरी तरह होर्मुज जलडमरूमध्य पर निर्भर हैं। अगर यह स्ट्रेट लंबे समय तक बंद रहता है, तो उनके सुरक्षित भंडार भी जल्द ही खत्म हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में उन्हें राशनिंग लागू करने या लाल सागर और ओमान की खाड़ी के जरिए बहुत महंगे वैकल्पिक रास्तों का चुनाव करना होगा।

लंबे युद्ध का असर यूरोप और उत्तरी अमेरिका में बोआई के मौसम पर बहुत बुरा पड़ सकता है, जिसका मतलब है कि इस साल के अंत में खाद्य संकट पैदा हो जाएगा। संभवतः इसीलिए राष्ट्रपति ट्रंप इस युद्ध का जल्द अंत चाहते हैं। कम उपलब्धता और बढ़ती कीमतों के संयोजन से किसानों को कम उर्वरक उपयोग करने हेतु मजबूर होना पड़ेगा और इसका असर फसलों के उत्पादन पर पड़ेगा। बहस का मुद्दा यह नहीं है कि मध्य-पूर्व सहित पूरे पश्चिम एशिया को युद्ध की आग में किसने और क्यों झोंका? मुद्दा यह है कि इस युद्ध से उपजे उर्जा और खाद्य संकट ने पूरे वैश्विक मानव को अपनी चपेट में ले लिया है और यदि यह इसी तरह चलता रहा तो तेल, गैस खाद्यान्न एवं पानी के लिए इंसान को तरसा देगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### आमने सामने



बिहार देश का सबसे गरीब राज्य है, जबकि इसकी तुलना में केरल एक विकसित राज्य है। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्रों में बिहार को केरल से सीखने की आवश्यकता है। एलडीएफ एक बार फिर केरल की सत्ता में वापसी करेगी।

**-तेजस्वी यादव**

कार्यकारी अध्यक्ष, आरजेडी

केरल की धरती पर खड़े होकर बिहार का अपमान करना शर्मनाक है। बिहार को गरीब बताने से पहले, तेजस्वी को अपने गिरेबान में झांककर देखना चाहिए। तेजस्वी यादव यह बताएं कि उनके माता-पिता लालू यादव और राबड़ी देवी ने अपने शासनकाल के दौरान बिहार के खजाने को लूटकर अपनी तिजोरियां कैसे भरी थीं।

**-उमेश कुशवाहा**

प्रदेश अध्यक्ष, जेडीयू



## पश्चिम एशिया में तनाव और भारतीय शेयर बाजार



धनीश शर्मा

लेखक

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव का असर अब वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ-साथ भारतीय शेयर बाजार पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। फरवरी के बाद से क्षेत्र में पैदा हुई अस्थिरता ने निवेशकों के भरोसे को कमजोर किया है, जिसका सीधा असर बाजार की दिशा पर पड़ा है। इस दौरान प्रमुख सूचकांक बीएसई सेंसेक्स में गिरावट देखने को मिली और यह अपने उच्चतम स्तर से फिसलकर नीचे आ गया, जिससे निवेशकों को नुकसान उठाना पड़ा।

दरअसल पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव खासतौर पर इजरायल, ईरान और अमेरिका के बीच टकराव ने वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता पैदा कर दी है। भले ही इसे पूर्ण युद्ध नहीं कहा जा सकता, लेकिन हालात इतने संवेदनशील हैं कि निवेशक जोखिम लेने से बच रहे हैं। यही वजह है कि बाजार में उतार-चढ़ाव और गिरावट का माहौल बना हुआ है। इस स्थिति को और गंभीर बनाने में कच्चे तेल की कीमतों की बड़ी भूमिका रही है। पश्चिम एशिया तेल उत्पादन का प्रमुख केंद्र है और वहां किसी भी तरह का संघर्ष आपूर्ति को प्रभावित करता है। नतीजतन, तेल की कीमतों में वृद्धि होती है, जिसका असर भारत जैसे आयात-निर्भर देशों पर पड़ता है। इससे महंगाई का दबाव बढ़ता है और कंपनियों की लागत में इजाफा होता है, जो अंततः शेयर बाजार को प्रभावित करता है।

इस स्थिति को और गंभीर बनाने में कच्चे तेल की कीमतों की बड़ी भूमिका रही है। पश्चिम एशिया तेल उत्पादन का प्रमुख केंद्र है, और वहां किसी भी तरह का संघर्ष आपूर्ति को प्रभावित करता है।

इसके साथ ही, विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी ने बाजार की गिरावट को और तेज कर दिया है। हाल ही में जारी केंद्रीय डिपॉजिटरी सेवा कंपनी के आंकड़ों के मुताबिक, मार्च महीने में विदेशी निवेशकों ने भारतीय पूंजी बाजार से भारी धनराशि निकाली। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार यह निकासी करीब 1.26 लाख करोड़ रुपये रही, जिसे असाधारण और रिकॉर्ड स्तर की बिकवाली माना जा रहा है। यह स्थिति इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि कोविड-19 महामारी के दौरान वर्ष 2020 के बाद यह पहला अवसर माना जा रहा है, जब विदेशी निवेशकों ने इतनी बड़ी मात्रा में शुद्ध निकासी की है। इस बड़े पैमाने पर हुए पूंजी बहिर्वाह ने बाजार में गिरावट के दबाव को और बढ़ा दिया तथा निवेशकों की धारणा को कमजोर किया।

विदेशी निवेशकों की यह रणनीति वैश्विक अस्थिरता के बीच सामान्य मानी जाती है। जब भी दुनिया में किसी बड़े भू-राजनीतिक संकट का सामना होता है, निवेशक उभरते बाजारों से पैसा निकालकर सुरक्षित निवेश विकल्पों जैसे सोना या अमेरिकी बॉन्ड की ओर रुख करते हैं। भारत भी इस वैश्विक प्रवृत्ति से अछूता नहीं रह पाया है।

वहीं दूसरी ओर, रूस और यूक्रेन के बीच लंबे समय से चल रहा युद्ध भी वैश्विक आर्थिक माहौल पर दबाव डाल रहा है। हालांकि इसका भारतीय शेयर बाजार पर असर अब तक अपेक्षाकृत कम देखने को मिला है, लेकिन यह वैश्विक अनिश्चितता और निवेशकों के जोखिम के आकलन में एक कारक के रूप में बना हुआ है। तेल, गैस और अन्य कच्चे माल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक पूंजी प्रवाह पर इसका अप्रत्यक्ष प्रभाव निवेशकों की रणनीतियों में बदलाव ला रहा है। इस वजह से, भारतीय बाजार भले ही फिलहाल स्थिर दिखाई दे रहा हो, लेकिन लंबे समय में इस संघर्ष के संभावित प्रभाव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अब पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष का असर शेयर बाजार पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है, लेकिन इस चुनौतीपूर्ण समय में केंद्र सरकार की भूमिका सराहनीय रही है। सरकार ने हालात को देखते हुए आर्थिक स्थिरता बनाए रखने के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं। महंगाई को नियंत्रित करना, आपूर्ति श्रृंखला को सुचारु रखना और निवेशकों का भरोसा बनाए रखना इसके मुख्य प्रयास रहे हैं। वैश्विक दबाव के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था को संतुलित बनाए रखना सरकार की प्रभावी रणनीति को दर्शाता है। इसके चलते बाजार में भरोसा बना हुआ है और दीर्घकाल में सुधार की उम्मीद कायम है। हालांकि इस चुनौतीपूर्ण माहौल में घरेलू संस्थागत निवेशकों ने कुछ हद तक बाजार को सहारा दिया है। उनकी खरीदारी ने गिरावट को पूरी तरह बेकाबू होने से रोका है। इसके अलावा, भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियादी मजबूती जैसे मजबूत मांग, सरकारी निवेश और सुधारों की प्रक्रिया लंबी अवधि में बाजार के लिए सकारात्मक संकेत देती है।

अंततः कहा जा सकता है कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव, रूस-यूक्रेन युद्ध का अप्रत्यक्ष असर, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और विदेशी निवेशकों की भारी निकासी ने मिलकर भारतीय शेयर बाजार को दबाव में ला दिया है। अल्पकाल में यह स्थिति निवेशकों के लिए चुनौतीपूर्ण बनी रह सकती है, लेकिन दीर्घकाल में बाजार की रिकवरी की उम्मीद बनी हुई है, क्योंकि मजबूत आर्थिक आधार अंततः निवेशकों का भरोसा वापस ला सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## विलुप्त होती किराना दुकानें

30 वर्षों में मेरे देखते-देखते अमेरिका में मॉम और पॉप स्टोर अर्थात् गली के नुक्कड़ वाली किराना वाली दुकानें विलुप्त हो गईं। वैसे 1996 तक ही अमेरिका में काफी हद तक कॉर्पोरेट कल्चर आ चुका था, लेकिन फिर भी पचास पर्सेंट किराना मार्केट छोटी-छोटी दुकानें होती थीं और शेष पचास पर्सेंट बड़े सुपर स्टोर्स। उस समय चार बड़ी सुपर स्टोर चेन का प्रतिशत कुल बाजार का 40 प्रतिशत था। वर्तमान में चार बड़ी चेन का बाजार में हिस्सा लगभग 70 प्रतिशत है। आरंभ सभी देशों का गली के नुक्कड़ वाली किराना दुकानों से हुआ, पर जैसे-जैसे टेक्नोलॉजी आई, मॉनिटरिंग आसान होने लगी, सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल आसानी से होने लगा और एक दो दुकान वाले मालिक हजार स्टोर वाली चेन के मुकाबले टक्कर न ले पाए और फिर अंत में अमेजन आ गया, जहां घर बैठे सब कुछ मिल जाता है, तो इसने तो ताबूत में अंतिम कील ठोक दी। रही-सही कसर एआई ने पूरी कर दी। पिछले कुछ वर्षों में स्मॉल बिजनेसेज का कॉर्पोराइजेशन और तेजी से होने लगा। एआई ने ऐसे रिसोर्सेज जो कभी बिलियन डॉलर कंपनीज के पास ही होते थे आम जनता को पहुंचा दिए। अब ऐप बनाने के लिए प्रोग्रामर को दस हजार डॉलर देने की जरूरत न रही, क्लॉड में कोई भी स्वयं बना सकता है, तो ऐसे में हर क्षेत्र में नए दिमागी एंटरप्रेन्योर्स आए, सामान्य जनता इनके मुकाबले टिक न पाई और कॉर्पोरेटाइजेशन बहुत तेजी से हुआ।



नितिन त्रिपाठी

लेखक

वैसे यह बुरा किसी के लिए न हुआ। एक ग्रोसरी स्टोर मालिक का औसत फायदा आज की मुद्रा में 50,000 डॉलर होता, जिसके लिए उसे रोजाना पंद्रह घंटे खपाने पड़ते, सरदर्द अलग रहती। अब यह ऑनर नौकरी करते हैं मोस्टली स्टोर/ शिफ्ट मैनेजर जैसी पोस्ट पर हैं। दिन के आठ घंटे काम कर 70,000 डॉलर प्लस सैलरी बनाते हैं बगैर किसी रिस्क के। हां! वो आजादी चली गई, बॉस को रिपोर्ट करना पड़ता है। टेक के क्षेत्र में पिछले सौ सालों से टेक्नोलॉजी पहले अमेरिका में आती है, फिर शेष विश्व में यहीं के इन्वेस्टर फैलाते हैं। भारत में भी बहुत तेजी से सभी क्षेत्रों में कॉर्पोरेटाइजेशन हो रहा है। अब आप टैक्सी स्टैंड कोई न देखेंगे। ज्यादातर इंडिपेंडेंट टैक्सी ड्राइवर अब ओला/उबर में चलने लगे हैं। किराना के क्षेत्र में भी यह अंतिम पीढ़ी है, जो गली के कोने पर गुप्ता जी की दुकान देख रही है। गुप्ता जी का बेटा दुकान बेचकर या तो रियल एस्टेट में जाएगा या नौकरी करेगा। काफी हद तक छोटी दुकानों की मार्केट आलरेडी मॉल/ स्टोर/अमेजन/ब्लिंकिट चौपट कर चुके हैं। बस यह समय की बात है, दस से बीस वर्षों में यहां भी कॉर्पोरेट ही दुकानें भी चलाएंगे और देश भी।

**- फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## अपसंस्कृति के खिलाफ एक मुहिम

उत्तर प्रदेश के कुशीनगर के गांव जोगिया जगुनी पट्टी में पिछले 19 साल से चल रहा लोकरंग किसी साहित्य, संस्कृति, कला प्रेमी के लिए अब नया नहीं रह गया है। हाशिए के समाज के इतिहासकार और इतिहासकार सुभाषचंद्र कुशवाहा जिस लगन और प्रतिबद्धता के साथ इसे आयोजित करने का सिलसिला जारी रखे हुए हैं, उसने जन संस्कृति के संवर्धन को एक नया व्यावहारिक रंग-रूप दिया है। अंधाधुंध बाजारीकरण से उपजी लिप्सा की संस्कृति और बेरोजगारी के दंश ने गांवों की तस्वीर कुछ मायनों में शहरों से भी ज्यादा खराब कर दी है।

वैसे तो वर्णाश्रमी व्यवस्था की जटिल सामाजिक संरचना वाले भारतीय गांव श्यामाचरण दुबे की भद्र लोक वाली नजर से देखे गए और छायावादी कवियों की कल्पनाओं और कविताओं में अभिव्यक्त 'अहा ग्राम्य जीवन' वाले गांव कभी नहीं थे। आज बेरोजगारी के दंश के बीच शराब की दुकानों ने जिस तरह बहुतेरे गांवों की कुछ बची खुची पारंपरिक लोक संस्कृति पर हमला बोला है, उससे वहां की तस्वीर और बदरंग हो चुकी है। ऐसे में शहर से कम जरूरी नहीं है कि गांवों के इस बदरंग होते स्वरूप को किसी न किसी तरह बचाया जाए।



दया शंकर राय

लेखक

सुभाष कुशवाहा ने 19 साल पहले जो पहल की थी, उसने अब एक दिशा पकड़ ली है और फूहड़ता और अपसंस्कृति के खिलाफ कारगर हस्तक्षेप की एक ठोस राह भी दिखाई है। उनकी यह पहल उल्लेखनीय इसलिए कही जाएगी कि शराब की खुलती दुकानों ने गांवों के बेरोजगारों को नशे की ओर धकेल दिया है, लेकिन पिछले 19 साल से लोकरंग से जुड़ी इस जोगिया गांव की टीम के युवा न सिर्फ नशे से दूर हैं, बल्कि वे लोक संस्कृति और फूहड़ संस्कृति का फर्क भी बखूबी समझने लगे हैं।

बेरोजगारी बेशक उनके सामने भी वैसे ही है, पर जिस समझदारी भरी लगन से यह टीम लोकरंग को जमीन पर उतारती है, वह एक मिसाल है। जाहिर है इसमें सुभाष कुशवाहा का मार्गदर्शन अहम रहा है, लेकिन पहल तो किसी न किसी को लेनी पड़ती ही है। आज शहरों से भी ज्यादा जरूरी है कि ऐसे आयोजन गांवों, कस्बों और छोटे जिलों में हों। लखनऊ, इलाहाबाद, भोपाल जैसे शहरों में तो फिर भी कुछ साहित्यिक सांस्कृतिक और वैचारिक आयोजन होते रहते हैं, जिससे एक वैचारिक हलचल और बहस मुबाहिसे के मंच उपलब्ध होते हैं। ज्यादातर गांव तो इससे अछूते ही हैं, जबकि जरूरत इस बात की है कि हर किस्म के पिछड़ेपन और वैचारिक कूपमंडूकता और जड़ता के खिलाफ आधुनिकता पर आधारित मूल्यों और विचारों के उन्नयन और विचार-विमर्श के लिए गांवों में संस्कृति, कला और विचार के ज्यादा से ज्यादा मंच बनें।

लोकरंग का यह सफर इस दिशा में एक रास्ता दिखाता है। इसलिए अगर लोकरंग में शामिल टीमें और साथी इस दिशा में पहल करते हैं, तो यह बेहद मानीखेज होगा और लोकरंग का यह विस्तार एक नया रंग लाएगा। इससे बहुत कुछ न सही कुछ कुछ तो समृद्ध होगा ही, जो आगे चलकर बहुत कुछ की जमीन तैयार करेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।




# ऐसे हुआ माचिस का आविष्कार

माचिस की खोज मानव इतिहास में एक महत्वपूर्ण कदम थी, क्योंकि इससे आग जलाना बेहद आसान हो गया। पहले के समय में लोग आग जलाने के लिए पत्थरों को आपस में रगड़ते थे या लकड़ी से घर्षण पैदा करते थे, जो काफी कठिन और समय लेने वाला काम था। आधुनिक माचिस का विकास 19 वीं सदी में हुआ। वर्ष 1826 में इंग्लैंड के रसायनज्ञ जॉन वॉकर ने पहली बार ऐसी माचिस बनाई, जिसे रगड़कर जलाया जा सकता था। उन्होंने लकड़ी की छोटी तीली के सिरे पर रसायनों का मिश्रण लगाया, जिसमें एंटिमनी सल्फाइड, पोटैशियम क्लोरेट और गोंद शामिल थे। जब इस तीली को खुरदुरी सतह पर रगड़ा जाता था, तो घर्षण से यह जल उठती थी।

हालांकि वॉकर की माचिस में एक समस्या थी। यह जलते समय तेज गंध और चिंगारियां पैदा करती थी। इसके बाद फ्रांस के रसायनज्ञ चार्ल्स सौरिया ने इसमें सफेद फॉस्फोरस का उपयोग किया, जिससे माचिस आसानी से जलने लगी, लेकिन यह फॉस्फोरस जहरीला था और इससे काम करने वाले मजदूरों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता था। इस समस्या को दूर करने के लिए स्वीडन के वैज्ञानिक गुस्ताफ पास्च और बाद में जोहान लुंडस्ट्रॉम ने "सेफ्टी माचिस" विकसित की। इसमें लाल फॉस्फोरस को तीली पर नहीं, बल्कि माचिस की डिब्बी की साइड पर लगाया गया। इससे माचिस ज्यादा सुरक्षित हो गई और आज भी हम इसी प्रकार की माचिस का उपयोग करते हैं। इस तरह माचिस की खोज कई वैज्ञानिकों के प्रयासों का परिणाम है, जिसने मानव जीवन को सरल और सुविधाजनक बना दिया। आज माचिस हमारे दैनिक जीवन का एक सामान्य और बेहद उपयोगी साधन बन चुकी है।

## वैज्ञानिक के बारे में



जॉन वॉकर का व्यक्तिगत जीवन अत्यंत सरल और सादगीपूर्ण था, लेकिन उनकी खोज ने उन्हें इतिहास में विशेष स्थान दिलाया। उनका जन्म 29 मई 1781 को इंग्लैंड के स्टॉकटन-ऑन-टीज में हुआ था। वे पेशे से एक केमिस्ट और दवा विक्रेता थे तथा अपनी दुकान पर दवाइयां बनाते हुए खाली समय में रसायनों के साथ प्रयोग किया करते थे। स्वभाव से वे शांत, जिज्ञासु और मेहनती थे। उन्हें न तो अधिक प्रसिद्धि की चाह थी और न ही धन कमाने की लालसा, यही कारण रहा कि उन्होंने माचिस की खोज का पेटेंट भी नहीं कराया। उनके इस निर्णय का लाभ बाद में अन्य लोगों ने उठाया। जॉन वॉकर ने विवाह नहीं किया और अपना पूरा जीवन अपने काम व प्रयोगों को समर्पित कर दिया। 1 मई 1859 को उनका निधन हो गया, लेकिन उनकी खोज आज भी दुनियाभर में उपयोगी बनी हुई है।

# सृष्टि के स्मार्ट सर्जक



डॉ. कैलाश चन्द सैनी
वन्यजीव लेखक, जयपुर

प्रकृति की हर रचना के पीछे एक सुस्पष्ट उद्देश्य और जीवन का गहरा विज्ञान छिपा होता है। पक्षियों के लिए घोंसला महज तिनकों का संकलन नहीं, बल्कि उनके वंश की सुरक्षा का एक अभेद्य दुर्ग है। ये नीड़ न केवल उन्हें प्रकृति के थपेड़ों- सर्दी, गर्मी और बरसात से बचाते हैं, बल्कि शत्रुओं से सुरक्षा का एक मनोवैज्ञानिक और भौतिक कवच भी प्रदान करते हैं। वर्षावनों की सघनता हो या ग्रामीण अंचलों की शांति, परिंदों ने अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए ऐसे समाधान खोजे हैं, जो आधुनिक इंजीनियरिंग को भी विस्मय में डाल देते हैं।





## बया: वास्तुकला की बेजोड़ किलेबंदी

भारतीय परिवेश में यदि पक्षियों के कलात्मक कौशल की बात हो, तो नन्हें 'बया' का नाम सर्वोपरि है। बया का घोंसला किसी कलात्मक उल्टे लटके थैले जैसा दिखता है, जिसे वह टहनियों के सबसे लचीले और संकरे सिरों पर बड़ी कुशलता से बुनती है। बया के घोंसले का असली रहस्य इसकी लंबी और संकरी प्रवेश सुरंग में छिपा है। जब कोई सांप या शिकारी पक्षी अंदर पहुंचने का प्रयास करता है, तो उसे इस झूलती हुई संकरी नली से गुजरना पड़ता है। चूंकि घोंसला अत्यंत लचीली टहनी पर होता है, शिकारी का भारी वजन उसे हिला देता है और वह अपना संतुलन खोकर नीचे गिर जाता है। जहां मैनाकिन शिकारी को मनोवैज्ञानिक भ्रम में छकाती है, वहीं बया अपनी संरचनात्मक बुनावट से शिकारी के लिए रास्ता ही दुर्गम और असंभव बना देती है।

## ब्लू मैनाकिन: लहराती पूंछ और दृश्य-भ्रम का विज्ञान

ब्राजील के दक्षिण-पूर्वी जंगलों में जब हवा का झोंका आता है, तो पेड़ों की डालियों से काई और घास की लंबी-लंबी लटें झूलती दिखाई देती हैं। पहली नजर में ऐसा भ्रम होता है मानो किसी ने मोटे हरे रेशमी धागों की कोई झालर टांक दी हो, लेकिन यह कोई साधारण सजावट नहीं, बल्कि अस्तित्व की रक्षा का एक चतुर और सूझबूझ भरा सुरक्षा उपाय है। यह 'ब्लू मैनाकिन' पक्षी का घोंसला है, जिसने हाल ही में जीव विज्ञानियों को चकित किया है।

ब्लू मैनाकिन का घोंसला ऊपर से छोटा और प्यालेनुमा होता है, लेकिन इसके नीचे लटकती काई और रेशों की लंबी 'पूंछ' इसे अद्वितीय बनाती है। हवा में लहराती ये लटें दरअसल एक सुरक्षा कवच का काम करती हैं। इस पूंछ की लंबाई कभी-कभी दो मीटर तक पहुंच जाती है। हाल ही में विज्ञान पत्रिका 'बायलॉजी लैटर्स' में प्रकाशित एक शोध के अनुसार, बड़े शिकारी पक्षी इन लटों को देख तो लेते हैं, पर यह नहीं समझ पाते कि इनके शीर्ष पर घोंसला भी हो सकता है। दरअसल, घोंसले का जाना-पहचाना गोल आकार इन बिखरी हुई रेखाओं के बीच पूरी तरह लुप्त-सा जाता है। विज्ञान की भाषा में इसे 'डिस्रप्टिव कैमुफ्लाज' (विघटनकारी छलावरण) कहते हैं - एक ऐसा दृश्य-भ्रम जहां असली आकृति अपनी पहचान खोकर प्राकृतिक परिवेश में विलीन हो जाती है। एक प्रयोग में शोधकर्ताओं ने कुछ घोंसलों की ये लटकती पूंछें हटा दीं और कुछ को यथावत रहने दिया। परिणाम चौंकाने वाले थे जिन घोंसलों की पूंछ नहीं थी, उन पर शिकारियों के लगभग दस गुना अधिक हमले हुए। प्रयोग से यह प्रमाणित हुआ है कि प्रकृति में कभी-कभी 'दिखना' ही 'छिपने' का सबसे सुरक्षित तरीका होता है।

## रक्षा के दो बेजोड़ दर्शन: एक नजर में

प्रकृति ने इन नन्हें पक्षियों को जो 'सर्वाइवल स्किल्स' दी हैं, वे उनकी बुद्धिमत्ता का जीवंत प्रमाण हैं। जहां ब्राजील की ब्लू मैनाकिन दृश्य-भ्रम पर भरोसा करती है, वहीं भारतीय बया अपनी सुरक्षा के लिए जटिल वास्तुकला का सहारा लेती है। मैनाकिन की लंबी पूंछ घोंसले के वजूद को शिकारी की नजरों से ओझल करने वाला पर्दा है, तो बया का शिल्प कौशल एक ऐसा फिल्टर है, जहां से यह पक्षी खुद तो अंदर आ-जा सकता है, लेकिन बड़े सांप या शिकारी पक्षी संतुलन खोकर नीचे गिर जाते हैं।



## गंध और दृष्टि का संतुलन

दिलचस्प तथ्य यह है कि मैनाकिन की यह तकनीक केवल उन शिकारियों पर प्रभावी है, जो दृष्टि का इस्तेमाल करते हैं। सांप या छोटे स्तनधारी शिकारी जो गंध से शिकार तलाशते हैं, उनके लिए यह पक्षी एक और युक्ति अपनाता है। ये अपने घोंसले जलस्रोतों के ठीक ऊपर लटकी पतली टहनियों पर बनाते हैं, जहां गंध का पीछा करने वाले जीवों के लिए पहुंचना लगभग नामुमकिन होता है।

## कल्पनाशीलता ही सबसे बड़ी शक्ति

घोंसला पक्षियों के शिशुओं के लिए केवल आश्रय नहीं, बल्कि एक विकसित और सूझबूझ भरा अनुकूलन है। इन नन्हें परिंदों की दुनिया हमें सिखाती है कि सुरक्षा के लिए हमेशा शारीरिक शक्ति की आवश्यकता नहीं होती। कभी सूझबूझ भरी बुद्धिमानी, तो कभी समझदारी से बुना गया शिल्प ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच बन जाता है। मैनाकिन की लहराती पूंछें हों या बया की सूक्ष्म कलाकारी, जिसमें हर तिनका जीवन की रक्षा के विज्ञान से जुड़ा है। ये जीव अपने सीमित संसाधनों से ऐसी रणनीतियां विकसित करते हैं, जो आधुनिक सुरक्षा-डिजाइन की अवधारणाओं को भी प्रेरित कर सकती हैं। अंततः यह संघर्ष केवल परिंदों का नहीं, बल्कि इस सार्वभौमिक सत्य का है कि अस्तित्व की लड़ाई में कल्पनाशीलता ही सबसे बड़ी शक्ति है।

## वैज्ञानिक फैक्ट



# आखिर क्यों उदय और अस्त के समय लाल दिखाई पड़ता है सूर्य

सुबह उगते और शाम को ढलते समय सूरज का लालिमा लिए दिखाई देना एक सामान्य, लेकिन बेहद आकर्षक प्राकृतिक दृश्य है। दिन के समय वही सूरज सुनहरा या पीला नजर आता है, जबकि क्षितिज के पास पहुंचते ही उसका रंग लाल या नारंगी हो जाता है। साथ ही आसमान भी कई रंगों- लाल, पीला, नीला, बैंगनी और नारंगी की छटा बिखेरता नजर आता है। यह परिवर्तन किसी जादू का नहीं, बल्कि विज्ञान का परिणाम है। इस घटना के पीछे 'रेली स्कैटरिंग' यानी प्रकाश का प्रकीर्णन जिम्मेदार होता है। जब सूर्य का सफेद प्रकाश पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करता है, तो वह हवा में मौजूद गैसों, धूल और अन्य सूक्ष्म कणों से टकराकर अलग-अलग दिशाओं में फैल जाता है। सूर्य के प्रकाश में सात रंग होते हैं- लाल, नारंगी, पीला, हरा, नीला, जामुनी और बैंगनी। इन सभी रंगों की तरंगदैर्ध्य (वेवलेंथ) अलग-अलग होती है।

बैंगनी और नीले रंग की तरंगदैर्ध्य सबसे छोटी होती है, इसलिए ये रंग वायुमंडल में अधिक बिखर जाते हैं। इसी कारण दिन के समय आसमान हमें नीला दिखाई देता है। वहीं लाल और नारंगी रंग की तरंगदैर्ध्य लंबी होती है, जिससे ये रंग ज्यादा दूरी तय कर पाते हैं और कम बिखरते हैं। सुबह और शाम के समय सूर्य की किरणें पृथ्वी के वायुमंडल से तिरछे कोण पर गुजरती हैं। इस दौरान उन्हें अधिक दूरी तय करनी पड़ती है। परिणामस्वरूप छोटी तरंगदैर्ध्य वाले रंग (नीला और बैंगनी) रास्ते में ही बिखर जाते हैं, जबकि लंबी तरंगदैर्ध्य वाले रंग (लाल और नारंगी) हमारी आंखों तक पहुंचते हैं। यही कारण है कि सूरज उस समय लाल या नारंगी दिखाई देता है और आसमान रंग-बिरंगा हो जाता है। इस समय सूरज जरूर पीले से लाल रंग का लगने लगता हो, लेकिन इसका मतलब ये नहीं होता कि उसका रंग बदल गया है। धूल के बादल, धुंआ और इसी तरह के अन्य तत्व आसमान के रंग पर असर डालते हैं। अगर आप भारत, कैलिफॉर्निया, चिली, ऑस्ट्रेलिया या अफ्रीका के कुछ हिस्सों या लाल रेत वाले इलाकों के नजदीक रहते हैं, तो आपका वातावरण मौसम की स्थिति के आधार पर प्रकाश को प्रतिबिंबित करने वाले कणों से भरा हो सकता है।


# अप्रैल में आकाश दर्शन

अप्रैल 2026 आकाश को देखने वालों के लिए काफी रोमांचक महीना है। इसमें कोई सूर्य या चंद्र ग्रहण नहीं है, लेकिन पूर्णिमा, उल्का वर्षा, ग्रहों के सुंदर संयोग और गहरी आकाशीय वस्तुएं अच्छा-खासा नजारा दिखाएंगी। हमें सबकुछ आसानी से दिखेगा, बस शहर की रोशनी से दूर जाएं, बाइनोकुलर या छोटा टेलीस्कोप हो, तो बेहतर है। सभी समय यूटीसी में दिए गए हैं (भारतीय समय आईएसटी- यूटीसी+ 5 :30 घंटे)।



डॉ. इरफान ह्यूमन
विज्ञान लेखक

- **चंद्र पूर्णिमा** - 2 अप्रैल को पूर्णिमा थी। चंद्रमा सूर्य से पृथ्वी के विपरीत स्थित और उसका चेहरा पूरी तरह से रोशन था। यह चरण 2:13 यूटीसी (कोऑर्डिनेटेड यूनिवर्सल टाइम) पर था। इस पूर्णिमा को प्रारंभिक मूल अमेरिकी जनजातियों द्वारा पूर्ण कृमि चंद्रमा (पिंग मून) के रूप में जाना जाता था, क्योंकि इसने मॉस पिंक या जंगली ग्राउंड फ्लॉक्स की उपस्थिति को चिह्नित किया, जो पहले वसंत फूलों में से एक है। इस चंद्रमा को स्प्राउटिंग ग्रास मून, ग्रोइंग मून और एग मून के नाम से भी जाना जाता है। कई तटीय जनजातियों ने इसे फिश मून भी कहा जाता है।
- **उच्चतम बिंदु पर बुध**- 3 अप्रैल को बुध ग्रह सूरज से 27.8 डिग्री की सबसे ज्यादा पश्चिमी ऊंचाई पर पहुंचेगा। बुद्ध ग्रह को देखने का यह सबसे अच्छा समय है, क्योंकि यह सुबह आसमान में क्षितिज के ऊपर अपने सबसे ऊंचे बिंदु पर होगा। सूरज उगने से ठीक पहले ग्रह को पूर्वी आसमान में नीचे देखें। बुध ग्रह को देखने का आनंद वाकई अनोखा और रोमांचक होता है। सौरमंडल का सबसे छोटा और सूर्य के सबसे नजदीक ग्रह होने के कारण बुध को 'भूतिया ग्रह' भी कहते हैं। यह ज्यादातर समय सूर्य की चमक में छिपा रहता है, इसलिए इसे देखना चुनौतीपूर्ण, लेकिन बेहद संतोषजनक होता है। बुध सूर्य से कभी ज्यादा दूर नहीं जाता। इसे देखने का सबसे अच्छा समय सूर्योदय से ठीक पहले (सुबह) या सूर्यास्त के तुरंत बाद (शाम) होता है, जब यह क्षितिज के पास चमकदार बिंदु की तरह दिखता है। सूर्यास्त के 30-40 मिनट बाद पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में देखा जाकता है। इसे देखने के लिए साफ क्षितिज चाहिए, शहर की लाइट्स से दूर बेहतर रहेगा। बुध को देखने का आनंद सिर्फ दृश्य नहीं, बल्कि यह एहसास भी है कि आप सूर्य के इतने करीब घूमते एक चट्टानी दुनिया को देख रहे हैं, जहां दिन में 400 सेल्सियस से अधिक तापमान और जहां रात में बेहद ठंड होती है।
- **आकाश में अंधकार**- 17 अप्रैल को अमावस्या (न्यू मून) होगी। इस दिन चंद्रमा सूर्य की तरह पृथ्वी के एक ही तरफ स्थित रहेगा और रात्रि आकाश में दिखाई नहीं देगा। यह खगोलीय घटना 20:30 यूटीसी पर घटित होगी। यह आकाशगंगा और तारा समूहों जैसी धुंधली वस्तुओं का निरीक्षण करने के लिए इस माह का सबसे अच्छा समय है, क्योंकि इन्हें देखने के लिए चांदनी बाधा नहीं बनेगी। ऐसे में रात के आकाश में आकाशगंगा या मंदाकिनी के दर्शन किए जा सकते हैं। नासा की शक्तिशाली हब्बल टेलिस्कोप ने अंतरिक्ष की कई आकाशगंगाओं की तस्वीरें लेने का अद्भुत काम किया है। कई आकाशगंगाएं इतनी दूर हैं कि उनका प्रकाश हम तक पहुंचने में लाखों साल का समय लग जाता है।



## अर्थ शाइन

19-20 अप्रैल को अर्थ शाइन होगी, जिसे हिंदी में पृथ्वी चमक या चंद्र चमक भी कहा जाता है, एक खगोलीय घटना है, जिसमें चंद्रमा के उस भाग पर पृथ्वी से परावर्तित सूर्य की रोशनी पड़ती है, जो हमारी दृष्टि से अंधेरा (अनिलुमिनेटेड) दिखाई देता है। सरल शब्दों में, जब चंद्रमा पतला (क्रिसेंट) आकार का होता है, तो उसके उज्ज्वल किनारे पर सूर्य की सीधी रोशनी पड़ती है, लेकिन अंधेरे भाग पर पृथ्वी की चमक (जो सूर्य से प्राप्त रोशनी को परावर्तित करती है) दिखाई देती है। यह चंद्रमा को दोहरी चमक वाला बनाती है, एक पतली रोशनी की पट्टी और उसके पीछे हल्की, नीली-ग्रे चमक। यह घटना अल्बर्टो डेमोंड (15वीं शताब्दी) द्वारा वर्णित की गई थी और इसे 'पुराना चंद्रमा नई चंद्रमा की गोद में' (ओल्ड मून इन द न्यू मून्स आर्म्स) भी कहा जाता है। अर्थ शाइन पृथ्वी के वायुमंडल और महासागरों के कारण चमकीला होता है, जो सूर्य की रोशनी को फैलाते हैं। इसे देखने का सबसे अच्छा दृश्य नव चंद्रमा (न्यू मून) के 2-3 दिन बाद या पहले, जब चंद्रमा 5-10 प्रतिशत रोशन (इल्यूमिनेटेड) होता है। इस समय चंद्रमा सूर्योदय या सूर्यास्त के करीब होता है और अंधेरा आकाश चमक को उभारता है।

## उल्का वर्षा का आनंद

अप्रैल माह में रात के आकाश में उल्का वर्षा का आनंद लिया जा सकता है। 22 व 23 अप्रैल रात के आकाश में लिरिड्स नामक उल्का वर्षा दिखाई देगी। आकाश में कभी-कभी एक ओर से दूसरी ओर अत्यंत वेग से जाते हुए अथवा पृथ्वी पर गिरते हुए, जो पिंड दिखाई देते हैं, उन्हें उल्का (मेट्योर) और साधारण बोलचाल में टूटते हुए तारे अथवा लूका कहते हैं। उल्काओं का जो अंश वायुमंडल में जलने से बचकर पृथ्वी तक पहुंचता है, उसे उल्कापिंड (मेट्योराइट) कहते हैं। प्राय: प्रत्येक रात्रि को उल्काएं अनगिनत संख्या में देखी जा सकती हैं, किंतु इनमें से पृथ्वी पर गिरने वाले पिंडों की संख्या अत्यंत अल्प होती है। एक विशेष समय में रात के आकाश में इनके गिरने की संख्या बढ़ जाती है, तब इसे उल्का वर्षा (मेट्योर शॉवर) कहते हैं। यह एक औसत प्रकार की उल्का वर्षा है, जिसमें आमतौर पर प्रति घंटे लगभग 20 उल्काओं का पात होगा। यह धूमकेतु सी/1861 जी 1 थैचर द्वारा छोड़े गए धूल कणों द्वारा निर्मित उल्का वर्षा है, जिसे वर्ष 1861 में खोजा गया था। उल्का वर्षा 16-25 अप्रैल तक सालाना चलती है। यह इस साल 22 की रात और 23 की सुबह अपने चरम पर होगी। ये उल्कापिंड कभी-कभी चमकीले धूलकणों का उत्पादन कर सकते हैं, जो कई सेकंड तक चलते हैं और टूटते तारों के रूप में दृष्टिगोचर होंगे। सर्वश्रेष्ठ दृश्य आधी रात के बाद किसी अंधेरे स्थान से दिखाई दे सकता है। उल्का नक्षत्र लियरा से आते दिखाई देंगे, लेकिन आकाश में कहीं भी दिखाई दे सकते हैं।

# हम चले चांद की ओर

नासा ने बीते कल आर्टेमिस 2 मिशन की सफलतापूर्वक लॉन्चिंग कर दी। फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से भारतीय समयानुसार सुबह 3 :54 बजे विशाल एसएलएस रॉकेट ने आसमान में उड़ान भरी। यह 54 साल बाद इंसानों को चांद की ओर ले जाने वाला पहला मानव मिशन है। लॉन्च पूरी तरह सफल रहा और चारों अंतरिक्ष यात्री सुरक्षित रूप से पृथ्वी की कक्षा में पहुंच गए हैं।



इस मिशन में चार सदस्यीय क्रू शामिल है- रीड वाइसमैन (मिशन कमांडर)

विक्टर ग्लोवर (पायलट) - चांद के पास जाने वाले पहले अश्वेत अंतरिक्ष यात्री।

क्रिस्टीना कोच (मिशन स्पेशलिस्ट) - चांद मिशन पर जाने वाली पहली महिला।

जेरेमी हैनसेन (मिशन स्पेशलिस्ट)- चांद के पास जाने वाले पहले कनाडाई अंतरिक्ष यात्री ये चारों अब ओरियन कैप्सूल में बैठकर चांद की ओर बढ़ रहे हैं। आर्टेमिस 2 लैंडिंग मिशन नहीं है। यह 10 दिन का परीक्षण मिशन है। क्रू चांद के बहुत करीब- लगभग 9600 किलोमीटर तक जाएगा। वे चांद के चारों ओर घूमेंगे और फिर पृथ्वी पर वापस आएंगे। इस दौरान ओरियॉन कैप्सूल की गहरे अंतरिक्ष में काम करने की क्षमता, जीवन रक्षा प्रणाली, नेविगेशन, कम्युनिकेशन और हीट शील्ड की पूरी जांच की जाएगी। वापसी के समय ओरियॉन 40 हजार किलोमीटर प्रति घंटा की तेज गति से पृथ्वी के वायुमंडल में दाखिल होगा।

यह लॉन्च इसलिए ऐतिहासिक है, क्योंकि अपोलो 17 के बाद पहली बार इंसान चांद के इतने करीब जा रहे हैं। यह मिशन आर्टेमिस कार्यक्रम की असली शुरुआत है। इसकी सफलता के बाद नासा आर्टेमिस 3 में चांद पर इंसानों को उतारेगा और आगे चलकर चांद पर स्थायी बेस बनाने की तैयारी करेगा। यह मिशन भविष्य में मंगल ग्रह पर जाने वाले मिशनों की भी नींव रखेगा, साथ ही यह युवा पीढ़ी को अंतरिक्ष विज्ञान की ओर आकर्षित करेगा।



डॉ. राजीव अग्रवाल
लेखक

16 नवंबर सन् 2022 को आर्टेमिस-1 के प्रक्षेपण के साथ इस मिशन की शुरुआत हुई थी। अब क्रू कई दिनों तक चांद की ओर बढ़ता रहेगा। वे चांद के पीछे वाले हिस्से से भी गुजरेंगे, जहां पृथ्वी से रेडियो संपर्क कुछ समय के लिए टूट जाएगा। इस दौरान कई वैज्ञानिक प्रयोग किए जाएंगे। लगभग 10 दिन बाद ओरियॉन कैप्सूल प्रशांत महासागर में पैराशूट की मदद से उतरेगा। नासा की आर्टेमिस 2 मिशन की सफल लॉन्चिंग अंतरिक्ष इतिहास का एक बड़ा पल है। 54 साल बाद इंसान फिर चांद की यात्रा पर निकले हैं। यह मिशन न सिर्फ अमेरिका, बल्कि पूरी मानवता के लिए नई उम्मीद और नई संभावनाएं लेकर आया है।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 73,319.55 | 22,713 |
| बढ़त | 185.23 | 33.70 |
| प्रतिशत में | 0.25 | 0.15 |

सोना 1,51,500 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,37,000 प्रति किलो

अमृत विचार
बरेली, शुक्रवार, 3 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2685, राज श्री 2050, फ़ॉर्चून कि. 2780, रविन्द्रा 2670, फॉर्चुन 13kg 2440, जय जवान 2215, सचिन 2350, सूरज 2215, अवसर 2145, उजाला 2200, गृहणी 13 kg 2175, क्लासिक (kg) 2560, मोर 2420, चक्र टिन 2655, ब्लू 2425, आशीर्वाद मस्टर्ड 2530, स्वास्तिक 2640
**किराना**–निजामाबाद हल्दी 16000–18000, जीरा 25500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 14000–18000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 800–1150
**चावल**–(प्रति कु0)–डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 9000, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1kg,5kg) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 9000, गौरी प्रीमियम 10800, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4350, लाडली 4200
**दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500–13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7450–9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10300–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500, चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर कोरी छोटी 12800
**चीनी**– पीलीभीत 4300, बहेड़ी 4260, रोज़ा 4260

## बिजनेस ब्रीफ

### सेल के सीएमडी ने दिया इस्तीफा

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अमरेंदु प्रकाश ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। शेयर बाजार को दी गई जानकारी के अनुसार, इस्पात मंत्रालय की मंजूरी के बाद उनका इस्तीफा दो अप्रैल से प्रभावी हो गया है।

### महंगे होंगे महिंद्रा वाहन

**मुंबई।** वाहन विनिर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा ने शुक्रवार को कहा कि वह आगामी छह अप्रैल से अपने गैर-इलेक्ट्रिक एसयूवी और वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में 2.5 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करेगी। कंपनी ने इस मूल्य वृद्धि का कारण लागत में बढ़ोतरी को बताया है।

# पेट्रोरसायन उत्पादों पर आयात शुल्क में छूट, 1800 करोड़ का पड़ेगा बोझ

## 30 जून तक प्लास्टिक, पैकेजिंग, वस्त्र, दवा, रसायन, मोटर वाहन घटकों को मिलेगा लाभ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने गुरुवार को महत्वपूर्ण पेट्रोरसायन उत्पादों के आयात पर तीन महीने यानी 30 जून तक सीमा शुल्क से छूट देने की घोषणा की।

पश्चिम एशिया में संकट के बीच आपूर्ति स्थिरता सुनिश्चित करने एवं उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने के लिए यह कदम उठाया गया है। इससे प्लास्टिक, पैकेजिंग, वस्त्र, दवा, रसायन, मोटर वाहन घटक तथा अन्य विनिर्माण क्षेत्रों जैसे पेट्रोरसायन कच्चा माल और मध्यवर्ती वस्तुओं पर निर्भर उद्योगों को लाभ मिलेगा। इस कदम से सरकारी खजाने पर लगभग 1,800 करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा।

वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और उससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में उत्पन्न व्यवधान को देखते हुए सरकार ने 30 जून तक महत्वपूर्ण पेट्रोरसायन उत्पादों पर पूर्ण सीमा शुल्क छूट देने का फैसला किया है।




● मेथनॉल, एनहाइड्रस अमोनिया, टॉलुइन, स्टाइरीन, डाइक्लोरोमिथेन विनाइल क्लोराइड मोनोमर, पॉली ब्यूटाडाइन, स्टाइरीन ब्यूटाडाइन और अनसैचुरेटेड पॉलिएस्टर रेजिन को सीमा शुल्क छूट दी गई है।

मंत्रालय ने कहा कि यह कदम एक अस्थायी एवं लक्षित राहत उपाय के रूप में उठाया गया है, ताकि घरेलू उद्योग के लिए आवश्यक पेट्रोरसायन कच्चे माल की उपलब्धता बनी रहे और प्रसंस्करण क्षेत्रों पर लागत का दबाव कम हो तथा देश में आपूर्ति स्थिरता सुनिश्चित की जा सके। इससे अंतिम उत्पादों के उपभोक्ताओं को भी राहत मिलेगी।

मेथनॉल, एनहाइड्रस अमोनिया, टॉलुइन, स्टाइरीन, डाइक्लोरोमिथेन (मेथिलीन क्लोराइड), विनाइल क्लोराइड मोनोमर, पॉली ब्यूटाडाइन, स्टाइरीन ब्यूटाडाइन और अनसैचुरेटेड पॉलिएस्टर रेजिन को सीमा शुल्क छूट दी गई है।

पश्चिम एशिया युद्ध के कारण शिपिंग मार्गों में व्यवधान से उर्वरक, कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के आयात को लेकर चिंता बढ़ गई है।

भारत उर्वरक एवं पेट्रोलियम का बड़ा आयातक है। अमेरिका और इजराइल के 28 फरवरी को ईरान पर सैन्य हमले शुरू करने और तेहरान की व्यापक जवाबी कार्रवाई के बाद वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सरकार ने पिछले सप्ताह वैश्विक कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के असर से उपभोक्ताओं को बचाने के लिए पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क 10 रुपये प्रति लीटर घटा दिया था।

साथ ही डीजल पर 21.50 रुपये प्रति लीटर और विमान ईंधन (एटीएफ) पर 29.50 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क लगाया गया है। फिलहाल पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क तीन रुपये प्रति लीटर और डीजल पर शून्य है।

## रुपये में उछाल से सेंसेक्स 185 अंक चढ़ा, निफ्टी 22,700 के पार

**मुंबई, एजेंसी।** स्थानीय शेयर बाजार बृहस्पतिवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 185 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी 22,713 अंक के ऊपर पार निकल गया। शेयरों की निचले स्तर पर लिवाली और रुपये में तेज बढ़त से बाजार को समर्थन मिला।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स कारोबार के निचले स्तर से 2,000 से अधिक अंक की वापसी करते हुए अंत में 185.23 अंक यानी 0.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ 73,319.55 अंक पर बंद हुआ।

सूचकांक गिरावट के साथ खुला और कारोबार के पहले भाग में 1,588 अंक टूटकर दिन के निचले स्तर 71,545.81 अंक पर आ गया। एचसीएल टेक और टीसीएस जैसी आईटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों और एचडीएफसी बैंक तथा आईसीआईसीआई बैंक जैसे प्रमुख बैंकों में मजबूत लिवाली से सूचकांक को भारी नुकसान से उबरने में मदद मिली और कारोबार समाप्त होने से पहले यह 73,568.54 अंक के उच्च स्तर पर पहुंच गया।

## पूर्वोत्तर में IIA की पहल

# एमएसएमई क्षमता और प्रत्यक्ष निवेश को मिलेगा बढ़ावा

**नमसाई, अरुणाचल प्रदेश**

● राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल के नेतृत्व में अरुणाचल पहुंचा उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल

पूर्वोत्तर भारत के औद्योगिक परिदृश्य को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (IIA) ने इस क्षेत्र में अपनी रणनीतिक एंट्री की घोषणा की है। IIA के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल आज नमसाई पहुंचे, उनके साथ विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों के प्रतिनिधित्व वाला एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी मौजूद रहा।

इसके तहत स्थानीय उद्यमियों को शुरूआत से लेकर राष्ट्रीय बाजारों में विस्तार और वैश्विक स्तर तक पहुंचने के लिए संपूर्ण मार्गदर्शन (एंड-टू-एंड हैंडहोल्डिंग) प्रदान किया जाएगा।

उच्चस्तरीय सरकारी वार्ता प्रतिनिधिमंडल की उपमुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री के साथ महत्वपूर्ण बैठकें प्रस्तावित हैं। इन बैठकों में MSME विकास को छात्रों के करियर प्रोफाइल से जोड़ने और औद्योगिक सहयोग को राज्य की आर्थिक नीति का मुख्य हिस्सा बनाने पर चर्चा होगी।

आईआईए अध्यक्ष दिनेश गोयल ने बताया कि हमारा लक्ष्य पूर्वोत्तर को एमएसएमई का सशक्त केंद्र बनाना है। अरुणाचल यूनिवर्सिटी ऑफ स्ट्डीज जैसे संस्थानों के साथ साझेदारी, राज्य नेतृत्व के साथ संवाद और प्रत्यक्ष निवेश के माध्यम से हम केवल उद्योग नहीं बना रहे, बल्कि अरुणाचल प्रदेश के लिए एक स्थायी आर्थिक पारिस्थितिकी तंत्र तैयार कर रहे हैं। IIA की इस पहल से क्षेत्र की आर्थिक संभावनाओं को नई दिशा मिलने की उम्मीद है, जिससे स्थानीय व्यवसायों को देश के अग्रणी औद्योगिक संगठनों में से एक का समर्थन और नेटवर्किंग का लाभ मिलेगा।

### इन बातों पर रहेगा ध्यान

- **आपसी राज्य निवेश:** स्थानीय उत्पादों के विकास को बढ़ावा देने और औद्योगिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पूंजी आकर्षित करना।
- **पारंपरिक क्षेत्र का आदान-प्रदान:** क्षेत्र के विशिष्ट पारंपरिक उद्योगों और व्यवसायों के आधुनिकीकरण एवं आपसी समझ को बढ़ावा देना
- उद्योग और शिक्षा के बीच की खाई को पाटना
- इसके अलावा IIA अरुणाचल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडीज के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर करने जा रहा है। इस साझेदारी का उद्देश्य होगा-इंडस्ट्री-अकादमिक कनेक्ट। जिसके तहत शैक्षणिक पाठ्यक्रमों को वास्तविक औद्योगिक जरूरतों के अनुरूप बनाने की दिशा में काम किया जाएगा।

## श्वेतक्रांति: 51 हजार महिलाएं बनीं उद्यमी

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

● 250 करोड़ से ज्यादा कारोबार 1500 गांवों में फैला दुग्ध व्यवसाय

● छह जिलों में महिलाओं ने बदली ग्रामीण अर्थव्यवस्था की तस्वीर

**अमृत विचार:** प्रदेश के तराई क्षेत्र में आई श्वेतक्रांति ने महिला सशक्तीकरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी है। बरेली, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, शाहजहांपुर, सीतापुर और रामपुर समेत छह जिलों के 1500 गांवों में 51 हजार महिलाएं दुग्ध व्यवसाय के जरिए उद्यमी बन चुकी हैं। इन महिलाओं के खातों में हर महीने 3, 13 और 23 तारीख को नियमित भुगतान पहुंच रहा है, जिससे उनकी आय स्थिर और भरोसेमंद बनी है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं उत्पादन से लेकर संग्रहण और विपणन तक की पूरी जिम्मेदारी संभाल रही हैं।

सृजनी एमपीसीएल के नेतृत्व में तराई क्षेत्र में प्रतिदिन एक लाख लीटर से अधिक दूध का संग्रहण और बिक्री हो रही है। अब तक महिलाएं सवा दो सौ करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर चुकी हैं। जो क्षेत्र पहले पिछड़े माने जाते थे, वे अब महिला उद्यमिता के नए केंद्र बन गए हैं।

तराई की यह श्वेतक्रांति केवल आर्थिक उन्नति नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव का भी मजबूत उदाहरण बन रही है, जहां महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति दे रही हैं।

## युवा उद्यमी योजना में आजमगढ़ दूसरे व हरदोई तीसरे स्थान पर

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने में अहम साबित हो रहा है। जिलावार प्रदर्शन में जौनपुर ने 151.56 प्रतिशत उपलब्धि के साथ पहला स्थान हासिल किया, जबकि आजमगढ़ 149.96 प्रतिशत के साथ दूसरे और हरदोई तीसरे स्थान पर रहा। वित्तीय वर्ष 2025-26 में योजना के तहत लक्ष्य से अधिक आवेदन आए और बड़े पैमाने पर युवाओं को लोन वितरित किया गया। प्रदेश में 1.5 लाख लोन वितरण के लक्ष्य के सापेक्ष 3,86,092 युवाओं ने आवेदन किया। इनमें से 3,30,441 आवेदन बैंकों को भेजे गए, जबकि 1,45,454 को स्वीकृति मिली।

अब तक 1,38,304 युवाओं को लोन वितरित किया जा चुका है। जौनपुर ने लक्ष्य से 151.56 प्रतिशत उपलब्धि हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। जिले में 2,700 के लक्ष्य के मुकाबले 4,092 युवाओं को लोन मिला। प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाकर युवाओं को बैंकिंग सिस्टम से जोड़ने का असर साफ दिखा।

आजमगढ़ ने 149.96 प्रतिशत उपलब्धि के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जहां ब्लॉक स्तर पर वर्कशॉप और काउंसिलिंग से युवाओं को जोड़ा गया। हरदोई ने 3,226 युवाओं को लोन देकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। झांसी ने चौथा स्थान प्राप्त किया, जबकि लखीमपुर खीरी पांचवें स्थान पर रहा। अंबेडकरनगर, बहराइच, चित्रकूट और बलिया का प्रदर्शन भी बेहतर रहा।

## अप्रत्यक्ष कर संग्रह 15.52 लाख करोड़ रुपये के पार

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सरकार का अप्रत्यक्ष कर संग्रह वित्त वर्ष 2025-26 में संशोधित अनुमान से मामूली रूप से अधिक रहा है। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। संशोधित अनुमान के अनुसार, सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सहित कुल अप्रत्यक्ष कर संग्रह वित्त वर्ष 2025-26 में 15.52 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहने का अनुमान है। इसमें सीमा शुल्क 2.58 लाख करोड़ रुपये, उत्पाद शुल्क 3.38 लाख करोड़ रुपये और केंद्रीय माल एवं सेवा कर (सीजीएसटी) 9.58 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। बताया कि सीमा शुल्क राजस्व वित्त वर्ष 2025-26 के लिए संशोधित अनुमान का 102 प्रतिशत रहा।

# लंदन में 'झुमका बासमती' का वैश्विक आगाज

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

● बरेली की प्रसिद्ध लाल मिर्च, येलो चिली तथा मसालों पर मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया

● यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, पोलैंड, चीन व संयुक्त राज्य अमेरिका ने दिखाई रुचि

**अमृत विचार:** लंदन में 30 मार्च से 1 अप्रैल तक आयोजित अंतर्राष्ट्रीय खाद्य एवं पेय कार्यक्रम (आईएफई) में उत्तर प्रदेश ने कृषि उत्पादों का वैश्विक प्रदर्शन कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

खासकर अंतराष्ट्रीय मंच पर बरेली के गॉडसन ऑर्गेनिक फार्म का झुमका बासमती, हंसराज बासमती व तिलक चंदन जैसी पारंपरिक सुगंधित धान कई देशों को पसंद आया।

बरेली की प्रसिद्ध लाल मिर्च, येलो चिली तथा अन्य उच्च गुणवत्ता वाले मसालों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली।

यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, पोलैंड, चीन और अमेरिका के संस्थागत खरीदारों के साथ-साथ विश्वभर के प्रख्यात शेफ एवं पाक-कला विशेषज्ञों ने पारंपरिक जैविक किस्मों में गहरी रुचि दिखाई। इससे निर्यात की संभावना बढ़ गई। प्रदेश के पांच प्रमुख कृषि उत्पादकों ने चावल, शहद, मसाला, फल समेत अन्य उत्पादों का प्रदर्शन करके राज्य की समृद्ध कृषि परंपरा और गुणवत्ता का परिचय दिया।




अतिथियों को बरेली का उपहार सौंपते प्रगतिशील किसान अनिल साहनी।

### निर्यात के लिए खुले नए द्वार : अनिल साहनी

**बरेली।** बरेली के प्रगतिशील उद्यमी अनिल कुमार साहनी (गॉडसन ऑर्गेनिक फार्म) ने इवेंट में वैश्विक स्तर पर जनपद का मान बढ़ाया है। उत्तर प्रदेश से चयनित मात्र 5 प्रतिभागियों में शामिल अनिल साहनी की संस्था द्वारा विकसित पेटेंटेड धान किस्म 'झुमका बासमती' और लुप्तप्राय सुगंधित किस्म 'तिलक चंदन' अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी में आकर्षण का मुख्य केंद्र रहीं। अनिल कुमार साहनी ने बताया कि इस वैश्विक मंच ने उत्तर प्रदेश के किसानों की पहुंच सीधे अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक सुनिश्चित की है। इससे न केवल पारंपरिक कृषि पद्धतियों और विरासत उत्पादों के संरक्षण को मजबूती मिलेगी, बल्कि किसानों को उनके उत्पादों का बेहतर मूल्य भी प्राप्त होगा। इवेंट के सकारात्मक परिणाम स्वरूप बरेली की इन प्रीमियम धान किस्मों के निर्यात हेतु कई महत्वपूर्ण व्यापारिक समझौते शुरू हुए हैं। ये समझौते वैश्विक 'स्पेशलिटी राइस मार्केट' में भारत और उत्तर प्रदेश की उपस्थिति को और अधिक सशक्त करेंगे।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव — महासंग्राम



# केरल में यूडीएफ-एलडीएफ से तंग आ चुके हैं लोग : प्रधानमंत्री

## मोदी ने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से ऑनलाइन किया संवाद

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को केरल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं से कहा कि तिरुवनंतपुरम में स्थानीय निकाय चुनावों में पार्टी को मिली सफलता नौ अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा के लिए बढ़ते समर्थन की लहर को दर्शाती है। मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हुए संवाद में कहा कि यह स्पष्ट है कि इस बार केरल न केवल एक नयी सरकार, बल्कि एक नयी व्यवस्था भी चुनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की लहर है।

तिरुवनंतपुरम ने एक नयी मिसाल कायम की है। अब तक वाम दलों और कांग्रेस दोनों का मानना था कि कुशासन या कुप्रबंधन की परवाह किए बिना वे बारी-बारी से सत्ता में आ सकते हैं। हालांकि, तिरुवनंतपुरम ने इस धारणा को चकनाचूर कर दिया है। मोदी ने कहा कि नतीजतन, संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) और वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) अब एक-दूसरे पर हमले करने के बजाय भाजपा को निशाना बना रहे हैं... लोग यूडीएफ और एलडीएफ द्वारा की जा रही लूट से तंग आ चुके हैं। संवाद में प्रधानमंत्री ने मौके पर खरा उतरने के महत्व को रेखांकित किया और इस बाबत केरल के क्रिकेट खिलाड़ी संजू सैमसन का उदाहरण दिया। मोदी ने कहा कि हम अक्सर संजू सैमसन के प्रदर्शन में यह देखते हैं। विश्व कप के दौरान, जब टूर्नामेंट अपने निर्णायक नॉकआउट चरणों में पहुंचा, तो उनका प्रदर्शन चरम पर था। एक महान खिलाड़ी हमेशा तब बेहतरीन प्रदर्शन करता है, जब उसकी टीम को उसकी सबसे ज्यादा जरूरत होती है।



## महिलाओं पर टिप्पणी को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने यूडीएफ उम्मीदवार का चुनाव प्रचार रोका

**पलक्कड़, एजेंसी।** भाजपा कार्यकर्ताओं के एक समूह ने बुधवार रात पलक्कड़ चुनाव क्षेत्र में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) के उम्मीदवार रमेश पिशारडी के चुनाव प्रचार को रोक दिया, जिससे चुनाव के इस अहम समय में राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा की प्रदेश महासचिव और राजग उम्मीदवार शोभा सुरेंद्रन ने कहा कि यह विरोध प्रदर्शन श्री पिशारडी की उन टिप्पणियों के खिलाफ था, जो उन्होंने हाल ही में यौन उत्पीड़न के एक मामले में फिल्म निर्देशक रंजीत की गिरफ्तारी को लेकर की थीं। उन्होंने श्री पिशारडी पर इस गंभीर मुद्दे को हल्का बनाने का आरोप लगाया। श्री पिशारडी ने घेराव की निंदा करते हुए कहा कि लोकतंत्र में उम्मीदवारों को सभी क्षेत्रों में वोट मांगने का अधिकार है। तनाव को देखते हुए बाद में यूडीएफ की टीम वहां से हट गयी। केरल में नौ अप्रैल को होने वाले चुनावों के लिए राजग, यूडीएफ और एलडीएफ के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है।



असम के कालियाबोर में जनसभा में स्थानीय प्रत्याशियों के साथ गृहमंत्री अमित शाह।

## कांग्रेस ने घुसपैठियों को सौंप दिया था काजीरंगा, राजग ने बचाया : शाह

**कालियाबोर (असम), एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस ने राज्य में अपने 15 साल के शासन के दौरान असम के विकास के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने यहां चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस ने विश्व प्रसिद्ध काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान को घुसपैठियों के हवाले कर दिया, जिन्होंने वन भूमि पर अतिक्रमण किया और एक सींग वाले गैंडों को खतरे में डाल दिया। उन्होंने कहा कि यह राजग सरकार थी जिसने अतिक्रमणकारियों को हटाया और यह सुनिश्चित किया कि काजीरंगा एक बार फिर विश्व पर्यटन मानचित्र पर आए। कहा कि कांग्रेस शासन में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह असम से राज्यसभा सदस्य थे, लेकिन न तो उस समय की केंद्र सरकार और न ही राज्य सरकार ने इसके लिए कुछ किया। दो दिवसीय दौरे पर आए शाह ने कालियाबोर में भाजपा के सहयोगी दल असम गण परिषद (एजीपी) के उम्मीदवार और मंत्री केशव महंत के लिए प्रचार किया।

### भाजपा किसी धर्म-भाषा के खिलाफ नहीं : गडकरी

**गुवाहाटी, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भाजपा किसी भी जाति, धर्म या भाषा के खिलाफ नहीं है और विविधता में एकता ही हमारी विशेषता है। असम के पलाशबाड़ी निर्वाचन क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विशिष्ट धर्म के लोगों को मतदान का अधिकार देने में दी गई छूट संविधान के मार्गदर्शन के अनुसार है। गडकरी ने कहा कि भाजपा किसी जाति, क्षेत्र, धर्म या भाषा के खिलाफ नहीं है। लेकिन जो विदेशी नागरिक आते हैं, क्या उन्हें मतदान का अधिकार दिया जाना चाहिए? फिर आप सबका क्या होगा? दावा किया कि संविधान इस संबंध में मार्गदर्शन प्रदान करता है क्योंकि सिख, हिंदू, बौद्ध, जैन निर्वासित हैं और उनका कोई दूसरा देश नहीं है।

## न्यायिक अधिकारियों पर हमला निंदनीय, भाजपा रच रही साजिश : ममता

**सुति/सागरदिघी (पश्चिम बंगाल), एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मालदा में न्यायिक अधिकारियों के घेराव मामले में गुरुवार को भाजपा और निर्वाचन आयोग को निशाना बनाते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर बंगाल में अशांति फैलाने और अंतत: विधानसभा चुनाव से पहले राष्ट्रपति शासन लागू करने के लिए साजिश रचने का आरोप लगाया। मुर्शिदाबाद जिले के सागरदिघी और सुति में रैलियों को संबोधित करते हुए बनर्जी ने सधे हुए शब्दों में भाजपा पर तीखा हमला किया और लोगों से भाजपा के दंगों के जाल में नहीं फंसने का आग्रह किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि निर्वाचन आयोग के हस्तक्षेप के बाद प्रशासनिक शक्तियां छीन लिए जाने के बावजूद वह राजनीतिक रूप से लड़ाई लड़ रही हैं।

## द्रमुक शासन में अपराधों में वृद्धि : पलानीस्वामी

**धर्मपुरी (तमिलनाडु), एजेंसी।** अन्नाद्रमुक के महासचिव एडप्पाडी के. पलानीस्वामी ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार जन सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रही है, और दावा किया कि सरकार ने स्वयं राज्य में लगभग 18,000 पॉक्सो मामलों के पंजीकरण को स्वीकार किया है। धर्मपुरी में रैली को संबोधित करते हुए, विधानसभा में विपक्ष के नेता ने अपने दावे के समर्थन में विधानसभा में महिला सशक्तीकरण मंत्री पी. गीता जीवन के बयान का हवाला दिया।

## एलडीएफ और सीएम विजयन पीएम मोदी की बी-टीम : प्रियंका

**तिरुवनंतपुरम/कोल्लम, एजेंसी**

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने बृहस्पतिवार को केरल में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और मुख्यमंत्री पिनराई विजयन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बी-टीम होने और राज्य में सत्ता में बने रहने के लिए हताशा में भाजपा के साथ गुपचुप तरीके से हाथ मिलाने का आरोप लगाया। केरल विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) के चुनाव अभियान के तहत तिरुवनंतपुरम के पुतनतोपु में एक नुक्कड़ सभा में प्रियंका ने आरोप लगाया कि मोदी ने पश्चिम एशिया संघर्ष के संबंध में अमेरिका और इजराइल के सामने झुककर ऐसी स्थिति पैदा कर दी है जहां भारत को भी अन्य देशों के साथ-साथ नुकसान उठाना पड़ेगा।



न्होंने आरोप लगाया कि हमारे प्रधानमंत्री कायर, बिना रीढ़ के और दबाव में हैं। हम हर दिन इसकी कीमत चुका रहे हैं क्योंकि उनमें भारत के लिए खड़े होने का साहस नहीं है...। उन्होंने तिरुवनंतपुरम के कोल्लम और कौडियार में यूडीएफ की जनसभाओं में अपने आरोपों को दोहराया। यह भी आरोप लगाया कि मोदी की नीतियों ने खाड़ी क्षेत्र में चल रहे संघर्ष के दौरान वहां फंसे भारतीयों को सुरक्षा और संरक्षा प्रदान नहीं की।

### राहुल गांधी ने जारी किया असम के लिए कांग्रेस का घोषणा पत्र

**बोकाजन (असम), एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को असम विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणापत्र जारी किया, जिसमें शासन और स्वास्थ्य सेवा जैसे 11 क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। यहां एक चुनावी रैली में राहुल गांधी, कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी का घोषणापत्र जारी किया। घोषणापत्र के 11 संकल्पों में शासन, पहचान, स्वास्थ्य सेवा, अवसंरचना विकास, औद्योगीकरण, कृषि, ग्रामीण और शहरी विकास, जलवायु परिवर्तन और सुरक्षित असम जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इससे पहले, कांग्रेस ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की यात्रा के दौरान 29 मार्च को 'पांच गारंटी' जारी की थीं।



# यशोदा और कृष्ण... राजा रवि वर्मा की पेंटिंग 167.20 करोड़ रुपये में बिकी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रख्यात भारतीय चित्रकार राजा रवि वर्मा की पेंटिंग 'यशोदा और कृष्ण' बुधवार को मुंबई में सैफ्रोनआर्ट की स्प्रिंग लाइव नीलामी में रिकॉर्ड 167.20 करोड़ रुपये यानी 17,978,495 अमेरिकी डॉलर में बिकी। इसके साथ ही यह नीलामी में बिकने वाली आधुनिक भारतीय कला की अब तक की सबसे अधिक मूल्य वाली कृति बन गई है।

इस पेंटिंग ने पिछले साल एक नीलामी में 118 करोड़ रुपये से अधिक की कीमत में बिकने वाली एमएफ हुसैन की अनाम (ग्राम यात्रा) पेंटिंग के बनाए गए पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। राजा रवि वर्मा की इस कृति का अनुमानित मूल्य 80-120 करोड़ रुपये था और इसे सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक डॉ. साइरस एस पूनावाला ने खरीद लिया।

## एमएफ हुसैन का रिकॉर्ड तोड़ा



### 1890 के दशक में बनी

1890 के दशक में बनाई गई यह कृति भगवान कृष्ण की बाल्यावस्था और माता यशोदा के मातृ प्रेम की एक सूक्ष्म व्याख्या प्रस्तुत करती है। इसे रवि वर्मा की सबसे महत्वपूर्ण और भावपूर्ण रचनाओं में से एक माना जाता है।

प्रतिष्ठित पेंटिंग 'यशोदा और कृष्ण' को प्राप्त करने, संरक्षित करने और उसकी देखभाल करने का अवसर पाकर गर्व महसूस हो रहा है। यह राष्ट्रीय धरोहर समय-समय पर जनता के दर्शन के लिए उपलब्ध होने योग्य है। - साइरस एस पूनावाला

# सीएपीएफ विधेयक

## केंद्रीय बलों में नेतृत्व का सवाल

केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) संशोधन विधेयक, 2026 हाल के दिनों में काफी विवाद का विषय रहा है। सरकार इसे केंद्रीय सशस्त्र बलों के बेहतर समन्वय और सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बता रही है, जबकि खुद सीएपीएफ के कई अधिकारी इसे अपने अधिकारों का हनन मान रहे हैं। विपक्षी दल भी उनका समर्थन कर रहे हैं। सीएपीएफ के अधिकारियों की सबसे बड़ी आपत्ति विधेयक के उस प्रावधान को लेकर है जिसमें भारतीय पुलिस सेवा के अफसरों को इन बलों का नेतृत्व देने का रास्ता साफ किया गया है। हाल ही में सीएपीएफ अधिकारियों की ओर से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को दिए गए एक ज्ञापन में कहा गया था कि इस प्रावधान से वे अपनी ही सेवा में दोयम दर्जे के नागरिक बन जाएंगे। हालांकि, इसके बावजूद यह विधेयक राज्यसभा में पारित किया जा चुका है और उसे लोकसभा में रखा जाना है।



### सरकार की ओर से तर्क

- बीएसएफ, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी और एसएसबी जैसे बलों के लिए एक समान कानूनी ढांचा तैयार करना।
- नियमों में स्पष्टता लाने के लिए सशस्त्र बलों में भर्ती, पदोन्नति, वरिष्ठता और सेवा की अन्य शर्तों से जुड़ी विसंगतियों को दूर करना।
- आईपीएस अधिकारियों के पास राज्यों और केंद्र के बीच समन्वय का अनुभव होता है, जो आंतरिक सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।
- सरकार का मानना है कि इससे कानूनी सुदृढ़ीकरण में मदद मिलेगी, सेवा संबंधी मामलों में होने वाली मुकदमेबाजी भी घटेगी।

### सुप्रीम कोर्ट के पिछले फैसले

- सुप्रीम कोर्ट ने 2019 में सीएपीएफ अधिकारियों को ऑर्गनाइज्ड ग्रुप ए सर्विस का दर्जा देते हुए उन्हें नॉन-फंक्शनल फाइनेंशियल अपग्रेडेशन का लाभ देने का निर्देश दिया था ताकि उन्हें अन्य सिविल सेवाओं के समान वित्तीय लाभ मिलें।
- अदालत ने 2025 में निर्देश दिया था कि शीर्ष पदों पर आईपीएस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति को धीरे-धीरे कम किया जाए ताकि सीएपीएफ के अपने कैडर अधिकारियों को नेतृत्व करने और शीर्ष पदों तक पहुंचने के पर्याप्त अवसर मिले।

### विधेयक के मुख्य प्रावधान

- इसके तहत महानिदेशक और विशेष महानिदेशक जैसे 100% शीर्ष पद आईपीएस अधिकारियों के लिए आरक्षित किए गए हैं।
- अतिरिक्त महानिदेशक यानी एडीजी के कम से कम 67%, आईजी के 50% पद भी आईपीएस अफसरों के लिए सुरक्षित रहेंगे।
- केंद्र सरकार को इस विधेयक की धारा 3 के तहत सेवा शर्तों और भर्ती के नियम बनाने के लिए व्यापक अधिकार दिए गए हैं।
- विपक्ष ने कहा है कि न्यायपालिका के फैसलों को पलटा जा रहा है, वास्तविक मुद्दे सुलझाने के बजाय नौकरशाही नियंत्रण बढ़ाया है।

### विरोध के प्रमुख कारण

- आरोप है कि विधेयक लाकर कोर्ट का वह फैसला पलटा जा रहा है जिसमें आईपीएस कोटा कम करने को कहा गया था।
- सीएपीएफ अधिकारियों का कहना है कि वे कभी अपने बल के प्रमुख नहीं बन पाएंगे। इससे उनमें निराशा पैदा हो रही है।
- यह भी तर्क है कि जो अधिकारी दशकों से लड़ रहे हैं, वे बाहरी आईपीएस अधिकारियों की तुलना में बल को बेहतर समझते हैं।
- विपक्ष इसे संस्थागत अन्याय करार दे रहा है, जहां लड़ाई कैडर अधिकारी लड़ते हैं लेकिन कमान बाहर से थोपी जाती है।

**10 लाख** के लगभग कर्मचारी हैं भारत के केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में, यह दुनिया के सबसे बड़े अर्द्धसैनिक बलों में से एक माना जाता है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### उत्तरी इंडोनेशिया के जलक्षेत्र में भूकंप से उठीं सुनामी की लहरें

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के जलक्षेत्र में बृहस्पतिवार को आए भूकंप से सुनामी की छोटी लहरें उठीं, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और इमारतों को नुकसान पहुंचा। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार भूकंप की तीव्रता 7.4 थी और इसका केंद्र मोलूका सागर में 35 किलोमीटर की गहराई पर था। इंडोनेशिया की मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान एवं भूभौतिकी एजेंसी के अनुसार, भूकंप के आधे घंटे से भी कम समय में कई निगरानी केंद्रों में सुनामी की लहरें दर्ज की गईं, जिनमें बिटुंग में आठ इंच और पश्चिम हलमाहेरा में एक फुट ऊंची लहरें शामिल हैं।

### गायक जुबिन गर्ग की मौत मामले की जांच पूरी : सिंगापुर पुलिस

**सिंगापुर।** सिंगापुर पुलिस बल (एसपीएफ) ने पुष्टि की है कि 19 सितंबर 2025 को सिंगापुर में हुई गायक जुबिन गर्ग की मौत के मामले में जांच पूरी हो गई है और इसमें किसी भी तरह की साजिश या आपराधिक कृत्य के सबूत नहीं मिले हैं। बुधवार को जारी एक बयान में कहा गया कि सिंगापुर के 'कोरोनर्स एक्ट, 2010' के तहत एसपीएफ ने मामले की गहन जांच की, उपलब्ध सबूतों की पड़ताल की और सभी संबंधित गवाहों के बयान दर्ज किए। एसपीएफ ने कहा कि यह बयान मीडिया के सवालों के जवाब में जारी किया गया है और आमजन को ऐसी टिप्पणियां करने से बचने की सलाह दी गई है जो अदालत के फैसले या न्यायिक प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठाती हों।

# ट्रंप ने ईरान के खतरे को खत्म बताया तो तेहरान ने मिसाइलें दागकर दिया जवाब

## इजराइल और खाड़ी देशों को निशाना बनाया, कहा- अभी हथियारों का पर्याप्त भंडार

दुबई, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि ईरान का खतरा लगभग खत्म हो चुका है और युद्ध जल्द ही खत्म हो जाएगा लेकिन इसके बाद ईरान ने बृहस्पतिवार को इजराइल और खाड़ी के अरब देशों पर और मिसाइलें दागकर साफ किया कि वह फिलहाल अपने हमले रोकने नहीं जा रहा है।

ईरानी सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल इब्राहिम जुल्फिकारी ने बृहस्पतिवार को कहा कि तेहरान के पास अभी काफी छिपे हुए हथियार, गोला-बारूद और उत्पादन सुविधाएं मौजूद हैं। उन्होंने कहा, जिन केंद्रों को आप निशाना बनाने का दावा करते हैं, वे महत्वहीन हैं और हमारा रणनीतिक सैन्य उत्पादन ऐसे स्थानों पर होता है जिनकी आपको कोई जानकारी नहीं है और आप वहां कभी नहीं पहुंच सकते। इससे पहले, ट्रंप ने जोर देकर कहा था कि इस जलडमरूमध्य को बलपूर्वक खोला जा सकता है लेकिन यह काम अमेरिका का नहीं है। अमेरिकी जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने होर्मुज से गुजरने वाले तेल पर निर्भर देशों से देर से सही, हिम्मत दिखाने और इसे अपने कब्जे में लेने की अपील की। ट्रंप ने दावा किया था कि अमेरिकी सैन्य कार्रवाई इतनी निर्णायक रही है कि सबसे शक्तिशाली देशों में से एक माने जाने वाले ईरान से अब वास्तव में कोई खतरा नहीं रहा। ईरान ने बृहस्पतिवार को ही ट्रंप के भाषण का दृढ़ता से जवाब दिया और इजराइल के साथ खाड़ी देशों पर कई मिसाइल हमले किए।

पड़ोसी देशों पर ईरान के हमलों और होर्मुज जलडमरुमध्य पर उसके नियंत्रण से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति बाधित हुई है, जिसका असर पश्चिम एशिया के साथ दुनियाभर में लगातार बढ़ता जा रहा है। युद्ध में



इजराइल के तेल अवीव में ईरान की मिसाइल गिरने के बाद उठता धुआं।

### अमेरिका से लड़ने के लिए 70 लाख ईरानी तैयार

**तेहरान।** ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकिर कालीबाफ ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि 70 लाख ईरानी किसी भी अमेरिकी जमीनी आक्रमण के खिलाफ लड़ने के लिए तैयार हैं। कालीबाफ ने युद्ध की शुरुआत से ही अमेरिका को चुनौती देने वाली कई पोस्ट सोशल मीडिया पर साझा की हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, एक हफ्ते से भी कम समय में पूरे देश में एक बड़ा अभियान चलाया गया, जिसमें लगभग 70 लाख ईरानी सामने आए और कहा कि वे हथियार उठाकर अपने देश की रक्षा के लिए तैयार हैं। सोशल मीडिया पर कई दिन से इस दावे के संबंध में पोस्ट की जा रही हैं। इस दावे का उल्लेख करने वाले कालीबाफ पहले उच्चस्तरीय अधिकारी हैं।

### जल्द से जल्द इराक छोड़ें सभी अमेरिकी नागरिक

**बगदाद।** इराक की राजधानी बगदाद स्थित अमेरिकी दूतावास ने गुरुवार को इराक में मौजूद अपने नागरिकों से तुरंत देश छोड़ने की अपील की है।

- अमेरिकी दूतावास ने अपील की, अगले 24 घंटों में बगदाद में हमलों की आशंका जताई

दूतावास के बयान के अनुसार, ईरान समर्थक समूहों द्वारा मध्य बगदाद में स्थित विदेशी राजनयिक मिशनों पर हमले की धमकियों के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। दूतावास ने कहा, ईरान से जुड़े इराकी आतंकवादी समूह अगले 24-48 घंटों के भीतर मध्य बगदाद में हमले कर सकते हैं। ईरान और उससे जुड़े आतंकवादी गुटों ने पूरे इराक में अमेरिकी नागरिकों और अमेरिका से जुड़े ठिकानों पर व्यापक हमले किए हैं, जिनमें इराकी कुर्दिस्तान क्षेत्र भी शामिल है। बयान में चेतावनी दी गई है कि ईरान समर्थित ये आतंकवादी समूह इराक में अमेरिकी नागरिकों, व्यवसायों, विश्वविद्यालयों, राजनयिक मिशनों, ऊर्जा केंद्रों, होटलों और हवाई अड्डों को निशाना बना सकते हैं।

राजनयिक मिशन ने एक्स पर लिखा, इराकी सरकार अपने क्षेत्र में या वहां से होने वाले आतंकवादी हमलों को रोकने में विफल रही है। ईरान समर्थित आतंकवादी समूह इराकी सरकार से जुड़े होने का दावा कर सकते हैं। आतंकवादी ऐसे पहचान पत्र भी दिखा सकते हैं जिनसे वे इराकी सरकार के कर्मचारी प्रतीत होते हों।

# इजराइल के मृत्युदंड कानून के खिलाफ मुस्लिम देश एकजुट

अबू धाबी, एजेंसी

अरब और मुस्लिम देशों के एक शक्तिशाली गुट ने एकजुट होकर इजराइल के नवीनतम कानूनी कदम की तीखी निंदा की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अधिकृत पश्चिम तट में मृत्युदंड की शुरुआत बेहद गंभीर और खतरनाक है, जिसके क्षेत्रीय स्थिरता और अंतरराष्ट्रीय कानून पर दूरगामी परिणाम होंगे।

संयुक्त अरब अमीरात, जॉर्डन, तुर्की, मिस्र, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, सऊदी अरब और कतर के विदेश मंत्रियों ने एक कड़े शब्दों वाले संयुक्त बयान में इजराइली संसद नेसेट के पारित कानून की आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह प्रभावी रूप से फिलिस्तीनियों के खिलाफ मृत्युदंड का मार्ग प्रशस्त करता है और अधिकृत फिलिस्तीनी क्षेत्र में भेदभाव को और गहरा करता है। मंत्रियों ने आगाह किया कि इस कदम से क्षेत्र में तनाव और बढ़ सकता है, शांति स्थापित करने के लिए किए जा रहे कमजोर प्रयासों को और नुकसान पहुंचा सकता है और पहले से ही बदहाल हालात और ज्यादा खराब हो सकते हैं। उन्होंने इजराइल से संकट को बढ़ाने वाले उपायों को रोकने का आह्वान किया और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से जवाबदेही सुनिश्चित करने और शांति बनाए रखने के प्रयासों को तेज करने का आग्रह किया।



- क्षेत्रीय स्थिरता और अंतरराष्ट्रीय कानून पर दूरगामी परिणाम की चेतावनी दी
- इजराइल ने हाल ही में फिलिस्तीनियों को मृत्युदंड देने का बनाया है कानून

उल्लेखनीय है कि इजराइल की संसद नेसेट ने 31 मार्च को एक विवादास्पद विधेयक पारित किया है, जो आतंकी कृत्यों में इजराइलियों की हत्या के दोषी पश्चिम तट के फिलिस्तीनियों के लिए मृत्युदंड को अनिवार्य बनाता है। इस कानून के तहत सैन्य अदालतों में घातक आतंकवादी कृत्यों के दोषी पाए गए पश्चिम तट के निवासियों के लिए फांसी की सजा एक सामान्य सजा होगी। न्यायाधीश केवल अस्पष्ट रूप से परिभाषित विशेष परिस्थितियों में ही आजीवन कारावास की सजा दे सकते हैं। कानून के अनुसार, सजा सुनाए जाने के 90 दिनों के भीतर मृत्युदंड दिया जाना है।

### यूरोपीय देश और मानवाधिकार समूह पहले ही कर चुके हैं आलोचना

यूरोपीय देशों के साथ कई मानवाधिकार समूह और फिलिस्तीनी प्राधिकरण पहले ही दो अलग-अलग कानूनी व्यवस्था बनाने के लिए इस कानून की आलोचना कर चुके हैं। दरअसल पश्चिम तट के फिलिस्तीनियों पर सैन्य अदालतों में अनिवार्य मृत्युदंड के तहत मुकदमा चलाया जाएगा जबकि पूर्वी यरुशलम के फिलिस्तीनी निवासियों सहित इजराइली नागरिकों पर नागरिक अदालतों में उन कानूनों के तहत मुकदमा चलाया जाएगा है जो काफी हद तक यहूदी अपराधियों को ऐसी सजाओं से बाहर रखते हैं। ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और इटली ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि इस कानून से लोकतांत्रिक सिद्धांतों को नुकसान पहुंचने का जोखिम है।

## जापान-फ्रांस ने परमाणु ऊर्जा सहयोग पर घोषणा पत्र पर किए हस्ताक्षर

**टोक्यो।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की जापान की दो दिवसीय यात्रा के दौरान दोनों देशों ने परमाणु ऊर्जा के विकास पर एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए हैं।

जापानी प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची के साथ बुधवार को एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में मैक्रों ने कहा, हमने नागरिक परमाणु ऊर्जा पर एक घोषणापत्र अपनाया है। परमाणु ऊर्जा कार्बन उत्सर्जन कम करने और संप्रभुता की रणनीति के केंद्र में है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि दोनों देश संयुक्त परियोजनाओं के माध्यम से दोनों देश साझेदारी को विकसित करना जारी रखेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देशों को 2050 तक अगली पीढ़ी के परमाणु रिएक्टर मिलने की उम्मीद है। मैक्रों ने कहा, हमारी साझेदारी अंतरिक्ष क्षेत्र में भी जारी है।

- मैक्रों ने अंतरिक्ष क्षेत्र में जापान के साथ साझेदारी की घोषणा की

फ्रांसीसी अंतरिक्ष कमान में एक जापानी अधिकारी भेजने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर के साथ यह एक नए स्तर पर पहुंच गई है। मैक्रों ने कहा कि दोनों देशों के पास इस क्षेत्र में सहयोग विकसित करने की महत्वपूर्ण संभावनाएं हैं, विशेष रूप से रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल और छोटे रॉकेट के क्षेत्र में।

## आर्टेमिस-II चंद्र मिशन



### चलो चांद पर चलें.... 50 साल बाद चार अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर रवाना हुआ नासा का मिशन

**केप कैनवेरल।** अमेरिका से बुधवार को चार अंतरिक्ष यात्री चांद की ओर रवाना हुए। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के इस मिशन के तहत करीब 50 बाद चांद पर इंसान अपने कदम रखने जा रहे हैं। नासा दो साल से इस मिशन की तैयारी कर रहा था। आर्टेमिस 2 के कमांडर रीड वाइजमैन ने 'चलो चांद पर चलते हैं!' के घोष के साथ अंतरिक्ष की ओर इस अभियान की अगुवाई की। उनके साथ पायलट विक्टर ग्लोवर, क्रिस्टीना कोच और कनाडा के जेरेमी हैनसेन थे। यह चांद पर स्थायी मौजूदगी स्थापित करने की दिशा में नासा का अब तक का सबसे बड़ा कदम है।



### 32 मंजिला रॉकेट हुआ रवाना

नासा के केनेडी स्पेस सेंटर से 32 मंजिला रॉकेट रवाना हुआ जहां इस नए युग की शुरुआत देखने के लिए हजारों लोग इकट्ठे हुए थे। आसपास की सड़कें और समुद्र तट भी लोगों से खचाखच भर गए जिससे अपोलो चंद्र अभियानों की याद ताजा हो गई।

### सबसे वैविध्यपूर्ण दल...

तीन अमेरिकी और कनाडा के एक यात्री के साथ यह ऐसा पहला दल है जिसमें पहली बार कोई महिला, गैरश्वेत कोई व्यक्ति और कोई गैर अमेरिकी नागरिक नासा के नए ओरियन कैप्सूल में सवार हुए।

### चांद से 6,400 किलोमीटर आगे... सबसे दूर तक जाने का रिकॉर्ड बनाएगा यह मिशन

अंतरिक्ष यात्री अपनी 10 दिवसीय परीक्षण उड़ान के पहले 25 घंटे पृथ्वी के करीब ही रहेंगे, पृथ्वी के चारों ओर कक्षा में कैप्सूल की जांच करेंगे और फिर मुख्य इंजन को चालू करेंगे जो उन्हें चंद्रमा तक ले जाएगा। वे न तो चंद्रमा पर रुकेंगे और न ही उसकी परिक्रमा करेंगे, जैसा कि अपोलो 8 के पहले चंद्रयात्रियों ने 1968 की क्रिसमस की पूर्व संध्या पर किया था। उनका कैप्सूल चंद्रमा के पास से गुजरेगा और उससे 6,400 किलोमीटर आगे बढ़ने के बाद यू-टर्न लेकर सीधे प्रशांत महासागर में उतरेगा। इसी के साथ वे सबसे दूर तक जाने वाले इंसान बन जाएंगे।

## बैंक घोटाला मामले में विधायक को तीन साल की सजा

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली की विशेष एमपीएमएलए अदालत ने लगभग 25 वर्ष पुराने बैंक घोटाले एवं भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में मध्यप्रदेश के दतिया से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है।

अदालत ने सजा सुनाने के साथ राजेंद्र भारती और एक अन्य आरोपी को 4.50 लाख रुपये के निजी मुचलके पर 60 दिन की अपील अवधि तक अंतरिम जमानत भी दी है। आरोपियों पर बैंक से जुड़े लेनदेन में अनियमितता, फर्जी दस्तावेज तैयार कर आर्थिक लाभ लेने और आपराधिक साजिश रचने के आरोप थे। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष के साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने आरोप सिद्ध मानते हुए भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 467, 468, 471, 409 एवं 120-बी के तहत दोषसिद्धि दर्ज की।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** आज कारोबार में बड़ी साझेदारी हो सकती है। धन लाभ संभव। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारी। चित्रा नक्षत्र सृजनात्मकता बढ़ाएगा।

**वृष** आज उधार दिया धन वापस मिलने का संभावना है। पारिवारिक सुख मिलेगा। मंगल गोचर से यात्रा लाभदायक है। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**मिथुन** आज बौद्धिक कार्य सफल। गुरु की दृष्टि से शिक्षा-प्रतियोगिता में विजय मिलेगी। व्यापार में नई योजनाएं लागू करेंगे।

**कर्क** आज रिश्तों में भावनात्मक स्थिरता रहेगी। चंद्र कन्या से वित्तीय योजना शुभ होगी। कार्यक्षेत्र पर अधिकारियों का सहयोग मिलेगा।

**सिंह** आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। शुक्र प्रभाव से सौंदर्य-वस्त्र खरीदना उत्तम रहेगा। बेरोजगारों को जॉब मिल सकती है।

**कन्या** आज व्यापार विस्तार का योग है। चंद्र स्वराशि सर्वत्र विजय। सरकारी कार्यों में धीमापन रहेगा। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

**तुला** आज संचार माध्यमों से लाभ होगा। व्याघात योग सावधानी बरतें। अपने लक्ष्यों को लेकर अत्यधिक भावुक हो सकते हैं।

**वृश्चिक** आज कर्मफल सिद्धि। शनि दृष्टि से पुराने विवाद समाप्त होंगे। बच्चों की समस्याओं पर आपको ध्यान देना चाहिए।

**धनु** आज आप धार्मिक यात्रा करेंगे। गुरु स्वगृही ज्ञानार्जन शुभ होगा। आपके ऊपर नई जिम्मेदारियां आ सकती हैं।


**मकर** आज स्थिरता रहेगी। मीन भाव ग्रहों से भावनात्मक संतुलन आवश्यक। सहकर्मियों के साथ अपने संबंध मधुर रखें।

**कुंभ** आज मीडिया से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। व्यापारिक निर्णय सफल होंगे। सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मीन** आज मंगल-शनि-सूर्य स्वराशि चरम ऊर्जा रहेगी। नवीन उद्यम प्रारंभ करना शुभ रहेगा। व्यर्थ की बातों में समय बर्बाद न करें।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय




**आज की ग्रह स्थिति :** 3 अप्रैल, शुक्रवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा 08.42 तक तत्पश्चात द्वितीया।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत। **चन्द्रबल**- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन। **ताराबल**-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। **नक्षत्र**-चित्रा 19.25 तक तत्पश्चात स्वाती।

### सुडोकू - 107 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 1 | 6 | 8 | 5 | 3 | 7 | 2 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 8 | 6 |
| 1 | 6 | 7 | 8 | 2 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 1 | 6 | 2 | 7 |
| 2 | 3 | 5 | 7 | 6 | 9 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 7 | 9 | 5 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 8 | 1 | 3 | 4 | 7 | 2 | 5 | 6 | 9 |
| 5 | 2 | 4 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 | 8 |

### सुडोकू -108

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | 7 | | | | 1 | |
| 8 | | | | 4 | | | 2 | |
| 9 | | 5 | | | | 3 | | 6 |
| | 3 | | | 9 | 5 | | 8 | |
| 6 | | | 3 | | | | | 7 |
| | 4 | | 8 | 1 | | | 5 | |
| 3 | | 2 | | | | 5 | | 1 |
| | 8 | | | 3 | | | | 4 |
| | 1 | | | | 6 | 9 | | |

## अमेरिका के नेब्रास्का राज्य ने दी दीपावली उत्सव को मान्यता

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के नेब्रास्का राज्य की विधायिका ने दीपावली उत्सव को मान्यता देने का प्रस्ताव पारित किया है, जिसे सिएटल स्थित भारतीय मिशन ने राज्य के हिंदू समुदाय के लिए एक 'ऐतिहासिक' कदम बताया है। यह प्रस्ताव राज्य सीनेटर जॉन फ्रेडरिकसन ने प्रायोजित किया था और 31 मार्च को स्पीकर जॉन आर्च ने इस पर हस्ताक्षर किए। सिएटल स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने कहा कि इस प्रस्ताव को अपनाना अमेरिका के भारतीय प्रवासी समुदाय के लिए एक ऐतिहासिक घटना है।

**नाता प्रथा** | राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने आरटीआई आवेदन पर महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को दिए निर्देश

# स्टांप पेपर पर लड़कियों को बेचने की रिपोर्ट सार्वजनिक करें

नई दिल्ली, एजेंसी

लड़कियों को शादी के नाम पर स्टांप पेपर या अनौपचारिक समझौतों के माध्यम से बेचे जाने वाली नाता प्रथा एक बार फिर जांच के दायरे में है। केंद्रीय सूचना आयोग ने महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को सौंपी गई कार्रवाई रिपोर्ट को सार्वजनिक करने का निर्देश दिया है।

सूचना आयुक्त पीआर रमेश ने हाल ही में जारी एक आदेश में कहा कि मंत्रालय को सूचना के अधिकार (आरटीआई) अनुरोध पर पुनर्विचार करना चाहिए और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के साथ साझा की गई कार्रवाई रिपोर्ट को उपलब्ध कराना चाहिए, हालांकि छूट प्राप्त हिस्सों को हटा दिया जाए। इसके साथ केंद्रीय सूचना आयोग ने अपीलकर्ता की ओर से मांगी गई अन्य जानकारी को अस्वीकार करने के फैसले को बरकरार रखा। आरटीआई आवेदन में मंत्रालय, राष्ट्रीय सूचना आयोग और राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश व गुजरात राज्यों के बीच हुए पत्राचार की प्रतियां तथा कार्रवाई रिपोर्ट जारी करने का अनुरोध किया गया था।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने छह जून, 2024 को जारी एक बयान में इस प्रथा को गंभीर बताते हुए इसे सामाजिक बुराई करार दिया था। आयोग ने कहा था, वह नाता प्रथा को गंभीर मानता है, जिसके तहत कुछ समुदायों में लड़कियों को शादी के नाम पर स्टांप पेपर पर या किसी अन्य तरीके से बेचा जाता है। राजस्थान के कुछ हिस्सों और मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश व गुजरात के आसपास के इलाकों में इस प्रथा की कोई कानूनी मान्यता नहीं है। आयोग ने इस प्रथा को अनैतिक व दुराचारी बताते हुए इसके उन्मूलन की मांग की थी।



### पिता ने ढाई लाख में बेचा, पूरे पैसे नहीं मिले तो वापस लाकर कर दी दूसरी शादी, लड़की ने कर ली आत्महत्या

मानवाधिकार आयोग ने राजस्थान में एक नाबालिग लड़की के पिता की ओर से नाता प्रथा के तहत ग्रामीणों की उपस्थिति में परिवारों के बीच हुए समझौते के माध्यम से 2.5 लाख रुपये में उसकी शादी कराने के मामले का हवाला दिया। शुरू में 60,000 रुपये का भुगतान किया गया था लेकिन शेष राशि नहीं चुकाई गई, जिसके बाद पिता लड़की को वापस ले आया और 32,000 रुपये में उसका नाता दूसरे आदमी से कर दिया। लड़की ने इस व्यवस्था का विरोध किया और पहले वाले आदमी के साथ रहने के लिए लौट गई। बाद में उसने अपने पिता की ओर से उत्पीड़न का आरोप लगाया और जून 2020 में आत्महत्या कर ली।



"आईपीएल का यह सत्र मोहम्मद शमी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और जिस तरह से उन्होंने दिल्ली के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करके टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत की उससे पता चलता है कि वह पूरी तरह से तैयार हैं।
–चेतेश्वर पुजारा

# स्टेडियम

बरेली, शुक्रवार, 3 अप्रैल 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com

IPL 2026

## आज का मुकाबला

चेन्नई सुपर किंग्स
बनाम
पंजाब किंग्स

समय - शाम 7:30 बजे

## हाईलाइट

### फीफा ने विश्व कप फाइनल के टिकटों की कीमत बढ़ाई

**ज्यूरिख।** फीफा ने 11 जून से अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट की 48 टीमों के तय हो जाने के बाद फाइनल के लिए टिकट की अधिकतम कीमत बढ़ाकर 10,990 अमेरिकी डॉलर कर दी है। दिसंबर में टूर्नामेंट के ड्रॉ के बाद जब फीफा ने टिकट बेचे थे तब श्रेणी एक के टिकट की कीमत 8,680 डॉलर थी। न्यू जर्सी के ईस्ट रदरफोर्ड स्थित मेटलाइफ स्टेडियम में 19 जुलाई को होने वाले फाइनल मैच के लिए फीफा के श्रेणी दो के टिकटों की कीमत 7,380 डॉलर कर दी गई है, जो पहले 5,575 डॉलर थी। इसी तरह से श्रेणी तीन के टिकटों की कीमत 5,785 डॉलर कर दी गई है जो पहले की कीमत से 4,185 डॉलर अधिक है।बुधवार रात तक ग्रुप चरण के 72 मैचों में से 17 मैचों के टिकट बिक्री के लिए उपलब्ध थे, जबकि नॉकआउट चरण के किसी भी मैच के टिकट बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं थे।

### इटली के फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष का इस्तीफा

**रोम।** इटली के लगातार तीसरी बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के दो दिन बाद देश के फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष गैब्रिएल ग्रेविना ने बृहस्पतिवार को राजनीतिक दबाव के बीच इस्तीफा दे दिया। ग्रेविना के इस फैसले के बाद संभवत: इटली के कोच गेनारो गट्टूसो को भी पद से हटाया जा सकता है। विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में लगातार दो बार विफल रहने के बाद खेल मंत्री एंड्रिया अबोदी ने ग्रेविना के नेतृत्व वाले इटली के फुटबॉल महासंघ में बदलाव की मांग की थी। क्वालीफाइंग प्लेऑफ में मंगलवार को बोस्निया एवं हर्जेगोविना से पेनल्टी शूटआउट में हार के बाद उत्तरी अमेरिका में होने वाले इस साल के टूर्नामेंट में इटली के पहुँचने की उम्मीदें खत्म हो गईं।

### अब्दुरहीमान बोले- अर्जेंटीना की टीम ने दिया धोखा

**मलप्पुरम (केरल)।** केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमान ने गुरुवार को कहा कि अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम ने पैसे लेने के बावजूद यहां मैच खेलने के लिए नहीं आकर राज्य को धोखा दिया। अब्दुरहीमान ने कहा कि वह वास्तव में चाहते थे कि अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम और लियोनेल मेसी केरल आएं और राज्य में एक मैच खेलें। उन्होंने यहां एक टीवी चैनल से कहा इसके लिए मैंने कई बार बातचीत की थी। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टीम को देने के लिए 250 करोड़ रुपये की धनराशि जुटाने के लिए प्रायोजक ढूंढना आसान काम नहीं था। अब्दुरहीमान ने कहा लेकिन पैसे मिलने के बावजूद अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम ने हमें धोखा दिया।

# हैदराबाद की जीत का सूरज चमका कोलकाता फिर हो गया परास्त

## आईपीएल-2026 : सनराइजर्स ने सत्र का सर्वोच्च स्कोर ठोक 65 रनों से विजय हासिल की



विस्फोटक पारी के दौरान शॉट लगाते अभिषेक शर्मा। एजेंसी

**कोलकाता, एजेंसी**

हेनरिच क्लासेन (52) के जुझारू अर्धशतक और नीतिश कुमार रेड्डी (दो विकेट और 39 रन) के हरफनमौला खेल के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में बृहस्पतिवार को यहाँ कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 65 रन से हराकर मौजूदा सत्र में जीत का खाता खोला।

सनराइजर्स ने आठ विकेट पर 226 रन बनाने के बाद जयदेव उनादकट (21 रन पर तीन विकेट), इशान मलिंगा (14 रन पर दो विकेट) और 'प्लेयर ऑफ द मैच' रेड्डी (17 रन पर दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी से केकेआर की पारी को 16 ओवर में 161 रन पर समेट दिया। केकेआर की यह दो मैचों में दूसरी हार है। केकेआर के लिए अंगकृष रघुवंशी ने 29 गेंदों में 52 रन बनाए, जबकि रिंकू सिंह ने 25 गेंदों में 35 रन का योगदान दिया। फिन ऐलन ने सात गेंदों में 28 रन बनाए, लेकिन उनकी तेज पारी का फायदा उठाने में टीम नाकाम रही। क्लासेन ने 35 गेंदों में 52 रन बनाने के अलावा रेड्डी (24 गेंदों में 39 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए 53 गेंदों में 82 रन की साझेदारी कर पारी को संवारा। इससे पहले ट्रैविस हेड ने 21 गेंदों पर 46 रन की विस्फोटक पारी खेलकर लय में वापसी की, जबकि अभिषेक शर्मा ने 21 गेंदों में 48 रन ठोके। दोनों ने पहले विकेट के लिए 34 गेंदों में 82 रन की शानदार साझेदारी कर टीम को तेज शुरुआत दिलाई। केकेआर के लिए ब्लेसिंग मुजरबानी ने चार, वैभव अरोड़ा ने दो विकेट लिए।


लक्ष्य का पीछा करते हुए ऐलन ने शुरुआती ओवर में डेविड पेन के खिलाफ तीन चौकों और दो छक्कों के साथ शानदार शुरुआत दिलाई। दूसरे ओवर में गेंदबाजी के लिए आए हर्ष दुबे ने अपनी ही गेंद पर कैच लपककर ऐलन की सात गेंदों में 28 रन की पारी का अंत किया। क्रीज पर आए अंगकृष रघुवंशी ने अभिषेक शर्मा के खिलाफ दो छक्के और जयदेव उनादकट के खिलाफ दो चौके जड़कर आक्रामक तेवर दिखाए, लेकिन दूसरे छोर पर कप्तान अजिंक्य रहाणे संघर्ष करते नजर आए। वह उनादकट की गेंद पर इशान मलिंगा को कैच दे बैठे। कैमरन ग्रीन (दो) भी रघुवंशी के साथ तालमेल की कमी के कारण रन आउट हो गए, जिससे पावरप्ले में टीम का स्कोर तीन विकेट पर 74 रन हो गया। रघुवंशी ने 10वें ओवर में एक रन लेकर 27 गेंदों में लगातार दूसरा अर्धशतक पूरा किया। रिंकू सिंह ने इसके बाद आक्रामक रुख अपनाते हुए चौके जड़े, लेकिन रघुवंशी अपनी पारी को बड़े स्कोर में नहीं बदल सके और रन आउट हो गए।



जीत दर्ज करने के बाद जश्न मनाते सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाड़ी। एजेंसी

### ऑरेंज कैप






ईशान किशन
हैदराबाद 94 रन
रियन रिकलटन
मुंबई 81 रन
रोहित शर्मा
मुंबई 78 रन

### पर्पल कैप



जयदेव उनादकट
हैदराबाद 4 विकेट
ब्लेसिंग मुजरबानी
केकेआर 4 विकेट
जैकब डफी
आरसीबी 3 विकेट



**200** वां आईपीएल मैच कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने खेला, यह उपलब्धि को हासिल करने वाले वो 11वें खिलाड़ी बन गए

**82** रनों की पहले विकेट के लिए शानदार साझेदारी महज 34 गेंदों में ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा ने की

### सनराइजर्स हैदराबाद

**226/8** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| ट्रैविस हेड का ग्रीन बो त्यागी | 46 |
| अभिषेक का चक्रवर्ती बो मुजरबानी | 48 |
| ईशान किशन का रिंकू बो मुजरबानी | 14 |
| क्लासेन का रमनदीप बो मुजरबानी | 52 |
| अनिकेत वर्मा का रिंकू बो अनुकूल | 01 |
| नीतिश कुमार का चक्रवर्ती बो वैभव | 39 |
| सलील अरोड़ा बो वैभव | 00 |
| हर्ष दुबे नाबाद | 09 |
| शिवांग कुमार का रहाणे बो मुजरबानी | 04 |

**गेंदबाजी :** वैभव 4-0-47-2, मुजरबानी 4-0-41-4, नारायण 4-0-39-0, चक्रवर्ती 2-0-31-0, त्यागी 4-0-48-1, अनुकूल 2-0-16-1

### कोलकाता नाइट राइडर्स

**161/10** (16 ओवर)

| | |
|---|---|
| फिन ऐलन का एवं बो हर्ष | 28 |
| रहाणे का मलिंगा बो उनादकट | 08 |
| अंगकृष रघुवंशी रन आउट | 52 |
| कैमरुन ग्रीन रन आउट | 02 |
| रिंकू सिंह का उनादकट बो रेड्डी | 35 |
| अनुकूल रॉय का एवं बो रेड्डी | 00 |
| रमनदीप सिंह का उनादकट बो मलिंगा | 10 |
| सुनील नारायण का अनिकेत बो मलिंगा | 12 |
| कार्तिक का किशन बो उनादकट | 01 |
| वैभव अरोड़ा नाबाद | 00 |
| वरुण चक्रवर्ती बो उनादकट | 08 |

गेंदबाजी :पेन 2-0-35-0, दुबे 2-0-17-1, अभिषेक 1-0-15-0, उनादकट 3-0-21-3, मलिंगा 2-0-14-0, शिवांग 4-0-41-0, रेड्डी 2-0-17-2

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान रॉयल्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 4.171 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 2.907 |
| 3. | दिल्ली कैपिटल्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 1.397 |
| 4. | मुंबई इंडियंस | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0.687 |
| 5. | पंजाब किंग्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0.509 |
| 6. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | 0.469 |
| 7. | गुजरात टाइटंस | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -0.509 |
| 8. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -1.397 |
| 9. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -1.964 |
| 10. | चेन्नई सुपर किंग्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -4.171 |

# पंजाब के खिलाफ लय हासिल करने उतरेगा चेन्नई

**चेन्नई, एजेंसी**

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए अपना घरेलू मैदान मजबूत गढ़ रहा है, लेकिन पंजाब किंग्स के खिलाफ शुक्रवार को यहां होने वाले आईपीएल के मैच में जीत हासिल करने के लिए उसे खेल के प्रत्येक विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। सीएसके की राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले मैच में शुरुआत निराशाजनक रही थी। युवा खिलाड़ियों से भरी उसकी टीम गुवाहाटी में किसी भी विभाग में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई और उसे करारी हार का सामना करना पड़ा। सीएसके अब उस हार को भुलाकर नए सिरे से अपना अभियान शुरू करने की कोशिश करेगा।

हाल ही में हुए टी20 विश्व कप के दौरान चेन्नई की पिच के व्यवहार को को देखते हुए यह बल्लेबाजी के लिए अच्छा विकेट होना चाहिए। सीएसके के स्टार खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी गुवाहाटी नहीं गए थे क्योंकि वह पिंडली की चोट से उबर रहे हैं। उनका हालांकि पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान डगआउट में रहने की संभावना है जिससे कप्तान रुतुराज गायकवाड़ को काफी फायदा मिलेगा। संजू सैमसन सीएसके के लिए अपने पहले मैच में खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए थे और वह इसकी भरपाई करने के लिए बेताब होंगे।

सीएसके को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में डेवाल्ड ब्रेविस की सेवाएं नहीं मिल पाई थी और अभी यह स्पष्ट नहीं है कि वह साइड स्ट्रेन से पूरी तरह उबर चुके हैं या नहीं। शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के नहीं चल पाने के कारण सरफराज खान को इंपैक्ट प्लेयर के रूप में मैदान पर उतारा गया लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए हालांकि वह सहज नजर आ रहे थे। टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ-साथ कार्तिक शर्मा जैसे युवा खिलाड़ियों से और अधिक उम्मीदें की जाएंगी। गेंदबाजी की बात करें तो वैभव सूर्यवंशी की आक्रामक बल्लेबाजी के आगे मैट हेनरी और नूर अहमद जैसे गेंदबाज फीके पड़ गए। वे इससे उबरने के लिए बेताब होंगे। जहां तक पंजाब किंग्स का सवाल है तो उसने कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरने के बाद गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत हासिल की। उसे ऑस्ट्रेलिया के कूपर कॉनॉली के रूप में तीसरे नंबर का भरोसेमंद बल्लेबाज मिल गया है। उन्होंने पिछले मैच में टीम को खराब शुरुआत से उबारकर जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। पंजाब किंग्स की गेंदबाजी भी मजबूत नजर आ रही है।

### टीम

**पंजाब किंग्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, हरनूर सिंह, मिचेल ओवेन, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को यानसन, मार्कस स्टोइनिस, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, लॉकी फर्ग्यूसन, हरप्रीत बराड़, विजयकुमार वैशाक, यश ठाकुर, कूपर कोनोली, बेन द्वारशुइस, मुशीर खान, प्रवीण दुबे, विशाल निशाद, सूर्यांश शेडगे, प्रभसिमरन सिंह, पाइला अविनाश, शशांक सिंह।

**चेन्नई सुपर किंग्स :** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, एमएस धोनी, उर्विल पटेल, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रामकृष्ण घोष, श्रेयस गोपाल, जेमी ओवरटन, खलील अहमद, अंशुल कंबोज, गुरजापनीत सिंह, मुकेश चौधरी, नूर अहमद, अकील होसेन, प्रशांत वीर, मैथ्यू शॉर्ट, अमन खान, मैट हेनरी, राहुल चाहर, जकारी फॉल्क्स, स्पेंसर जॉनसन, कार्तिक शर्मा, सरफराज खान, आयुष म्हात्रे।



अभ्यास सत्र के दौरान चेन्नई सुपर किंग्स के एमएस धोनी। एजेंसी

# हर क्रिकेटर को बचपन से ही गोल्फ खेलना शुरू कर देना चाहिए: युवराज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विश्व कप विजेता पूर्व भारतीय हरफनमौला युवराज सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि क्रिकेटरों को अपने मुख्य पेशे के तनाव से निपटने के लिए कम उम्र से ही गोल्फ खेलना शुरू कर देना चाहिए। युवराज क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद शौकिया तौर पर गोल्फ खेलते हैं। उन्हें दूसरे 'इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल)' का ब्रांड दूत बनाया गया है।

युवराज ने आईजीपीएल की 10 फ्रेंचाइजी के अनावरण के मौके पर कहा क्रिकेटरों को क्रिकेट के साथ-साथ गोल्फ भी खेलना चाहिए। मुझे भी पहले गोल्फ खेलना चाहिए था, जिससे मुझे क्रिकेट में मदद मिलती। गोल्फ वास्तव में आपको तनाव से मुक्ति दिलाता है। आईजीपीएल का कार्यक्रम अभी तय होना बाकी है।

उन्होंने कहा ज्यादातर विदेशी क्रिकेटर, खासकर ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी बचपन से ही गोल्फ खेलते हैं। युवराज ने कहा कि गोल्फ को एक विशिष्ट खेल माना जाता है, लेकिन यह एक ऐसा खेल है जो सार्वजनिक गोल्फ कोर्स के माध्यम से सभी के लिए सुलभ है। उन्होंने कहा हम गोल्फ को एक विशिष्ट खेल मानते हैं, लेकिन हम चाहते हैं कि भारत का हर बच्चा गोल्फ खेले। हम गोल्फ को स्कूलों तक पहुँचाने की कोशिश कर रहे हैं। मेरा मानना है कि हर बच्चे को हर खेल को आजमाना चाहिए। युवराज ने कहा मैं जानता हूं कि क्रिकेट हमारा सबसे लोकप्रिय खेल है, लेकिन गोल्फ भी एक रोमांचक खेल है, जिसे हर किसी को आजमाना चाहिए। भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके खिलाड़ी के तौर पर, मैं अन्य खेलों में भी योगदान देना चाहता हूं। उन्होंने कहा यह लीग (आईजीपीएल) खेल को रोमांचक बनाएगी और खेल के बारे में जागरूकता फैलाएगी।



न्यूयॉर्क में फ्रेंचाइजी लाइन-अप के अनावरण के दौरान इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग के को-फाउंडर और ब्रांड एंबेसडर युवराज सिंह (दाएं से दूसरे), पूर्व टेनिस खिलाड़ी और फ्रेंचाइजी के मालिक लिएंडर पेस (बाएं से दूसरे)। एजेंसी

# चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने से मुझे आत्मविश्वास मिला : रिजवी

**लखनऊ, एजेंसी**

दिल्ली कैपिटल्स के युवा बल्लेबाज समीर रिजवी ने चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने के मौके का पूरा फायदा उठाया और अब उनका ध्यान इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने पर है। रिजवी ने अपने कौशल का शानदार नमूना पेश करते हुए दिल्ली कैपिटल्स को लखनऊ सुपर जायंट्स पर छह विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। वह 'इम्पैक्ट प्लेयर' के रूप में बल्लेबाजी करने के लिए उतरे थे।

दिल्ली की टीम ने 142 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चार विकेट 26 रन पर गंवा दिए थे। इसके बाद रिजवी ने जिम्मेदारी संभाली और 47 गेंद पर नाबाद 70 रन बनाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स (32 गेंदों पर नाबाद 39 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए 119 रन की अटूट साझेदारी की।

रिजवी ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा कोच ने मुझे पहले ही बता दिया था कि तुम नंबर चार पर खेलोगे और हम तुम्हारा साथ देंगे। बस अपना स्वाभाविक, सकारात्मक खेल खेलो।उन्होंने कहा जब भी मैं उत्तर प्रदेश के लिए या यूपीटी20 लीग में खेलता हूं तो चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करता हूं। अगर आपको आईपीएल में भी उसी नंबर पर बल्लेबाजी करने का मौका मिले तो इससे काफी आत्मविश्वास मिलता है। यह मेरे लिए एक बड़ा अवसर है और कोच भी मुझे अपना स्वाभाविक खेल खेलने की आजादी दे रहे हैं। इसलिए मैं इन अवसरों को भुनाने के लिए पूरी तरह से तैयार हूं। रिजवी ने कहा मैंने अभी तक आईपीएल में ज्यादा मैच नहीं खेले हैं लेकिन मैं अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने की कोशिश करूंगा और इस पारी को भूलकर अगले मैच पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करूंगा। आईपीएल में रिजवी का यह लगातार दूसरा अर्धशतक था।



आलोचना

इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान की बल्लेबाजी पर उठाए सवाल

# क्या ऋषभ पंत वास्तव में सलामी बल्लेबाज हैं : पीटरसन



**मुंबई, एजेंसी**

इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज केविन पीटरसन ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान ऋषभ पंत की शीर्ष क्रम के बल्लेबाज के रूप में योग्यता पर सवाल उठाते हुए कहा है कि शीर्ष तीन में खेलने से यह भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज अपने खेल का आनंद लेने के बजाय खुद पर दबाव बना रहा है।

पंत दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल मैच में सलामी बल्लेबाज के रूप में खेलने के लिए उतरे और केवल सात रन बनाकर रन आउट हो गए। दिल्ली ने यह मैच छह विकेट से जीता। लखनऊ की हार के बाद पंत ने कहा था कि वह इस सत्र में शीर्ष क्रम में खेलने की योजना बना रहे हैं लेकिन पीटरसन ने कहा कि इससे वह अपने खेल का आनंद नहीं ले पाएंगे। पीटरसन ने जिओ हॉटस्टार से कहा जब आप लखनऊ की टीम की बल्लेबाजी की ताकत और गहराई को देखते हैं तो तब सवाल उठता है कि क्या ऋषभ पंत वास्तव में सलामी बल्लेबाज हैं। मुझे लगता है कि पिछले साल की तुलना में उन्हें इस साल बल्लेबाजी क्रम में कुछ ज्यादा ही ऊपर भेज दिया गया है। इंग्लैंड के कप्तान ने कहा पिछले साल उन्होंने बल्लेबाजी क्रम में नीचे खेलने का फैसला किया और अब वह अचानक से कह रहे हैं कि ''मैं शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करूंगा। मुझे लगता है कि उन्हें बस मैदान पर जाकर अपने खेल का आनंद लेना चाहिए। पीटरसन ने कहा कि पंत बल्लेबाजी क्रम में ऊपर आकर खुद पर और अधिक दबाव डाल रहे हैं। उन्होंने कहा खुद को नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने के लिए मजबूर मत करो, उस स्थिति का आनंद लो। मुझे लगता है कि पंत सलामी बल्लेबाज के रूप में उतरकर खुद पर दबाव डाल रहे हैं। पिछले सत्र तक दिल्ली कैपिटल्स के कोचिंग स्टाफ का सदस्य रहे पीटरसन ने समीर रिजवी की जमकर तारीफ की जिन्होंने नाबाद अर्धशतक लगाकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। पीटरसन ने कहा उन्होंने स्थिति का बखूबी सामना किया और मुझे इससे किसी तरह की हैरानी नहीं हुई।



### शमी की वापसी के लिए यह तो बस शुरुआत है : पुजारा

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने लखनऊ सुपर जायंट्स की तरफ से दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल मैच में अच्छी गेंदबाजी करने वाले मोहम्मद शमी की तारीफ करते हुए कहा कि इस तेज गेंदबाज की वापसी की राह में यह तो बस शुरुआत है। भारतीय टीम से बाहर चल रहे शमी को लखनऊ ने 10 करोड रुपए में खरीदा। शमी ने लखनऊ की तरफ से पदार्पण करते हुए अपनी पहली गेंद पर ही केएल राहुल को आउट कर दिया था और इस तरह से वह आईपीएल इतिहास में पांच बार पहली गेंद पर विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं।